

14:10:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 281 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

मितं भुंक्ते संविभज्याश्रितेभ्यो मितं स्वापित्यमितं कर्म कृत्वा।

ददात्यमित्रेष्वपि याचितः सस्तमात्मवन्तं प्रजहत्यनर्थाः॥

भावार्थ : अपने आश्रितों में बांटने के बाद जो स्वयं भोजन करता है, अधिक मेहनत करने पर भी कम सोता है, मांगने पर शत्रु को भी धन देता है। ऐसे विचारशील व्यक्ति का कभी अनर्थ/ अशुभ नहीं होता।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .24 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .45 बजे

## मरियम नवाज के बेटे का तलाक

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) उपाध्यक्ष एवं पाटी की मुख्य संयोजक मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर ने अपनी बीवी आयशा से तलाक की पुष्टि की है। सफदर ने इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में कहा, मेरे तलाक की खबरें सच है। मैंने और आयशा ने निकाह के दो साल से अधिक समय बाद तलाक ले लिया है।यह पूरी तरह से निजी मामला है और मैं मीडिया से हमारी गोपनीयता का सम्मान करने का अनुरोध करता हूं। मुझे उम्मीद है कि इस फैसले से हमें शाअल्लाह में शांति मिलेगी। मैं इस मामले पर आगे कुछ नहीं बोलूंगा। मैं उनके (आयशा) अच्छे होने की कामना करता हूं। सफदर ने बाद में इंस्टाग्राम पर आयशा के साथ अपनी सभी तस्वीरें हटा दीं। पाकिस्तान में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के पूर्व प्रमुख एवं कतर के बहु-करोड़पति व्यवसायी सैफ उर रहमान खान की बेटी आयशा और सफदर ने अगस्त 2021 में निकाह किया था। उनके निकाह का समारोह लंदन में हुआ था ।

## मंगोलिया के प्रधानमंत्री ने राजधानी का नया मेयर किया नियुक्त

**उलानबटोर:** मंगोलिया के प्रधानमंत्री लवसनमस्रेन ओयुन-एर्डीन ने उलानबटार के नए मेयर के रूप में खिश्गी न्याम्बातर की नियुक्ति की पुष्टि की है। सरकार के प्रेस कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री न्याम्बातर ने अपनी नियुक्ति से पहले मंगोलिया के न्याय और आंतरिक मामलों के मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। श्री न्याम्बातर को श्री डोलगोरसुरेन सुमियाबाज़ार की जगह नियुक्ति किया गया है। श्री सुमियाबाज़ा ने हाल ही में उलानबटोर में सार्वजनिक परिवहन बेड़े के सुधार से जुड़े एक घोटाले के कारण अपना इस्तीफा दे दिया है, जिसमें सार्वजनिक धन के गबन का आरोप भी शामिल है।

## भाजपा विधायक ने पार्टी छोड़ी

**सतना:** मध्यप्रदेश के सतना जिले के मैहर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक नारायण त्रिपाठी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से आज त्यागपत्र सौंप दिया। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र संबंधी पत्र भी विधानसभा सचिवालय को भेज दिया है। भाजपा की सतना जिला इकाई ने श्री त्रिपाठी के पार्टी से त्यागपत्र देने की पुष्टि की है। श्री त्रिपाठी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को लिखे पत्र में कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देते हैं और इसे स्वीकार किया जाए। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा कि वे मौजूदा पंद्रहवीं विधानसभा से त्यागपत्र दे रहे हैं और इसे मंजूर किया जाए। श्री त्रिपाठी विंध्य अंचल की मैहर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। माना जा रहा है कि वे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किसी अन्य दल का दामन थाम सकते हैं।

## इजरायल से 212 भारतीय दिल्ली पहुंचे

**नयी दिल्ली:** फिलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास और इजराइल के बीच युद्ध जारी है। इजरायल छोड़ने के इच्छुक 212 भारतीयों को लेकर एक पहली चार्टर उड़ान गुरुवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे से रवाना हुआ और शुक्रवार सुबह दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरा। केन्द्र सरकार द्वारा ऑपरेशन अजय के तहत विशेष विमान से आज सुबह 5.50 बजे इजरायल से 212 भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया। इस समय करीब 20,000 भारतीयों के इजराइल में फंसे होने की संभावना है और भारत सरकार ने ऑपरेशन अजय के तहत उन्हें स्वदेश सुरक्षित वापस लाने की शुरुआत कर दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में गुरुवार को प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि भारत सरकार का पूरा ध्यान इजरायल फंसे भारतीयों को वापस लाने पर है। उन्होंने कहा कि वहां मौजूद भारतीय जो वापस लौटना चाहते हैं, उन्हें भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराने को कहा गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।


**श्रीरामपुर की इस पूजा में मां दुर्गा को बूढ़ी मां कहा जाता है**

# निरंतर पूजा में अब 28वीं पीढ़ी शामिल

- राजा से गुरु को मिली थी यह संपत्ति
- पहले यहां गायन प्रतियोगिता होती थी
- इतिहास में यह 418 साल पुरानी पूजा

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** यहां की पूजा में कोई भेद भाव नहीं होता। पूजा में आने वाले सभी लोग जमीन पर बैठकर पंक्ति भोजन करते हैं। अजीब बात यह है कि यहां दशमी के दिन बासी भात (चावल) का भोग लगाया जाता है। महालया के बाद पूजा शुरू हो जाती है। या तो कुमारी पूजा। श्रीरामपुर की बूढ़ी दुर्गा पूजा आज भी प्राचीन परंपरा के अनुसार होती आ रही है। कहा जाता है कि बर्दवान के पातुली के राम गोविंदा गोस्वामी ने पूजा की शुरूआत की। उनकी 28वीं



पीढ़ी वर्तमान में उस पूजा की जिम्मेदारी संभालते हैं। ऐसा कहा जाता है कि राम गोविंदा अपनी पत्नी मनोरमा देवी के साथ पाटुली से शेउड़ाफुली के शाही महल तक एक नाव से गए थे। वहां के राजा वासुदेव राय, राम गोविंदा के शिष्य थे। मनोरमा देवी ने गंगा में नाव पर ही बच्चे को जन्म दिया। गुरु का पुत्र होने के नाते शिष्य कुछ दान करना चाहता है। लेकिन शास्त्रों के अनुसार गुरु किसी ब्राह्मण से दान नहीं ले सकता। अतः राम गोविंदा को एक कड़ी (प्राचीन काल की मुद्रा) के बदले श्रीरामपुर की संपत्ति मिल गई। बाद में शेउड़ाफुली के राजा ने वह संपत्ति अपने बेटे राधाकांत को दे दी। कहा जाता है कि एक बार पूजा के दिन वहां पर एक बूढ़ी औरत आई। उन्होंने ही सबसे पहले बूढ़ी मां के बारे में बताया था। तब से गोस्वामी के घर की पूजा को बूढ़ी मां दुर्गा के नाम से जाना जाने लगा। देवी पुराण विधि से इस गोस्वामी घर की यह पूजा 418 वर्ष पुरानी है। इस पूजा में जो प्राचीन परंपरा चली आ रही है, उसे ही कायम रखा है। इस घर में बूढ़ी मां दुर्गा को घर की बेटी के रूप में पूजा जाता है। घर के पास से गंगा बहती है। हालांकि, प्राचीन परंपरा के अनुसार नव

›› पेज 2 भी देखें

**उद्घाटन** बंटी हुई दुनिया नहीं कर सकती बड़ी वैश्विक चुनौतियों का समाधान

# आतंकवाद पर पूरी दुनिया की सोच एक हो : मोदी

- युद्ध किसी के भी हित में नहीं होते हैं
- दुनिया में आतंकवाद फैलता जा रहा है
- भारत की विविधता ही उसकी ताकत है

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जी 20 देशों के संसद अध्यक्षों से कहा कि संकटों और टकरावों से जूझ रहे विश्व के सामने आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौतियां हैं जिनका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं कर सकती, इसीलिए यह मिलकर साथ चलने और व्यापक भागीदारी से निर्णय लेने का समय है। श्री मोदी ने आज यहां यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों के नौवें पी 20 सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए इजरायल तथा फलस्तीन के बीच जारी भीषण संघर्ष तथा रूस एवं यूक्रेन टकराव के परिप्रेक्ष्य में कहा, दुनिया के अलग-अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष और टकराव से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधारों की वकालत करते हुए कहा, यह संकटों से भरी दुनिया किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौतियां हैं, उनका समाधान एक बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक विश्वास के संकट को दूर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा, हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना से देखना होगा। दुनिया से जुड़े फैसले लेने में भागीदारी जितनी अधिक होगी, उतना ही बड़ा इम्पैक्ट होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दशकों से सीमा पार आतंकवाद का सामना कर रहा है और इसमें भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला भी शामिल है। उन्होंने कहा, भारत ऐसी अनेक आतंकी वारदातों से निपटते हुए आज यहां पहुंचा है। अब दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि

›› पेज 2 भी देखें




**जी 20 एफएमसीबीजी की चौथी और अंतिम बैठक संपन्न**

**माराकेच (मोरक्को) :** भारत की अध्यक्षता में जी 20 के तहत जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों ( जी 20 एफएमसीबीजी) की चौथी और अंतिम बैठक आज यहां संपन्न हो गयी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान ही यहां इसका आयोजन किया गया था। इस बैठक में जी 20 एफएमसीबीजी ने बहुस्तरीय विकास बैंक (एमडीबी) को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया। इस बैठक में क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर जी 20 रोडमैप भी अपनाने की घोषणा की गयी।

विदेशी निवेश में वर्जिन द्वीप समूह की कंपनी पर शक की सूई

# अडाणी मामले में नये खुलासा से सनसनी



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट जल्द ही अडाणी के खिलाफ कथित धोखाधड़ी की बाजार नियामक सेबी की जांच की प्रगति पर सुनवाई करेगा। इससे ठीक पहले, सूत्रों ने कहा, सेबी ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह में एक निवेश कोष के साथ उनके संबंधों की जांच कर रहा है। कई संबंधित स्त्रोतों से पहली बार सामने आई इस जानकारी ने अडाणी के खिलाफ देशवासियों के एक वर्ग के गुस्से को और भड़का दिया है। हालाँकि, गौतम अडाणी के समूह ने दावा किया है कि कुछ विदेशी मीडिया कंपनी को नुकसान पहुँचाने और शेयर की कीमत कम करके इसकी छवि खराब करने के उद्देश्य से उनके खिलाफ झूठ फैला रहे हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर मोदी सरकार की आलोचना करने में देर नहीं की।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की टिप्पणी पर बुधवार को कटाक्ष करते हुए कहा गया कि एक के बाद एक अनियमितता सामने आने के बाद औद्योगिक समूह अब अस्तित्व में रहने के लिए राष्ट्रीय ध्वज फहराने की कोशिश कर रहा है। और अमेरिकी स्टॉक रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के संस्थापक नैट एंडरसन ने एक्स पर लिखा, कि जर्मन प्रौद्योगिकी कंपनी वायरकार्ड ने अपने खिलाफ आरोपों को खारिज करते हुए विदेशी मीडिया पर हमला किया। लेकिन आखिरकार कंपनी पर धोखाधड़ी के आरोप साबित हुए। संयोग से, अडाणी के खिलाफ ओसीसीआरपी रिपोर्ट के पीछे मीडिया भी

›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर के चुराचांदपुर में सुरक्षाबलों ने चलाया संयुक्त कंबिंग ऑपरेशन

# भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

- बदमाशों के हमले में छह ग्राम स्वयंसेवक घायल
- एनयूजे व ईजीआई ने मीडिया पर हमले की निंदा की

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** हिंसाग्रस्त मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के कांगवई उपमंडल के गोथोल गांव में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त दल ने शुक्रवार को तलाशी अभियान शुरू किया। इसमें असम राइफल्स, बीएसएफ और मणिपुर पुलिस के जवान शामिल थे। इसके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में, मणिपुर में तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रित माहौल देखा गया है, जिसमें गोलीबारी और प्रदर्शनकारियों की भीड़ की छिटपुट घटनाएं देखी गई हैं। सुरक्षा बल इन चुनौतियों से निपटने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

संयुक्त सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर, काकचिंग, चुराचांदपुर और थौबल जिलों के सीमावर्ती और

›› पेज 2 भी देखें



**भाजपा की नीतियों के चलते भारत भुखमरी सूचकांक में नीचे: लालू**

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने इस वर्ष के लिए जारी ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट के हवाले से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की गरीब विरोधी नीतियों का ही नतीजा है कि भारत भुखमरी सूचकांक में पिछले दस साल में 63वें स्थान से फिसलकर 111वें पायदान पर आ गया। श्री यादव ने शुक्रवार को एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ह्लगुरुवार को जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक-2023 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स- 2023) के मुताबिक भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर है। भारत का स्कोर 28.7 प्रतिशत है, जो इसे ऐसी श्रेणी में लाता है, जहां भूख और भुखमरी की स्थिति अति गंभीर और चिंताजनक है।ह्व राजद अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2013 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 63वें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों के चलते भारत भुखमरी सूचकांक में 10 वर्षों में 63वें स्थान से फिसलकर 111वें स्थान पर आ गया है। श्री यादव ने कहा कि अब केंद्र की मोदी सरकार आदतन रिपोर्ट और सूचकांक को समझने एवं स्वीकार कर नीतियों में सुधार करने की बजाय इसे झूठा और त्रुटिपूर्ण बताएगी।

बागी विधायकों की अयोग्यता मामले में

# अध्यक्ष 17 अक्टूबर तक समय बताएं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ शुरू की गई अयोग्यता की कार्यवाही पर फैसला करने की समय-सारिणी 17 अक्टूबर तक बताएं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसला करने में देरी पर नाखुशी जाहिर करते हुए कहा,'' अयोग्यता की कार्यवाही को दिखावे तक सीमित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, 'अध्यक्ष दसवीं अनुसूची के तहत न्यायाधिकरण के रूप



में कार्य करता है और वह इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में संशोधन योग्य है। उसके समक्ष कार्यवाही को दिखावे तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। हमें विश्वास की भावना पैदा करनी होगी।' न्यायमूर्ति

›› पेज 2 भी देखें


**जानकारी** जेम्स वेब टेलीस्कोप ने खगोल विज्ञान को दिखाया नया नजारा

# दो तारों की टक्कर के बाद जबर्दस्त प्रकाश

- पहले से ही तेज चमकने लगा था
- टक्कर के बाद जबर्दस्त धूल भी उड़ी
- निरंतर वहां की स्थिति बदल रही है

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** खगोल विज्ञान को महाकाश में तारों की टक्कर होने की जानकारी पहले से थी। दरअसल उन्नत दूरबीन नहीं होने की वजह से इस बारे में जानकारी बहुत बाद में मिल पाती थी। कई बार ब्रह्मांड में इतनी दूरी पर यह टक्कर होते थे कि धरती पर स्थापित टेलीस्कोप अथवा अंतरिक्ष में



स्थापित हब्बल टेलीस्कोप भी इसे साफ साफ नहीं देख पाता था। इस बार जेम्स वेब टेलीस्कोप ने इस अड़चन को दूर कर दिया है। शोधकताओं ने बाहरी अंतरिक्ष में विशाल ग्रहों की टक्कर के बाद की पहली चमक को कैद किया है। इस किस्म का अनोखा नजारा देखने का यह पहला मौका है।

**लीडेन विश्वविद्यालय के सह-प्रमुख लेखक डॉ. मैथ्यू केनवर्थी ने कहा**

ईमानदारी से कहूं तो, यह अवलोकन मेरे लिए पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला था। जब हमने मूल रूप से इस तारे के दृश्य प्रकाश वक्र को अन्य खगोलविदों के साथ साझा किया, तो हमने इसे एक नेटवर्क के साथ देखना शुरू कर दिया। इस नेटवर्क में दूसरे दूरबीनों को भी शामिल किया गया था। सोशल मीडिया पर एक खगोलशास्त्री ने बताया कि इस किस्म के टकराव से पहले एक बफीर्ला तारा घटना से एक हजार दिन पहले इन्फ्रारेड में बहुत तेज चमकता था। मुझे तब पता था कि यह एक असामान्य घटना थी। पेशेवर और शौकिया खगोलविदों के नेटवर्क ने अगले दो वर्षों में तारे की चमक में बदलाव की निगरानी सहित तारे का गहन अध्ययन किया। दूरबीनों के नेटवर्क के आधार पर तारे का नाम एएसएएसएसएन 21 क्यू जे रखा गया, जिसने पहली बार दृश्यमान तरंग दैर्ध्य पर तारे के लुप्त होने का पता लगाया था।

नेचर में आज प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि दो बफीर्ले विशाल एक्सोप्लैनेट सूर्य जैसे तारे के चारों ओर टकरा रहे हैं, जिससे प्रकाश की

›› पेज 2 भी देखें

# नाइजीरिया में डिप्थीरिया के प्रकोप से 600 लोगों की मौत

राष्ट्रीय खबर

**कानो:** नाईजीरिया के अधिकारियों का कहना है कि दिसंबर 2022 में मौजूदा प्रकोप शुरू होने के बाद से नाइजीरिया में डिप्थीरिया से 600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं। 14,000 संदिग्ध मामलों के साथ, यह प्रकोप 2011 में पिछली बार की तुलना में कहीं अधिक खराब है जब 98 मामले सामने आए थे। उत्तरी नाइजीरिया में कानो राज्य, भूकंप का केंद्र है, जहां 500 से अधिक मौतें दर्ज की गई हैं, लेकिन हाल ही में सक्रिय मामलों में गिरावट आई है। यह सभी जानते हैं कि डिप्थीरिया अत्यधिक



संक्रामक है और नाक और गले को प्रभावित करता है। इससे त्वचा पर अल्सर भी हो सकता है। यह खांसने और छींकने से या किसी संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से फैलता है और गंभीर मामलों में घातक हो सकता है। राष्ट्रीय प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल विकास एजेंसी के प्रमुख डॉ फैसल शुएब ने कहा कि

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## सर्वोच्च न्यायालय जाने का विकल्प खुलाः झामुमो

रांची: ईडी के समन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका को झारखंड उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन को न्यायालय और न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। यह ठीक है कि झारखंड उच्च न्यायालय से महागठबंधन के नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत नहीं मिली है, लेकिन अब उच्चतम न्यायालय जाने का विकल्प भी खुल गया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला शिरोधार्य हैं। अब विधि विशेषज्ञों की सलाह लेकर उच्चतम न्यायालय जाएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की अदालत भी है, जो यह सब देख रही है कि कैसे भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर संवैधानिक संस्था एक चुनी हुई लोकतांत्रिक और लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने में लगी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आनेवाले दिनों में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जनता वोट के माध्यम से भाजपा के कृत्यों का हिसाब लेगी।

आयोजन

मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय में आयोजित समारोह में वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का किया अनावरण

# हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान:हेमन्त सोरेन

▶▶ झारखंड देश को ताकत प्रदान करता है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में खेल एक अहम हिस्सा है। खेलों में झारखंड एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरे। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग मुकाम हासिल करें, इसके लिए खेलों से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी खेल के लिए टीम तैयार हो उसमें झारखंड के खिलाड़ी हमेशा शामिल रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में सभी खेलों में अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर हम क्रिकेट खेल की भी बात करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे राज्य से ही आते हैं। राज्य में विमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 की शुरूआत 27 अक्टूबर से हो रही है। आने वाले दिनों में अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का मेजबानी झारखंड करेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के इवेंट मैस्कोर्ट ₹जूही₹ और ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

### झारखंड के खिलाड़ी यहां के खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के लिए अधिक जाना जाता रहा है। यहां सभी तरह के खनिज का मिलना आम बात है, यह राज्य देश को अलग ताकत प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब इस राज्य में हमारी सरकार बनी तो पूरा विश्व कोरोना संक्रमण की चपेट में जूझता रहा। हम सभी लोग डेढ़ वर्ष तक अपने घरों में बंद रहने पर मजबूर हुए, परंतु इस कड़ी में हमने अपनी सोच पर ताले बंद नहीं किए। हमारी सरकार ने राज्य को किस दिशा में ले कर जाना है, उसकी तस्वीर खींची। राज्य सरकार कोरोना संक्रमण काल में भी निरंतर इस राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए पूरी कोशिश करती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने इस क्रम में एजुकेशन, हेल्थ आधारभूत संरचना, पर्यटन तथा खेल के विकास के लिए कार्य करने की पूरी योजना तैयार की। राज्य सरकार की ओर से जब यहां के खिलाड़ियों को तराशने का कार्य प्रारंभ हुआ तब पता चला कि खिलाड़ियों को तराशना यहां की खनिज संपदा से कहीं अधिक मूल्यवान है।

### हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताया

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन करने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच नई रोशनी फैलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हॉकी फेडरेशन को आश्वस्त करता हूं कि इस आयोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। चैंपियन ट्रॉफी में सरकारी व्यवस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष श्री मोहम्मद तैयब इकराम एवं उनकी पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित कई पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी, वर्तमान खिलाड़ी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट से

## झारखंड में शुरू होगा सियासी अस्थिरता का दौर:सरयू राय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के मुताबिक झारखंड विधानसभा में हुई नियुक्तियों में अनियमितता की जाँच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल होते ही झारखंड सरकार की अस्थिरता का दौर आरम्भ हो जाएगा। शुक्रवार को प्रेस वक्तव्य जारी करते कहा कि ऐसा इसलिए होगा क्योंकि इस मामले मे अन्य अभियुक्तों के साथ ही वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम साहब, जो पहले विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं, के विरूद्ध भी सरकार कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य हो जाएगी। अन्यथा संभव है कि स्वतंत्र उच्चस्तरीय आपराधिक जांच का सामना इन्हें करना पड़े। जस्टिस विक्रमादित्य आयोग ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं, यथा 120(अ), 166, 167, 196, 464 के तहत जिन दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की है, उनमें विधानसभा के वर्तमान प्रभारी सचिव के साथ ही पूर्व विस अध्यक्ष एवं वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री भी शामिल हैं।सरयू राय के मुताबिक विधानसभा नियुक्तियों में गड़बड़ घोटाला का खुलासा उन्होंने 11 सितंबर 2007 को बोकारो में किया था। कहा था कि इस संबंध में सबूत की सीडी उनके पास है। 12 सितंबर 2007 को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष आलमगीर आलम साहब ने सीडी एवं अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए उनु पत्र लिखा। 13 सितंबर 2007 को कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने नियुक्ति घोटाला से संबंधित सीडी सार्वजनिक करने की माँग उनसे की।

भारत जोड़ो अभियान का रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का सम्मेलन

## देश के लोगों को मानसिक रूप से जहरीला बनाया जा रहा : सुबोधकांत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भारत जोड़ो अभियान के रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का सम्मेलन शुक्रवार को प्रेस क्लब सभागार में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश में आज जो हालात हैं वह चिंताजनक है। मूलभूत अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। संविधान और कानूनों को भी बदला जा रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को मानसिक रूप से जहरीला बनाया जा रहा है। पहले गांधी, नेहरू, लोहिया जैसे नेता थे जो देशभक्त पहले थें और तब राजनीतिक दल के नेता थे। उन्होंने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब लोग राजनीतिक दल के पहले हैं जो खुद ही देशभक्ति की परिभाषा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में इंडिया अलायंस व सिविल सोसायटी से जुड़े लोग एक साझा रणनीति बनाने को लेकर एकजुट हो रहे हैं। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हम देश के माहौल को बिगड़ते हुए देख रहे हैं। देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। भारत की विविधता, विस्तृत संविधान मूल्यों पर आघात हो रहा है। आदिवासियों,दलितों के हक अधिकार छीने जा रहे है । हम सभी इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए यहां एकत्र हो रहे हैं। वासवी कुजूर ने कहा कि देश में पिछले 10 सालों में 22 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। मीडिया इजरायल और फिलिस्तीन की खबरें दिखा रहा है पर मणिपुर की खबरें गायब हैं। प्रधानमंत्री विदेश घूम रहे हैं पर मणिपुर नहीं जा रहें। ये हालात चिंताजनक है और हमें इनके खिलाफ खड़े होने की जरूरत है। सुधीर पाल ने कहा कि वर्तमान संकट सिर्फ राजनीतिक ही नहीं बल्कि लोकतांत्रिक भी है। 5 ट्रिलियन के दिवास्वप्न दिखाने के बाद भी हम ग्लोबल हगर इंडैक्स में भारत 121 देशों में 111 वें नंबर पर है। प्रेस की स्वतंत्रता व मानवाधिकार के मामलों में भी स्थिति चिंताजनक है। सम्मेलन में भारत जोड़ो अभियान को मजबूत बनाने और 2024 के चुनावों पर भी विचार किया गया। सोशल मीडिया और फेक न्यूज पर भी चर्चा हुई। आज के सम्मेलन में नदीम खान, विनोद कुमार, यशस्विनी सहाय, शैल मिश्रा, प्रवीर पीटर, आलोका, सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## ऊर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा को पदमुक्त करें सीएम, होगा चरणबद्ध आंदोलन: किसलय तिवारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** भाजपा युवा मोर्चा ने झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के एमडी पर हमला बोला है। सरकार से उन्हें हटाने और ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की धमकी दी है। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में चल रही वर्तमान सरकार के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी प्रवक्ता बन बैठे हैं। आज जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश के मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री को ऊर्जा विभाग में चल रहे टेंडर घोटाला की ओर ध्यान आकृष्ट कर जांच कराने के लिए पत्र लिखते हैं तो दूसरी ओर ऊर्जा संचरण निगम के भ्रष्टतम एमडी केके वर्मा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नये प्रवक्ता बन बैठते हैं। अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए अमर्यादित बयान देते हैं। केके वर्मा सेवानिवृत्त अधिकारी होने के बाद भी सेवा विस्तार लेकर संचरण निगम के एमडी बने हुए हैं। प्रेसवार्ता में युवामोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात, प्रदेश मंत्री पवन पासवान भी उपस्थित रहे।

## हेमंत चाहे जितने दरवाजे खटखटा लें, उनको ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा: प्रतुल शाहदेव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** ईडी के समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन की याचिका रद्द होने के बाद बीजेपी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रतिक्रिया जारी की है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी आप कितने भी दरवाजे खटखटा ले, लेकिन अंतत आपको ईडी के दरवाजे पर ही जाना होगा। आप सुप्रीम कोर्ट गए आपको कोई रिलीफ नहीं मिली। आज हाईकोर्ट ने भी आपकी याचिका को खारिज कर दी। कहा कि हेमंत ईडी के समान के खिलाफ जिस तरह से भागते दिख रहे हैं, उससे क्लियर मैसेज जा रहा है कि इस प्रदेश में 70000 करोड़ का घोटाला हुआ है और उसके तार सीधे तौर पर उनसे जुड़े हुए हैं।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जी आप जितना खर्च इन महंगे वकीलों को हायर करने के पीछे कर रहे हैं वो बंद कीजिए।

समापन

संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची में एक बड़ी जनसभा के साथ

# बाबूलाल की संकल्प यात्रा 73 विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से संकल्प यात्रा पर हैं। संथाल परगना के भोगनाडीह से निकली उनकी संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची में एक बड़ी जनसभा के साथ होगा। बाबूलाल मरांडी अब तक आठ चरण की यात्रा पूरी कर चुके हैं। संथाल से शुरू हुई उनकी संकल्प यात्रा 57 दिन में 73 विधानसभा क्षेत्रों में सभा के साथ संपन्न हो चुकी है। नौवें और आखिरी चरण की यात्रा दुर्गापूजा के बाद ईचागढ़ से शुरू होगी। बाबूलाल मरांडी 27 अक्टूबर को ईचागढ़ और उसके बाद सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सभा करेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को वे रांची पहुंचेंगे। यहां मोरहाबादी मैदान में बाबूलाल छह विधानसभा क्षेत्रों (रांची, खिजरी, कांके, हटिया, मांडर और तमाड़) की सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही 73 दिन की यात्रा के साथ बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा समाप्त हो जायेगी। बाबूलाल मरांडी झारखंड के बड़े आदिवासी नेता हैं। भाजपा से अलग होने के बाद अपने दम पर झारखंड विकास मोर्चा बनाकर उन्होंने भाजपा और राज्य के दूसरे दलों के सामने चुनावों में बड़ी चुनौती खड़ी कर यह बता दिया था कि झारखंड में उनका फेस वैल्यू कितना है। 14 साल बाद 2020 में उनकी भाजपा में वापसी हुई। जुलाई 2023 में उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया और इसके अगले महीने ही वे संकल्प यात्रा पर निकल गये। संकल्प यात्रा का उद्देश्य जनता के बीच संदेश पहुंचना कि भाजपा की बागडोर अब प्रदेश में एक बड़े आदिवासी नेता के पास है। भाजपा को उम्मीद है कि इस यात्रा से राज्य के 28 आदिवासी सुरक्षित विधानसभा सीटों में भाजपा की दोबारा वापसी होगी। बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान अपनी सभाओं में राज्य सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके परिवार, राज्य के मंत्रियों और अफसरों को मुख्य रूप से निशाने पर रखा, लेकिन बाबूलाल का मुख्य टारगेट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन थे। मुख्यमंत्री पर लगे जमीन घोटाले के आरोप, सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर राज्य में खरीदे गये जमीनों, साहिबगंज का खनन घोटाला, मुख्यमंत्री को बार-बार ईडी का समन जैसे मामले वे अपनी हर सभा में उठाते रहे।

## पेज एक का शेष

### निरंतर पूजा में अब 28वीं .. ..

पत्रिका को वहीं पर स्नान कराया जाता है। अष्टमी के दिन संधि पूजा के दौरान पूरे वातावरण को दीयों की रोशनी से सजाया जाता है।
गोस्वामी परिवार की सदस्य पियाली पाठक ने कहा कि कुमारी पूजा पूजा के नवमी के दिन से शुरू हो रही है। साथ ही धूना जलाने की प्रथा भी। टैगोर की मौज-मस्ती में भी एक खासियत है। सप्तमी के दिन बूढ़ी मां को सात पद भोग पड़ते हैं। अष्टमी के दिन क्रमशः वह संख्या बढ़कर आठ हो जाती है। नवमी के दिन नौ पद का भोग लगाया जाता है। हालाँकि, दसवें दिन बासी भात चावल, मटर के साथ चालता और हरी सब्जियाँ चढ़ाई जाती हैं। और इस भोग निवेदन के बाद मूर्ति विसर्जन का दौर शुरू होता है। एक बार एंटनी कबियाल ने इसी घर की पूजा में वहां के आंगन में गाना गाया था। लोग कहते हैं कि एंटनी कबियाल और भोला मयरा के बीच गाने की लड़ाई यहीं पर हुई थी। प्रसिद्ध गायक रामकुमार चट्टोपाध्याय ने उस वहां एक समारोह किया।पहले पूजा के दौरान रात भर कवि गीत का दौर चलता रहा। वर्तमान में, कवि गीत असर अब आयोजित नहीं किया जाता है। लेकिन पूजा पर केंद्रित चार दिनों के दौरान आनंद की कोई कमी नहीं है।

### आतंकवाद पर पूरी दुनिया .. .. ..

टैररिज्म दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। टैररिज्म चाहे कहीं भी होता हो, किसी भी कारण से होता हो, किसी भी रूप में होता है, लेकिन वो मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में टैररिज्म को लेकर हम सभी को लगातार सख्ती बरतनी ही होगी। श्री मोदी ने आतंकवाद की परिभाषा को लेकर दुनिया में आम सहमति नहीं बनने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा , मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि टैररिज्म की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना ये बहुत दुखद है। दुनिया के इसी रवैये का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। भारत में संसदीय परंपराओं का इतिहास हजारों वर्ष पुराना बताते हुए उन्होंने इनमें देशवासियों के अटूट विश्वास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा , इसकी एक बड़ी वजह है जिसे आपको जानना और समझना बहुत अहम है। ये शक्ति है, हमारी विविधता, हमारी विशालता, हमारी वाइब्रेंसी। हमारे यहां हर आस्था के लोग हैं। सैकड़ों तरह का खानपान, सैकड़ों तरह का रहन-सहन हमारी पहचान है। भारत में सैकड़ों भाषाएं बोली जाती हैं, हमारे यहां सैकड़ों बोलियां हैं। उन्होंने कहा , 21वीं सदी में भारत की ये वाइब्रेंसी, विविधता में एकता, हमारी बहुत बड़ी शक्ति है।

### अडाणी मामले में नये .. ..

है। पिछले जनवरी में हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट में दावा किया था कि अडाणी समूह एक दशक से अधिक समय से सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर की कीमतों में हेराफेरी कर रहा है। खोजी पत्रकारों के एक अंतरराष्ट्रीय समूह ओसीसीआरपी की एक बाद की रिपोर्ट में भी लगभग यही दावा किया गया। हालांकि, अडाणी ने सभी आरोपों से इनकार किया है।
अब पता चला है कि ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स फंड को गल्फ एशिया ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट कहा जाता है। इस कंपनी के मालिक दुबई के बिजनेसमैन नासिर अली शाबान अहली हैं। जिन्हें ओसीसीआरपी न्यूज में उद्योगपति गौतम अडाणी के दादा विनोद अडाणी का करीबी बताया गया है।

### भारी मात्रा में हथियार .. ..

संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इन अभियानों के दौरान, उन्होंने हथियारों और गोला-बारूद का एक महत्वपूर्ण जखीरा बरामद किया। यह संयुक्त ऑपरेशन गुरुवार सुबह करीब 3.30 बजे शुरू हुआ और दोपहर करीब 12.30 बजे तक चली। 9 असम राइफल्स के मेजर अनुराग बेनीवाल के नेतृत्व में बीएसएफ, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम को 12 मोर्टार बम, 9 मैगजीन के साथ एमपी-5 राइफल, 6 मैगजीन के साथ 9 एमएम सीएमजी, 38.8 आंसू गैस का एक गन, रबर बुलेट एमएनएस एएफके पुणे-02 के साथ 38 मिमी दंगा रोधी कार्ट्रिज, 10 दंगा रोधी (सीएस) आंसू गैस के ग्रेनेड, दो (50 मीटर) आंसू गैस शैल एसओपीटी नॉक, एक देसी मोटार, एक देसी इम्प्रोवाइज्ड बम, एक ड्रेस कॉम्बैट और एक पाउच मिला है।
हालांकि, इंफाल पूर्व के याइनगांगपोकपी और सेइजांग इलाकों में कथित तौर पर सशस्त्र बदमाशों के हमले में कम से कम छह ग्रामीण स्वयंसेवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले में करीब सात मीरा पैबिस भी घायल हो गईं, जिन पर कथित तौर पर सेना और अर्धसैनिक बलों ने लाठीचार्ज किया था। सभी घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।
नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) और एडिटर्स गिल्ड मणिपुर (ईजीएम) ने संयुक्त रूप से उस घटना की कड़ी निंदा की है, जिसमें 20 जाट रेजिमेंट और 5/4 जीआर के संयुक्त सैनिकों ने सबुंगखोक खुनोउ क्षेत्र में एक घटना कवरेज के दौरान मीडियाकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोका था।

### अध्यक्ष 17 अक्टूबर तक समय .. ..

चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह इस अदालत के आदेश को खारिज नहीं कर सकते, इस लिए उन्हें इस मामले का फैसला करना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने इस मामले में फैसला करने के लिए 14 जुलाई को नोटिस जारी किया था और 18 सितंबर को इसके बारे में फिर से समय-सारिणी तय करने को कहा था। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, 'हम यह कहने के लिए बाध्य हैं कि उन्हें दो महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। कोई नहीं कह रहा है कि क्या निर्णय लेना है। विचार यह है कि अगले चुनाव तक इसे यूं ही न चलने दिया जाए और मामले को निरर्थक बना दिया जाए।

### दो तारों की टक्कर के बाद .. .. .. ..

चमक और धूल के गुबार पैदा हो रहे हैं। इसके निष्कर्षों में चमकदार गर्मी के बाद की चमक और परिणामस्वरूप धूल के बादल दिखाई देते हैं, जो समय के साथ मूल तारे के सामने चले गए और इसे मंद कर दिया। एक उत्साही व्यक्ति द्वारा तारे के प्रकाश वक्र को देखने और कुछ अजीब देखने के बाद खगोलविदों की अंतर्राष्ट्रीय टीम का गठन किया गया था। इसने दिखाया कि तारे के दृश्य प्रकाश में फीका पड़ने से लगभग तीन साल पहले सिस्टम की चमक अवरक्त तरंग दैर्ध्य पर दोगुनी हो गई थी। शोधकताओं ने निष्कर्ष निकाला कि सबसे संभावित स्पष्टीकरण यह है कि दो बर्फ के विशाल एक्सोप्लैनेट टकराए, जिससे नासा के निओवाइज मिशन द्वारा पता लगाया गया अवरक्त चमक पैदा हुई, जो क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं का शिकार करने के लिए एक अंतरिक्ष दूरबीन का उपयोग करता है। इस शोध के सह-प्रमुख लेखक और ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान के अनुसंधान अध्येता डॉ. साइमन लॉक ने कहा, हमारी गणना और कंप्यूटर मॉडल चमकती सामग्री के तापमान और आकार के साथ-साथ चमक कितने समय तक रही, इसका संकेत देते हैं। खगोलशास्त्री इस प्रणाली में आगे क्या होता है, इसे करीब से देखने की योजना बना रहे हैं। ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी के एसोसिएट प्रोफेसर, सह-लेखक डॉ जो लीनहार्ट ने कहा कि आगे के विकास को देखना दिलचस्प होगा। इससे खगोल वैज्ञानिकों को सुदूर महाराश में घटित होने वाले घटनाओं और उसके परिणामों के बारे में नई जानकारी हासिल होगी।

### नाइजीरिया में डिप्थीरिया के .. ..

इसे टीकों के माध्यम से रोका जा सकता है, लेकिन नाइजीरिया में जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें से कई का टीकाकरण नहीं हुआ था।
बुधवार को कानो शहर में एक डिप्थीरिया अलगाव केंद्र की यात्रा के दौरान, उन्होंने कहा, केंद्र में इस पूरी तरह से रोकथाम योग्य बीमारी से पीड़ित छोटे बच्चों को देखना बेहद हृदय विदारक था। 24 सितंबर के बाद से मरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है, जब नाइजीरिया सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (एनसीडीसी) ने 453 मौतों और 11,587 संदिग्ध मामलों की सूचना दी थी।

# बक्सर-आरा रेल हादसा : अपलाइन पर गाड़ियों की आवागमन शुरू, डाउनलाइन के लिए कार्य जारी

## रेलवे से हुई चूक बना घटना का सबब, निरीक्षण कार्य में बरती गई लापरवाही

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार के बक्सर में हुए नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे के बाद रुट को क्लियर करने का काम लगातार जारी है। फिलहाल ट्रेन के परिचालन के लिए अप लाइन को तैयार कर दिया गया है। दानापुर मंडल के रघुनाथपुर में पुनर्बहाली कार्य करते हुए शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे से अप लाइन को परिचालन हेतु फिट कर दिया गया है। पटना- डीडीयू एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग के बदले अब अपने नियमित मार्ग से जाएगी। वहीं, डाउन लाइन पर पुनर्बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रघुनाथपुर में रुट के पुनर्बहाली का कार्य लगातार जारी है। इसके बाद अप लाइन परिचालन के लिए तैयार हो गया और इस पर ट्रेन का परिचालन भी शुरू कर दिया गया है। रेलवे की ओर से यह जानकारी साझा की गई।



विदित हो कि बिहार के बक्सर जिले में दिल्ली से कामख्या जा रही ट्रेन रेल हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में सभी 23 कोच पटरी से उतर गए। चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए। घायल यात्रियों का बक्सर के साथ आरा के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। वहीं, आठ यात्रियों को पटना के एम्स में भर्ती कराया गया है। ट्रेन एक्सीडेंट के बाद पीएमसीएच में 50 बेड रिजर्व किये गये थे इसके अलावा एम्स में दस और आइजीआइएमएस में 10 बेड सुरक्षित किए गए थे। दुर्घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर घायलों के इलाज के लिए पीएमसीएच में 50 बेड रिजर्व किये गये। साथ ही उसका ट्रायज पूरी तरह खाली करा लिया गया। आइजीआइएमएस और एम्स में भी 10-10 बेड आरक्षित किये गये थे। रेलवे की ओर से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। कई ट्रेनों को रद्द किया गया और कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव हुआ है। ट्रेन हादसे के बाद अलग- अलग स्टेशनों पर लोग परेशान दिखे। कई स्टेशनों पर लोग इंतजार करते नजर आए। कई यात्री से यात्री निजी वाहन से आरा पहुंचे थे। इन्होंने निजी वाहनों पर मनमानी भाड़ा वसूलने का आरोप लगाया। आरा स्टेशन से गुरुवार सुबह एक पैसेंजर गई। वहीं, लोकमान्य तिलक सासाराम होकर आरा पहुंची। नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री प्राइवेट वाहन से स्टेशन पहुंचे। फिलहाल ट्रेन का परिचालन सुचारू रूप से करने के लिए मेंटेनेंस कार्य लगातार जारी है। अधिकारी व कर्मियों को नियुक्त किया गया है। रेलवे की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है कि रुट को जल्द सुचारू रूप से शुरू किया जाय।

### बाजार से बाइक चोरी

**काराकाट (रोहतास)** काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी बाजार से अज्ञात चोरों के द्वारा बाइक को चुरा लिया गया। मामले की जानकारी देते हुए थाना क्षेत्र के पड़सर निवासी पीड़ित प्रमोद सिंह ने बताया कि गोड़ारी बाजार से अज्ञात चोरों के द्वारा उनकी बाइक को चुरा लिया गया। इस मामले में स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दी गई है। उन्होंने कहा कि उनका बाइक हीरो होंडा कंपनी का है। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 03 डब्ल्यू 0971 है। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अख्तर ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पीड़ित के द्वारा लिखित आवेदन दी गई है। जिस मामले में कांड दर्ज करते हुए स्थानीय पुलिस उक्त मामले की जांच में जुट गई है।

### अचानक लगी आग में राख हुई नमामि गंगे की पाइप, अफरा-तफरी का माहौल

**पटना सिटी :** अगमकुआं थाना इलाके के भूतनाथ रोड एचआईजी कॉलोनी के बगल में शुक्रवार को नमामि गंगे का रखा हुआ प्लास्टिक का पाइप में भयंकर आग लग गई। जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर फायर यूनिट की सात गाड़ी मौके पर पहुंची। तब आग पर काबू पाया गया। आग की लपटे आसमान छू रही थी। धुएं की उठती गुब्बारे इलाके के लोगों को नाक में दम कर दिया था। आगलगी की घटना के बाद देखते हीं देखते नमामि गंगे के प्लास्टिक पाइप पूरी तरह जल कर राख हो गए लगे। फिलहाल, स्थानीय पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आग लगने के कारणों का तहकीकात करने में जुटे हैं।

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं की उमड़ी भीड़

**नोखा (रोहतास) :** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अंतर्गत 30 दिवसीय महिला ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण शुरू किया गया। जिसमें 35 महिला प्रशिक्षणार्थी शामिल हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन आरसेटी निदेशक अजीत कुमार एक्का, ट्रेनर रागीनी कुमारी, कार्यालय सहायक विकास कुमार एवं प्रियांशु कुमार के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण 10 से 11 नवंबर तक चलेगा। आरसेटी निदेशक ने बताया की सभी महिलाओं को बैंक से जुड़े सभी स्कीमों के बारे में जानकारी दिया जायेगा। उन्होंने सुरक्षा जीवन ज्योति बीमा योजना अटल पेंशन योजना सुकन्या बीमा योजना एवं ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी जायेगी, प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण के ट्रेनर रागीनी कुमारी ने बताया कि इस पर प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को महिला ब्यूटी पार्लर से जुड़े जानकारी दी जायेगी जिसमें थ्रेडिंग, मैनीक्योर पेडीक्योर, वैक्स, फेशियल, हेयर कटिंग, हेयर स्पा, हाइलाइटर, स्ट्रेटनिंग, दुल्हन सजावट की जानकारी दी जाएगी। जबकि ट्रेनर ने बताया कि ब्यूटी पार्लर एक स्वरोजगार है। जिससे महिलाएं रोजगार क्षेत्र में आत्मनिर्भर होकर कम लागत में अधिक पैसा कमा सकेंगी।

# फिल्म कोट में संजय मिश्रा के साथ नजर आये जीतन राम मांझी

बिहार में बनी बिहार के लोगों की फिल्म है कोट : अभिषेक

राष्ट्रीय खबर

**बिहारशरीफ :** परफेक्ट टाइम पिक्चर्स प्रोडक्शन और ब्रैंडेक्स एंटरटेनमेंट ब्लैक पैंथर मूवीज लिमिटेड की अक्षय दित्ती द्वारा निर्देशित हिंदी मूवी कोट आज देश भर में रिलीज हो गयी है। जिसको लेकर आज फिल्म के लेखक और निमार्ता बिहारशरीफ निवासी कुमार अभिषेक और पिन्नू सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि बॉलीवुड फिल्म कोट, बिहार में बनी बिहार के लोगों की फिल्म है। इसमें संजय मिश्रा जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म की शूटिंग बिहारशरीफ के बैगनाबाद, खंदकपर, रामचंद्रपुर, तुंगी, झिंगनगर, नाला रोड, डिजनीलैंड, बड़ी पहाड़ी, अलीनगर इत्यादि लोकेशनों पर हुई. फिल्म की शूटिंग लगभग 45 दिन तक हुई। फिल्म में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी भी गेस्ट एपियरेंस में नजर आएं हैं। फिल्म में मशूहर अभिनेता संजय मिश्रा और नसीरुद्दीन शाह के बेटे विवान शाह मुख्य भूमिका में हैं।




विवान शाह ने फिल्म में संजय मिश्रा के बेटे की भूमिका निभाई है. फिल्म को निर्देशक अक्षय दित्ती ने निर्देशित किया है. उन्होंने कहा कि फिल्म 'कोट' बिहार के एक छोटे से गांव के लड़के की कहानी है, जिसका नाम माधव है। वह दलित समुदाय का लड़का है, जिसके पिता सुअर पालते हैं। लेकिन माधव के सपने बहुत बड़े हैं। उसके बड़े सपने तब और बढ़ जाते हैं जब उसके गांव में कुछ अप्रवासी भारतीय आते हैं. वह उसकी वेश भूषा से आकर्षित होता है. और इसी बीच माधव को प्यार भी हो जाता है. अपने प्यार को पाने के लिए वह भी कोट के सपने देखता है और फिर शुरू होती है, उसे पाने की जद्दोजहद। क्या माधव का सपना सच होता है? इसी सवाल का जवाब तलाशने की कोशिश है फिल्म 'कोट'। जिसमें सोनल झा, पूजा पांडे, बादल राजपूत, हर्षिता पांडे, नवीन प्रकाश, अभिषेक चौहान, आकांक्षा श्रीवास्तव, रागिनी कश्यप और गगन गुप्ता भी दमदार भूमिकाएं निभा रहे हैं। कुमार अभिषेक इस फिल्म के बाद अब एक वेब सीरीज की तैयारी कर रहे हैं, जो जल्द ही शुरू होने वाली है।

# गोल्ड, रजत की वर्षा करने वाली सोनबरसा की छात्राओं का पूर्व एमएलसी ने बढ़ाया हौसला

राष्ट्रीय खबर

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** डुमरा में जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गोल्ड व रजत की वर्षा करने वाली 9 छात्राओं को सम्मानित करने पूर्व एमएलसी दिलीप कुमार यादव सोनबरसा पहुंचे। श्रीनंदीप्त जीतू उच्च विद्यालय परिसर में पूर्व एमएलसी ने जिला में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्रा दोनों से अधिक वजन उठाने वाली अंशु कुमारी के साथ ही वेटलिफ्टिंग के विभिन्न किलोग्राम भार में गोल्ड विजेता मिठू कुमारी, सुधा कुमारी, गुड़िया उर्फ सोनी कुमारी, गुंजा कुमारी, प्रीति कुमारी वही रजत पदक विजेता प्रेरणा कुमारी, करीना कुमारी, कुमकुम कुमारी को भारोत्तोलन खेल संगठन द्वारा जारी प्रस्सतिपत्र प्रदान किया। श्री यादव ने बच्चो का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि- सोनबरसा की 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे 6 गोल्ड व 3 रजत पदक जीत लाना,ऐसा प्रदर्शन इससे पहले कभी नही देखा हूं। निश्चित रूप से आने वाला वक्त इन बच्चो का है और इनमें से कई खिलाड़ी भारत के लिए खेलती हुई नजर आ जाये तो आश्चर्य नही होगा। भारोत्तोलन संघ के जिला सचिव सह कोच सतीश कुमार ने कहा कि-इनमें से कई बच्चे पटना में भी अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। श्री नंदीप्त जीतू उच्च विद्यालय के नाइट गार्ड उमेश राय ने कहा कि-11 वर्ष से अधिक से नाइट गार्ड हूं, इससे पहले कभी भी बेटियों को आगे बढ़ते या बढ़ाने वाले नही दिखे। लेकिन समाज मे मुकुन्द कुमार, सतीश यादव ने इस कठिन कार्य को सफल बना दिया। मौके पर किरानी अरविंद कुमार, अभिभावक राकेश ठाकुर, इंद्रजीत महतो, कृष्णा कुमार, रामजी मण्डल, संतोष पांडेय, सुमन देवी, खुशबू देवी सहित अन्य मौजूद थे।



### युवक के साथ मारपीट करने के बाद काटा प्राइवेट पार्ट

**मुजफ्फरपुर :** नगर थाना क्षेत्र के पंकज मार्केट इलाके में एक युवक के साथ मारपीट करने के बाद उसका प्राइवेट पार्ट को काट दिया गया है। वहीं, इस घटना के बाद आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगो के सहयोग से आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए बैरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी इलाज जारी है। सूत्रो के मुताबिक, युवक का उसी इलाके की एक युवती से प्रेम है। युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए गया था। इसी दौरान युवती के घरवालों ने उस युवक को पकड़ लिया। इसके बाद पहले उसके साथ जमकर मारपीट की और हाथ की अंगुली और प्राइवेट पार्ट को काट दिया।मामले को लेकर पीड़ित युवक के पिता ने नगर थाने मे शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उसी इलाके की एक युवती के घरवालों पर मारपीट कर हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा कि युवती द्वारा उनके बेटे को कॉल कर बुलाया गया। उसके द्वारा बताया गया कि पिता का दिल का दौरा पड़ गया है। डॉक्टर के पास जाना है और जल्दी आओ। इसके बाद युवक जब वहां पहुंचा तो युवती के घरवालों ने मारपीट कर नाजुक अंग को काट दिया। इस संदर्भ मे पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच कर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उपाध्यक्ष ने दिया जदयू को झटका, राजद से मिलीभगत है नाराजगी का कारण

सूबे में हो रहे आपराधिक वारदातों के बाद जागी पूर्व विधायक की जमीर, भाजपा में जाने के हैं आसार

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार में जेडीयू को लगातार उनके लोगों द्वारा झटका देने का सिलसिला जारी है। आरोप प्रत्यारोप के बाद जदयू के कद्दावर नेता प्रशांत किशोर, आरसीपी सिंह, उपेंद्र कुशवाहा, डॉ. रणवीर नन्दन और अब उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक ललन पासवान ने असहमत होकर पार्टी को छोड़ दिया, तथा विरोध में खड़े हैं। श्री पासवान ने आरजेडी के साथ गठबंधन करने और दलितों पर हो रहे अत्याचार का आरोप लगाकर हमला बोला है। इस्तीफे में उन्होंने आरजेडी को बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाली पार्टी बताया है। पार्टी अध्यक्ष को भेजे गए लेटर में ललन पासवान ने बताया कि, बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाले लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करने के बाद दलितों पर हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और इसकी रोकथाम की दिशा में कोई कठोर कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में मैं जनता दल (यू) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। बीते महीने राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने दावा किया था कि जेडीयू में टूट होने वाली है। भले ही एक साथ टूट ना हो, टुकड़ों-टुकड़ों में हो। मगर, टूट निश्चित है। इसके कुछ ही देर बाद जेडीयू के बड़े नेता और पूर्व विधान परिषद के सदस्य रणवीर नंदन ने पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था।



### ग्रामीण स्वरोजगार मशरूम खेती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**नोखा (रोहतास) :** पंजाब नैशनल बैंक के तत्वाधान में ग्रामीण स्वरोजगार दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन। इस अवसर पर मशरूम खेती पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 35 लोगों ने भाग लेते हुए प्रशिक्षण द्वारा मशरूम खेती की जानकारी लिया। वही 12 से 21अक्टूबर तक आयोजित दस दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन आरसेटी निदेशक अजीत कुमार एक्का, मशरूम ट्रेनर राकेश कुमार निराला, कार्यालय सहायक विकास कुमार एवं प्रियांशु कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जबकि आरसेटी निदेशक ने बताया कि सभी किसानों को बैंक जुड़ी योजनाओं अंतर्गत सुरक्षा जीवन, ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या बीमा योजना, बैंक ऋण की विस्तृत जानकारी अवश्य लेनी चाहिए।प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। प्रशिक्षण में शामिल सभी लोगों को मशरूम की जानकारी देते हुए बताया गया कि मशरूम खेती ही एक साधन है जो कम पूंजी के लागत में लोग अपना व्यवसाय कर सकते हैं।

# बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई के लिए ठोस एवं समन्वित रणनीति जरूरी

बाल विवाह रोकने के लिए बचपन बचाओ आंदोलन की पहल पर हुए सम्मेलन में सभी ने एक सुर से की मांग

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बचपन बचाओ आंदोलन ने स्थानीय चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के साथ मिल कर 2030 तक देश से बाल विवाह के पूरी तरह खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने के उपायों पर चर्चा के लिए सम्मेलन का आयोजन किया। बिहार में बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए काम कर रहे 31 जिलों के तकरीबन तीन दर्जन गैर सरकारी संगठन भी इसमें शामिल हुए। सम्मेलन में सभी हितधारकों ने बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की कड़ी में बिहार को बाल विवाह से मुक्त करने के उपायों का खाका तैयार करने पर गहन विचार विमर्श किया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल कल्याण निगम, बिहार के निदेशक राजीव वर्मा, विशिष्ट अतिथि एवं बिहार राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की संयुक्त सचिव धृति जसलीन शर्मा, सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक के. रंजीत और बीएससीपीसीआर की पूर्व अध्यक्ष निशा झा सहित अन्य लोग मौजूद थे। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में 51,57,863 लड़कियों का विवाह 18 वर्ष की होने से पहले हो गया गया था। बिहार में कुल 12.9 लाख बच्चों के बाल विवाह हुए। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (2019-2021) के अनुसार देश में 20 से 24 साल की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 वर्ष का होने से पूर्व ही हो गया था जबकि बिहार में यह आंकड़ा राष्ट्रीय औसत से बहुत ज्यादा है। जहां 40.8 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 वर्ष से पूर्व हो गई थी। ह्वबचपन बचाओ आंदोलनह्ल के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा, पिछले साल पूरे देश में एक अप्रत्याशित और आश्चर्यचकित कर देने वाली प्रतिक्रिया देखने को मिली। देश भर के 7028 गांवों से 76,000 महिलाएं और बच्चे मशाल लेकर एक साथ सड़कों पर उतरे और बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाई। यद्यपि कानून प्रवर्तन एजेंसियां इसके खात्मे के लिए प्रयास कर रही हैं लेकिन नागरिक समाज अभी भी बाल विवाह के मामलों की सूचना देने आगे नहीं आ रहा है। हमें लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता है। संयुक्त सचिव धृति जसलीन शर्मा ने कहा, ह्लबाल विवाह के खिलाफ मौजूदा कानून काफी सख्त और इसे रोकने में सक्षम है लेकिन समस्या इनके अमल की है। वहीं सशस्त्र सीमा बल के डीआईजी के. रंजीत ने बाल विवाह एवं बाल दुव्यार्पार का प्रमुख कारक गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी बताया।

### विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का एक दिवसीय धरना संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** गर्दनीबाग धरना स्थल पर बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ द्वारा राज्य अंतर्गत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बिहार सरकार के शिक्षा विभाग और वेतन निर्धारण व कटौती का एक तरफा कार्रवाई किया जा रहा है। इस दौरान कर्मचारी संघ के लोगों ने कहा कि अगर सरकार हम विश्वविद्यालय कर्मियों को उचित वेतन निर्धारण नहीं करती है, हमारी मांग नहीं सुनती है तो आगे आने वाले दिनों में बड़े रूप में आंदोलन की जाएगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने बिहार सरकार से यह अनुरोध भी किया है कि अगर हमारी जायज मांगों पर हमारे संगठन के साथ वार्ता कर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

### कुंवर भीम को पीएचडी उपाधि मिलने से लोगों में खुशी

**केसठ (बक्सर) :** स्थानीय दक्षिण डेरा निवासी कुंवर भीम सिंह को पीएचडी की उपाधि से विभूषित हुए। वह श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, गजरौल उत्तर प्रदेश से समाजशास्त्र के बदलते सामाजिक परिदृश्य के प्रति उच्च शिक्षित महिलाओं के मनोदशा का समाजशास्त्रीय विश्लेषण बक्सर जनपद के विशेष संदर्भ में प्राप्त किया है। जानकारी देते हुए उन्होंने उपाधि का श्रेय शोध के निर्देश डॉ. करण सिंह चौहान के साथ माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा समाजशास्त्र से शोध करने का एक ही मक्सद था की समाज में हो रहे महिलाओं के साथ आत्यचार को समाप्त करना व उन्हें जागरूक करना। ग्रामीणों ने बताया की नौसेना में कार्यरत होते हुए भी समाज सेवा के साथ दर्जनों डिग्री प्राप्त कर समाज एवं परिवार का नाम रोशन किए है।

## ट्रेन से उतरने के क्रम में चपेट में आई वृद्ध महिला की मौत

**बिक्रमगंज :** (रोहतास) आरा-सासाराम रेलखंड पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी तहत आरा-सासाराम रेलखंड पर गेट नं० 46 के समीप एक अज्ञात वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय रेलवे विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिए। वही घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतक वृद्ध महिला की पहचान अबतक नहीं हो पाई है। लेकिन कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया।

## महगामा पंचायत के वार्ड सदस्यो ने मुखिया पर लगाया मनमानी का आरोप

### मामला आरटीपीएस काउंटर पंचायत मुख्यालय में नहीं खोलने का

राष्ट्रीय खबर

**धरहरा/ मुंगेर :** महगामा पंचायत के मुख्यालय मे आरटीपीएस काउंटर नही खोले जाने पर महगामा पंचायत के वार्ड सदस्यो ने मुखिया पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर वार्ड सदस्यो ने प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी अर्चना कुमारी से शिकायत किया है। वार्ड सदस्यों ने बताया कि महगामा पंचायत के मुख्यालय मे सूचना केंद्र एवं पंचायत भवन दोनो ही ठीक - ठाक स्थिति मे है तथा संबंधित भवन महगामा पंचायत अंतर्गत सभी गांवो के बीचों-बीच स्थित है। जिससे कि महगामा पंचायत के सभी वार्ड के लोगों के लिए यह स्थान सही है, इसके बावजूद आरटीपीएस काउंटर को अन्यत्र खोला जा रहा है। आरटीपीएस काउंटर को अन्यत्र खोले जाने से स्थानीय जनता को आरटीपीएस आने-जाने सहित अन्य कई परेशानियो का सामना करना पड़ेगा तथा यह सरकारी



आदेश का उल्लंघन भी है। सरकार के गाईड लाइन के अनुसार पंचायत मुख्यालय के भवन मे आरटीपीएस काउंटर खोला जाना है। वार्ड सदस्य जय कुमार, साहिल सागर, रीता देवी सहित दर्जनो ग्रामीणो ने बीडीओ मृत्युंजय कुमार को आवेदन देकर पंचायत भवन मे आरटीपीएस काउंटर खोले जाने की मांग किया है। वहीं इस संबंध में पंचायत सचिव राजकुमार दास ने बताया कि वर्तमान मे आरटीपीएस लड़ैयाटांड के एक सामुदायिक भवन मे चलाया जा रहा है। हालांकि, उन्होने हाल में पदभार ग्रहण किया है। मामला उनके संज्ञान मे आया है। जिसमें वरीय पदाधिकारी से परामर्श के बाद ही कोई विचार-विमर्श किया जाएगा।

## नौवागढ़ी बाजार में इलाज के दौरान महिला की मौत की गुत्थी अब भी है अनसुलझी

### हंगामे के बाद भी हरकत में नहीं दिख रहा स्वास्थ्य विभाग

### चिकित्सक, पुलिस और परिजनों की कथित सांठगांठ से रफा-दफा हुआ मामला

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** मुंगेर के नौवागढ़ी बाजार स्थित एक निजी नर्सिंग में पिछले चार दिन पूर्व इलाज के दौरान चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला की मौत पर नर्सिंग होम पर खुब हंगामा हुआ था। जिसके पुलिस ने नर्सिंग होम को बंद भी करवा दिया था। फिर से नर्सिंग होम खुलने से नौवागढ़ी क्षेत्र में कई तरह की चर्चा हो रही है। कोई पुलिस की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं तो कोई पीडित परिवार पर। आखिर कही मामला सेटलमेंट तो नहीं हो गया। पुलिस-डाक्टर और पीडित परिवार की साठ गांठ को लेकर लोग सवाल उठा रहें है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि बिना डिग्रीधारी डाक्टर को आखिर किसी इंसान की जिंदगी से खेलने का अधिकार किसने




दिया ? नौवागढ़ी क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या भरमार है। स्वास्थ्य विभाग सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी खामोश है। धटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन को मामले का जांच करना चाहिए। ताकि डाक्टर की लापरवाही से किसी इंसान की मौत ना हो सकें। इस क्षेत्र में खुलेआम प्रतिबंधित दवाईयां भी बिक रही है। जिस कारण लोगों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सूत्रों का कहना है कि मृतक महिला नौवागढ़ी क्षेत्र के केशोपुर गांव की रहने वाली थी और उसका मायका भी इसी क्षेत्र के टोटहा गांव था। मृतक महिला के ससुराल वाले तथा मायके वाले ने मौत की सूचना पर दवाई दुकान पर जमकर हंगामा किया था और बिना डिग्री धारी डॉक्टर को मौत का जिम्मेदार खुलेआम ठहराया था। फिर पुलिस के आने के बाद मामला रात होते-होते सेटलमेंट की ओर होता चला गया और महिला की मौत का राज दफन हो गया। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में मोटी रकम का खेल बिना डिग्री धारी डॉक्टर के द्वारा खेला गया। जिस कारण यह मामला दब सा गया।

## सावधान : आधे घण्टे का सफर तय करने में लगता है तीन घंटा

### हाल मुंगेर-खगड़िया पैसेंजर ट्रेन का, रेल यात्रियों को झेलनी पड़ रही परेशानियां

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर सिटी :** अगर आप मुंगेर से खगड़िया जाना चाह रहे हैं तो आपको इस दूरी को तय करने में तीन घंटा का वक्त लगेगा। यानी आपको मुंगेर से खगड़िया प्लेटफॉर्म जाते-जाते जो भी ऑफिशियल काम है या अन्य कोई ट्रेन पकड़ना हो तो वह निश्चित रूप से छूट हीं जाएगी। महीना के 30 दिनों में लगभग 20 दिन यही हाल है। रेलवे का मालगाड़ी पास हो जाती है, लेकिन पैसेंजर गाड़ी खड़ी रहती है। गाड़ी में सफर कर रहे हैं गायत्री नगर के राजकुमार गुप्ता



बताते हैं कि जहाज वाले युग से भी बेकार आज का समय हो गया है। एक समय था जहाज से खगड़िया जाने में लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते थे, लेकिन वही स्थिति लोगों को आज भी झेलना पड़ रहा है। मालूम हो कि गंगापुर निर्माण को लेकर मुंगेर के तत्कालीन सांसद ब्रह्मानंद मंडल अपने सहयोगी साथी के साथ 14 दिन अनशन किए थे। जिसमें उनके अधिकांश साथियों की स्थिति बिगड़ गई थी। मुंगेर गंगा पर पुल बनने के बाद लोगों के दिक्कत समाप्त होगी ऐसा सोच लोगों का था। लेकिन, रेल यात्रियों को आज भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना है कि इस परेशानी से वाकिफ जनप्रतिनिधि व अधिकारी अनजान बने हैं।

## अवैध बिजली चोरी में पांच लोगों पर जुमार्ना, प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** कनीय विद्युत अभियंता दिनारा,विकाश कुमार शर्मा ने बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। जांच के क्रम में पंचायत-अकोढा के ग्राम अकोढा में विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर 5 व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर राम प्रवेश साह पर 13996, टेंगर सिंह पर 24776, मो० सकुर अंसारी पर 9116 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिससे की वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल द्वारा चालू माह में अब तक 19 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**बिक्रमगंज (रोहतास):** राजपुर थाना क्षेत्र के बघैला ओपी पुलिस ने क्षेत्र के पंचपोखरी गांव निवासी सोनू तिवारी को न्यायालय के द्वारा वारंटी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष नीतू कुमारी ने बताया कि सुचना मिली कि सोनू घर पर आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पचपोखरी गांव पहुंच उसके घर की नाकेबंदी कर धर दबोचा। जो आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

## संविधान बचाओ, देश बचाओ रैली की सफलता को लेकर तैयारी समिति गठित

**मुंगेर :** जिलें के बरियारपुर प्रखंड के बंगाली टोला में मुखिया अशोक कुमार मंडल के दरवाजे पर संविधान बचाओ, देश बचाओ रैली की सफलता को लेकर पूर्व मुखिया ई. चन्द्रशेखर चौधरी के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। रैली के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए सामाजिक न्याय आंदोलन के गौतम कुमार प्रीतम ने कहा कि ब्राह्मणवादी-कॉरपोरेट-साम्प्रदायिक ताकत ने संविधान पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा-आरएसएस की सरकार 2014 के बदले 2019 में संविधान को बदलने की षड्यंत्र चौतरफा रूप से कर रही है। संचालन कर रहे मुखिया अशोक कुमार मंडल ने कहा बरियारपुर प्रखंड के गाँव-देहात जाकर बहुजन समाज को जगाएगें और भागलपुर पहुंचेगे। बैठक में 07 सदस्यीय तैयारी समिति गठित की। जिसमें संतोष कुमार, अशोक कुमार सहनी, राजेश पासवान, ई. चन्द्रशेखर चौधरी, विनय कुमार सिंह, अशोक कुमार मंडल, पवन कुमार पासवान शामिल हैं।

## भाजपा काराकाट मंडल कमेटी का हुआ गठन

**बिक्रमगंज (रोहतास):** भारतीय जनता पार्टी के रोहतास जिला इकाई के आदेशानुसार भारतीय जनता पार्टी काराकाट मंडल कमेटी का गठन किया गया। काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी काराकाट मंडल कार्यकारिणी की एक अति आवश्यक बैठक कर काराकाट मंडल का गठन सर्व समिति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष ललित मोहन सिंह , महामंत्री रजनी कान्त पांडेय ,महामंत्री राजकुमार शर्मा, मंत्री विजय शाह ,मंत्री ददन पांडेय, मंत्री शिवकुमार सिंह, मंत्री बुधन राम ,मंत्री गोविंद सिंह ,मंत्री ठाकुर प्रसाद प्रजापति ,कोषाध्यक्ष आनंदी शाह , मीडिया प्रभारी विवेक कुमार , सनी ,साथ ही साथ मोर्चा प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया । जिसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी , किसान मोर्चा अध्यक्ष बैजनाथ सिंह , महिला मोर्चा अध्यक्षा मैना कुंवर, अल्पसंख्यक मोर्चा जुबरईल खान, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष पारस राम, अत्यंत पिछड़ा वर्ग हरि पंडित , उपाध्यक्ष राजेश कुमार चंद्रवंशी , विंध्याचल सिंह, विनोद पासवान , पंकज पांडेय ,सुमन कुमार सिंह का गठन विधिवत रूप से निर्विरोध किया गया। उत्सव समिति से गठन करते हुए हर्ष व्यक्त किया गया ताकि काराकाट मंडल में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिल सके और भारतीय जनता पार्टी के विचार , सिद्धांत एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्रियाकलाप को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

## टीचिंग इंटर्नशिप स्वयं को परखने का एक अवसर : डॉ लक्ष्मीकांत राय

**नरकटियागंज, प.च.:** टी.पी.वर्मा कॉलेज में बीएड संकाय में गुरुवार से इंटर्नशिप का वर्ग संचालन प्रारंभ हो गया। जिसकी जानकारी प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय के हवाले से महाविद्यालय प्रशासन ने दी। प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय ने बताया कि इंटर्नशिपट एक अभ्यास शिक्षण सत्र से अधिक लंबी होती है और इससे छात्र-शिक्षक होने और पूर्ण शिक्षण जिम्मेदारियों के बीच एक पुल के रुप में डिजाइन किया जाता है। इंटर्नशिप शिक्षण कौशल बढ़ाने और सभी प्रकार की स्कूल गतिविधियों में भाग लेने के अवसर प्रदान करता है। जिला शिक्षा अधिकारी का पत्र आते ही 120 दिनों के लिए अंकित विभिन्न विद्यालयों में इंटर्नशिप के लिए भेजा जाएगा। स्कूल इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्कूल के माहौल से अवगत कराना और ऐसे शिक्षकों का निर्माण करना है जो समाज और देश के विकास में भागीदार बन सकें। उपर्युक्त जानकारी बीएड संकाय के अतुल कुमार सहायक प्राध्यापक ने दिया।

## सोनबरसा में आंदोलनरत सेविका-सहायिकाओं ने रितु जयसवाल को सौंपा मांगपत्र

राष्ट्रीय खबर

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** जिले के सोनबरसा ब्लॉक में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही आँगनवाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं से राजद महिला की प्रदेश अध्यक्ष सह परिहार विधानसभा की पूर्व उम्मीदवार रितु जायसवाल ने मुलाकात की। उन्होंने आँगनवाड़ी सहायिकाओं/सेविकाओं की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी मांगों को उचित पटल पर रखने का आश्वासन दिया।

महिला राजद की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने कहा कि ₹आँगनवाड़ी कर्मियों का योगदान हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम आपकी



मांगों को उचित पटल पर रखेंगे। इस मुलाकात के बाद आंगनवाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं ने विश्वास जताया कि सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

## दिलीप जायसवाल बनाए गए ओबीसी मोर्चा के नए अध्यक्ष

राष्ट्रीय खबर

**भितहा :** शुक्रवार को को प्रखंड के डीहीपकडी पंचायत के बुथ संख्या 309 पर बुथ पर बैठक कर ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को सर्वसम्मति से चुना गया जिसकी जानकारी देते हुए भितहा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल जयसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुरेश जयसवाल को हटाकर दिलीप जयसवाल को ओबीसी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया जो पार्टी में बेहतर काम करेंगे।श्री जयसवाल ने बताया कि बुथ संख्या 309पर बुथ



शशक्तिकरण मेरा बुथ सबसे मजबूत के तहद बैठक कि गयी।वही नव मनोनीत अध्यक्ष श्री जयसवाल ने कहा कि पार्टी ने जो आज जबादेही सौंपी गयी है उसे पुरे इमानदारी से खरा उतरूंगा और पार्टी द्वारा जो भी जबादेही सौंपी जायेगी उसे पुरुष निष्ठा से निभाउंगा। बैठक में मंडल महामंत्री विनय सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश साह,व बृजेश सिंह व बटएसर गुप्ता मंडल मंत्री विनय चौबे,अमित साह,तथा वाल्मीकि नगर के विस्तारक हरे राम भगत सहीत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंचायत में नेत्र रोगियों के लिए लगा फ्री मेडिकल कैंप, 224 की हुई जांच

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बगहा -दो प्रखंड की बलुआ छत्रौल पंचायत सरकार भवन में गुरूवार को ध्रुव नेत्रालय, हरनाटांड़ के सौजन्य से नेत्र रोगियों के लिए फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हरनाटांड़ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चिंतामणि काजी ने अपने सहयोगियों के साथ शिविर में आये कुल 224 मरीजों की जांच की तथा उनके बीच आवश्यक दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया। डॉ. काजी ने बताया कि इस शिविर के दौरान मोतियाबिंद के 82 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। शनिवार व मंगलवार को मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। पंचायत के लोगों की मानें तो फ्री मेडिकल कैंप के माध्यम से डॉ. चिन्तामणि काजी गरीब व



जरूरतमंद लोगों की बड़ी सेवा कर रहे हैं। जो अत्यंत सराहनीय पहल है। मौके पर मौजूद देवरिया तरुअनवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ओझहिया व जीमरी नौतनवा पंचायत मुखिया खुबलाल बड़घड़िया ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कार्य बहुत ही सराहनीय है । इसलिए धरती पर डाक्टरों को भगवान का रुप माना गया है। थरुहट क्षेत्रो से मोतियाबिंद का सफाया करना है। पंचायत के मुखिया ने डाक्टर, सहायक डाक्टर, मुखिया,जिला पार्षद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान सहायक चिकित्सक अमित कुमार श्रीवास्तव, केमिस्ट भुनेश्वर प्रसाद, मेडिकल टीम के सदस्य जितेंद्र काजी, सत्येंद्र कुमार, ऋषिराज कुमार, शानू कुमार आदि ने सहभागिता निभाई।

## चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को मिले जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा : केशरी

**17 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले हैं धार्मिक अल्पसंख्यक तो चार फीसदी वालों से सौतेला व्यवहार क्यों**

**हम खैरात नहीं अधिकार मांगते हैं, यह सरकार को देना हीं होगा**

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** धार्मिक अल्पसंख्यकों के तर्ज पर चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा मिलना चाहिए। तथा, उन्हें भी मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना सहित सभी योजनाओं में अल्पसंख्यकों के समान सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। यह बातें जनाधिकार मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष संजय केशरी



ने अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। श्री केशरी ने अपनी मांगों के समर्थन में तर्क देते हुए कहा कि जब सत्रह प्रतिशत से अधिक आबादी वालों को धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा हासिल है, तो चार प्रतिशत से कम आबादी वाले जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा क्यों नहीं मिल सकता है। सुनील कुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जातीय अल्पसंख्यक की अवधारणा आज के समय में कम आबादी वाले जातियों के लिए समय की मांग है। संयुक्ता कुमारी, सोनी सिन्हा तथा जूली शर्मा ने कहा कि जातीय अल्पसंख्यकों को भी धार्मिक अल्पसंख्यकों की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हम महिलाएं भी कृतसंकल्पित हैं। अजय प्रसाद सिंह, आजाद शर्मा तथा निरंजन गुप्ता ने आक्रोशित शब्दों में कहा कि चार प्रतिशत से कम आबादी वाले सभी जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा सरकार को देना ही होगा क्योंकि यह खैरात नहीं बल्कि हमारा अधिकार है। विचार गोष्ठी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि बैनर-पोस्टर लगाकर तथा जनसंपर्क अभियान चलाकर चार प्रतिशत से कम आबादी वाले सभी जातियों को जातीय अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाने के अभियान से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर शोभा देवी, रामबिनय मालाकार, सखीचन्द, कुन्दन राऊत, बबलु गुप्ता, अभिषेक कुमार और रितिकेश बिन्द सहित अन्य उपस्थित थे।

## चनपटिया के लालगढ़ में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बेतिया प.च.**: जिला के चनपटिया प्रखंड अंतर्गत लालगढ पंचायत के विद्यालय में सरकार की महत्वाकांक्षी जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम विनोद कुमार, बीडीओ मनोरंजन कुमार पांडेय, मुखिया कविता देवी, सीओ राकेश कुमार ने संयुक्ततः दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आंगनबाड़ी, नलजल, जन वितरण, मनरेगा विषयों पर चर्चा की गई। लोगों को उपर्युक्त विभागों में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बेतिया एसडीएम बिनोद कुमार ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में आम जन को जानकारी प्रदान करना व उनसे सुझाव लेना है। कार्यक्रम में हरेन्द्र भारती ने कहा कि जब खेती का समय बीत जाता है, तो किसानों को सरकार बीज उपलब्ध कराती है। जन संवाद कार्यक्रम में सीडीपीओ कुमारी श्वेता, एमओ दामिनी कुमारी, आरओ स्मृति साहनी, डॉ प्रदीप कुमार, मनरेगा पीओ देवकांत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र जायसवाल, अजय कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, कुणाल पांडेय, प्यारे पटेल, बृजेश राय, रोहित कुमार, बीरेंद्र राम समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# अनुमंडलीय अस्पताल में डेंगू के 10 मरीजों में पांच हुए स्वस्थ, तीन रेफर,दो का इलाज जारी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा**: अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती डेंगू के मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलना शुरू हो गया है। अस्पताल में भर्ती मरीज अब स्वस्थ होकर घर जाने लगे हैं। तो वहीं नए मिले मरीजों का अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक इलाज के लिए 10 मरीज भर्ती किया गया हैं। जिसमे 5 मरीज स्वस्थ होकर घर भी जा चुके हैं। तो दो का इलाज जारी है। वहीं तीन मरीजों को विशेष परिस्थिति में बेतिया जीएमसीएच रेफर किया गया है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.केबीएन सिंह ने बताया की अब तक 10 मरीज मिले हैं। इसमे से तीन मरीज रेफर हुए हैं। तो पांच स्वस्थ होकर घर गए हैं। तथा दो भर्ती मरीज का इलाज चल रहा है। इनमे से कोई भी मरीज बगहा में रहकर डेंगू का शिकार नहीं हुआ है। सभी लोग बाहर से आये हैं। एक मरीज हरियाणा से बुखार से पीड़ित आया था। कुछ मरीज पटना से आये थे। जो वहां पढ़ाई करते थे। सभी ठीक हुए। दो भर्ती मरीजों में से एक पटना में पढ़ता था। तथा दूसरा दिल्ली से आया है। सभी का इलाज जारी है। डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए अस्पताल में पांच बेडो वाला एक अलग वार्ड बनाया गया है। जहां 24 घन्टे चिकित्सक के देखरेख में इलाज जारी है। दवा वगैरह सभी संसाधन निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। ज्ञात हो कि बिहार में डेंगू के मरीजों का लगातार मिलना जारी है ।

## न्यूज फटाफट

## कृषि अनुसंधान परिषद में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पटना** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत 13 अक्टूबर को बीएमपी 05 उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा नवम् एवं दशम् के विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास के मार्गदर्शन में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. दास ने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता की महत्ता के बारे में बताया एवं अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से स्वच्छ भारत निर्माण के संदेश दिये। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. प्रतिभा शर्मा एवं शिक्षकगण आलोक रंजन, कुमारी प्रभा एवं कोमल कुमारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव कुमार, प्रमुख, फसल अनुसंधान प्रभाग, डॉ. अमिताभ डे, प्रधान वैज्ञानिक सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीतामढ़ी में भारोत्तोलन प्रतियोगिता का समापन, सम्मानित हुए बच्चे

राष्ट्रीय खबर



**सीतामढ़ी** : जिला भारोत्तोलन संघ के बैनर तले उच्च विद्यालय में तीसरा यूथ /जूनियर /सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद डॉ दिलीप कुमार यादव, डॉ. प्रतिमा आनंद, डॉ राजेश कुमार सुमन एवं जिला खो खो संघ के सचिव हरिशंकर प्रसाद ने खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया की सीतामढ़ी जिला में भारोत्तोलन खेल अब हर पंचायत एवं गांव में अपनी पहचान बना चुकी है और अब यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके है। वही डॉ. दिलीप यादव एवं डॉ. प्रतिमा आनंद ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने एवं नियमित अभ्यास करने की सलाह दी है। जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव सतीश कुमार ने बताया की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और उस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग लेंगे जिसका कार्ड बन चूका है, अन्यथा वो भाग नहीं लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में यूथ में राहुल कुमार, विष्णु कुमार तन्मय सिंह, सूरज कुमार, भास्कर कुमार, अंकित सिंह आदित्य कुमार एवं कुंदन कुमार शामिल है।

## अद्वितीय है आदिवासी महिलाओं की यह हस्तकला

## हाथ से निर्मित दौरी डलिया अंतरराष्ट्रीय पहचान बनी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा प.च.**: बिहार के पश्चिम चंपारण कहे जाने वाले महात्मा गांधी के कर्मभूमि तथा वाल्मीकि की तपोभूमि जो बेतिया मुख्यालय से 70 से 80 किलोमीटर उतर दिशा में सुदूर जंगलवर्ती व पहाड़ों के इर्दगिर्द बसे दर्जनों आदिवासी समुदाय के गाँवों में महिलाओं ने एक अनोखी हस्तकला का प्रयोग करती हैं। जिससे घर बार चलाने में इसकी बहुत ही अहमियत मानी जाती है। कहती हैं महिलायें--कुसुम देवी, चंदा देवी, राजकुमारी देवी, चंद्रावती देवी तथा सुकुमारी देवी इन पांचों महिलाओं ने बताया कि यह जो हमारे आदिवासी महिलाओं का हस्तकला से दौरी डलिया इत्यादि निर्मित होती है। हमारे परम्पराओं के एक अहम कड़ी है। इस वस्तुकला से हमारे घरों के कामकाज में बेहतर सुविधाओं में इसकी अहम भूमिका है। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार शादी विवाह में इसकी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर कन्या की जब शादी विवाह होने के उपरांत अपने घरों में पैर यदि रखते हैं तो इन वस्तु कलाओं की अत्यधिक महत्व है। हलाकि शहरी क्षेत्रों के लोगों में इसकी खास महत्व है। जो शहर से आदिवासी क्षेत्रों में पहुंच कर इसकी महंगे दामों में खरीदते हैं। साथ ही कई ऐसे संस्थान हैं जो इन वस्तुओं को खरीद कर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी कला में हिंदुस्तान की परंपरा को बेहतर साबित भी कर रहे हैं। यह एक खास घासफूस से निर्माण किया जाता है। जब महिलाओं को अपने दिनचर्या कार्यों से फुर्सत मिलती है तो इस कला की मुहिम में महिलाओं की समूह बैठ जाती हैं। केंद्र तथा बिहार की सरकारें भी इस हस्तकला के बढ़ावा देने के लिये विभिन्न प्रकार की योजनाओं को आदिवासी गांव के धरती पर उतारा है। थरुहट की राजधानी कहे जाने वाले हरनाटांड़ तथा वनवासी क्षेत्रों में चिउटहा कदमहवा के गांवों में हस्तकला की प्रदर्शनी लगाई जाती है। जिसमें सरकार के जनप्रतिनिधि सांसद विधायक मंत्री जिलाधिकारी सहित क्षेत्रीय अधिकारी भी इस कला को बढ़ावा देने में उनकी कोई सानी नहीं होती। बतादें कि 90 के दशक के बाद आदिवासी समुदाय के युवाओं तथा युवतियों पर नक्सली बनने का मुहर लग चुकी थी।

## बुलंदशहर के भाजपा सांसद भोला सिंह ने पूर्वजों का किया पिंडदान एवं तर्पण

राष्ट्रीय खबर

**गया** : भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह बुलंदशहर सीट से भाजपा सांसद भोला सिंह अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान करने गया धाम पहुंचे। उन्होंने विष्णु पद मंदिर, देवघाट,अक्षय वट और फल्गु नदी में अपने पूर्वजों के मोक्ष कामना को लेकर पूरे विधि विधान के साथ पिंडदान और तर्पण किया। उनके तीर्थ पुरोहित के निर्देशन में आचार्य ने मंत्रोंच्चारण के साथ कर्मकांड संपन्न करवाया। पिंडदान के पश्चात उन्होंने विष्णु पद मंदिर में भगवान विष्णु के दर्शन पूजन कर पितरों के आत्म शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ,मण्डल महामंत्री कमल बारीक उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नई इकाई गठित



राष्ट्रीय खबर

**नरकटियागंज, प.च.**:अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तारकेश्वर प्रसाद वर्मा महाविद्यालय के बीएड भवन में शुक्रवार को एक छात्र सम्मेलन आयोजित कर पुरानी इकाई को भंग कर नई कॉलेज इकाई का गठन किया गया। इकाई गठन कार्यक्रम की शुरूवात से पहले विवेक कुमार ने परिषद गीत का गायन किया तत्पश्चात चम्पारण विभाग संयोजक सुजीत मिश्र जिला संयोजक अभिजीत राय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य धर्मेश गुप्ता, राजा श्रॉफ, नगर मंत्री आशीष गुप्ता सह मंत्री साक्षी प्रिया द्वारा सामूहिक रूप से स्वामी विवेकानंद व ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के फोटो के पास दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान छात्रों को सम्बोधित करते हुए विभाग संयोजक सुजीत मिश्र व जिला संयोजक अभिजीत राय ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश राष्ट्र का पुनर्निर्माण और विद्यार्थी हित में काम करना है। विद्यार्थी परिषद संगठन ज्ञान शील एकता की विशेषताओं पर चलती है। हमारे कार्यकर्त्ता सिर्फ इतिहास पढ़ते हीं नहीं बल्कि हम लोग इतिहास को रचते एवं दुहराते भी हैं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य धर्मेश गुप्ता व राजा श्रॉफ नगर मंत्री आशीष गुप्ता एवं सह मंत्री साक्षी वर्मा ने भी छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की विद्यार्थी परिषद छात्रों के लिए वर्ष भर महाविद्यालय परिसर में उपस्थित रह कर उनकी सेवा करती है। इसके उपरांत विभाग संयोजक सुजीत मिश्र ने पुरानी इकाई भंग कर नई कॉलेज इकाई का घोषणा किया। जिसके अनुसार कॉलेज अध्यक्ष कुमार मंगलम मिश्र, कॉलेज उपाध्यक्ष शिवसागर महतो, पूजा कुमारी, गुंजन कुमार, पूजा कुमारी कॉलेज मंत्री आदित्य मिश्र, कॉलेज एसएफएस (स्टूडेंट फॉर सेवा) प्रमुख मेराज आलम, कॉलेज एसएफडी प्रमुख प्रकाश कुमार कॉलेज मीडिया प्रमुख रवि कुमार सह नुरैन राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख जूही कुमारी सह साकिया प्रवीण, कॉलेज खेल कूद प्रमुख रौनक मिश्र, कॉलेज कार्यकारिणी के सदस्य फैयाज आलम, नितेश, शिवम,आदित्य,आर्यन,विकाश को बनाया गया। इस अवसर पर प्रदीप बैठा, राघवेन्द्र, अंकित कुमार जिला प्रमुख मनदीप राय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के बिल की गड़बड़ी के झटके से पीड़ित उपभोक्ता है परेशान

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू. चः** सुगौली के बिजली उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से भारी परेशानी में, बिल दे रहा है जोर का झटका। बिजली विभाग पिछले दिनों से उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। बिजली की चमक उपभोक्ताओं के सामने तब अंधेरा बन जाता है जब उनके बिजली का बिल पिछले समय की तुलना में दुगुना,तीन गुना आने लगा है। यह समस्या तब से और अधिक हो गई है जब से लोगों के घरों में पुराने मीटर हटा कर नये स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विभाग की ओर से वर्तमान में भी प्रतिदिन उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के बिल की गड़बड़ी के झटके से पीड़ित उपभोक्ता अजय कुमार सहनी,परमात्मा सहनी, रामायण प्रसाद सहित बाजार के वार्ड 8 के पान दुकान दार ने बताया कि पुराने मीटर से पहले पांच सौ रुपए के लगभग महीने का बिल आता था। इधर स्मार्ट मीटर लगा है जिसमें तीन अक्टूबर को नये स्मार्ट मीटर में 1080 रुपए का रिचार्ज करवाया जो 13 अक्टूबर को ही 511 रुपए माइन्स का मेरे उपर बकाया का मैसेज आया है। महज दस दिनों में 1591 रुपए का बिजली का बिल विभाग द्वारा बताया जा रहा है। इस तरह की शिकायत लेकर दर्जनों की संख्या में लोग प्रतिदिन बिजली कार्यकय पंहुचते हैं। बताया गया कि स्मार्ट मीटर में बिल की गड़बड़ी को लेकर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में परेशान उपभोक्ता बिजली विभाग का चक्कर लगाते नजर आते हैं। शहर में आए दिन जो चर्चा सूनी जा रही है उसके अनुसार शहरी क्षेत्र के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं में हजारों लोग इस तरह की समस्या से रोज परेशान होकर अपनी शिकायत लेकर सुगौली और रक्सौल के बिजली विभाग के प्रमंडल कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं में दिन-प्रतिदिन आक्रोश बढ़ते जा रहा है। पर वैसे पीड़ित उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के लिए ना तो विभाग के कनीय अभियंता मिलते है और ना ही कोई कर्मचारी। विभागीय जानकारी के अनुसार सुगौली में फिलहाल बिजली विभाग के कनीय अभियंता का पद खाली है।बताया गया कि रक्सौल के कंनीय अभियंता प्रभार में है। जो दूज के चांद के तरह झटके से नजर आते है और फिर लंबे समय तक के लिए गायब हो जाते हों। वही विभाग की ओर से शिकायत दर्ज कराने के लिए विभाग के द्वारा मोबाइल ऐप के कस्टमर केयर के 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी जाती है पर उपभोक्ताओं की शिकायत है कि 1912 पर अपनी शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई नही सुनता है। सुगौली बिजली विभाग के प्रभार में चल रहे रक्सौल के कनीय अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि सुगौली के लोगो के बिजली बिल व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए रक्सौल प्रमंडल कार्यालय में एसडीओ सहित अन्य कर्मी उपलब्ध रहते है।

# फॉलोअप : गरीब कल्याण सम्मेलन के आयोजन से जागी गंडक पार के लोगों की उम्मीदें

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री व हजारों की भीड़ के सामने 'दीपक' ने किया अंधेरा भगाने का वादा

### 3180 लोगों ने सामुहिक रूप से भाजपा की सदस्यता लेकर रच दिया इतिहास

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित भाजपा के तमाम नेता व कार्यकर्ता गुरुवार को पतिलार में पहुंचे। जहां, हजारों की संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे हुए थे। मंच पर मौजूद भाजपा नेताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिससे मौके पर उपस्थित भीड़ भी काफी प्रभावित दिखाई दी उन्हें यह यकीन हो रहा था कि आने वाले समय में हमारे दिन भी बहूरेंगे। इस दौरान 3180 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की तथा पार्टी के मजबूती की बात कही। वही भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य दीपक यादव ने अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास की बात कही। उन्होंने अपने प्रथम बगहा आगमन के समय से संबंधित किस्सा सुनाया तथा 2008 के बगहा का हाल बताया। उन्होंने पूर्व की सरकारों पर बगहा को उपेक्षित रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यहां के लोग मेहनती व होनहार हैं, जो व्यवस्था व विकास के अभाव में आगे नहीं बढ़ सके। खेती तो करते थे मगर उसका सही लाभ उन्हें नहीं मिल पाता था। मैं उस समय यहां के लोगों की स्थिति सुधारने का आत्मनिर्णय लिया। मैं कृत संकल्पित था कि मेरे प्रयास से जितना भी हो सके अधिक से अधिक प्रयास कर यहां के लोगों के विकास में भागीदार बन सकूं। आज अनुमंडल मुख्यालय व विकास से काफी दूर ठकराहां प्रखंड तक मैं जा रहा हूं और वहां के लोगों के विकास के लिए कार्य कर रहा हूं। गंडक पार के चारों प्रखंड आज भी काफी पिछड़े हुए हैं। जिनके लिए अभी बहुत काम करने हैं। और आने वाले सालों में गंडक पार के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा करना है। इस दौरान सभा में मौजूद लोगों ने दीपक यादव के साथ मोदी-मोदी, वंदे मातरम आदि का नारा लगाया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की कई जन उपयोगी योजनाओं का जिक्र किया, जिनका लाभ सीधे लोगों को मिल रहा है। वहीं, उन्होंने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों के आर्थिक विकास में श्री यादव के योगदान पर प्रकाश डाला।

# प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र और पुस्तक का वितरण संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**जगदीशपुर/भोजपुर** : अनुमंडल के नयका टोला में जन विकास क्रांति द्वारा संचालित बिहार सरकार के सात निश्चय के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के तहत वित्तीय लेखांकन में सफल प्रतिभागियों का प्रमाण पत्र और पुस्तक वितरण को लेकर शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला नियोजन पदाधिकारी सा जिला नोडल पदाधिकारी मो. नूर हसन और जिला कौशल प्रबंधन संजय कुमार शामिल हुए। दोनो अधिकारियों ने सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुस्तक देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी देखने को मिला। जिला नियोजन पदाधिकारी ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम वित्तीय लेखांकन का प्रशिक्षण बिहार कौशल विकास मिशन (बीएसडीएम) द्वारा शुरू किया गया एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह बिहार सरकार की सात निश्चय योजनाओं में से एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य उन सभी उम्मीदवारों के रोजगार कौशल को बढ़ाना है, जो बिहार के स्थायी निवासी हैं व कम से कम 10वीं व वित्तीय लेखांकन में 12 वी कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। महासचिव डॉ. हिमराज सिंह ने कहा कि जन विकास क्रांति को भोजपुर का कुशल युवा कार्यक्रम का पहला प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता मिला है। संस्थान द्वारा बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है और इसको देखते हुए जन विकास क्रांति को इस वर्ष वित्तीय लेखांकन में प्रमाणपत्र का प्रशिक्षण देने हेतु चयन किया गया। जो कि जगदीशपुर अनुमंडल का एक मात्र संस्थान हैं। इस मौके पर प्राचार्य कुमारी स्नेहा सिंह,केंद्र समन्वयक संजय कुमार सिंह, विकास चौधरी, अभिषेक कुमार, आरती कुमारी, मो.जावेद, खुशी कुमारी सहित अन्य लोगों ने रहे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र अभिव्यक्ति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## संपादकीय

# गाजा पट्टी में इंसानियत की हत्या

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भी इजरायल की घटनाओं पर बंटा हुआ है और यह मतभेद स्वाभाविक है। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को एक शीर्ष राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के साथ मिलकर हमास आतंकवादियों द्वारा भीषण सप्ताहांत हमले का बदला लेने की लड़ाई की निगरानी के लिए एक युद्धकालीन मंत्रिमंडल बनाया। घेराबंदी में पड़ी गाजा पट्टी में, फिलिस्तीनी पीड़ा बढ़ गई क्योंकि इजरायली बमबारी ने पड़ोस को ध्वस्त कर दिया और एकमात्र बिजली संयंत्र में ईंधन खत्म हो गया। प्रधान मंत्री नेतन्याहू ने हमास को कुचलने और नष्ट करने की कसम खाई। उन्होंने टेलीविजन संबोधन में कहा, अब हमास का हर सदस्य एक मृत व्यक्ति है। नई कैबिनेट ने वर्षों की कटु विभाजनकारी राजनीति के बाद एकता की एक डिग्री स्थापित की है और ऐसे समय में जब इजरायली सेना द्वारा गाजा में जमीनी हमले शुरू करने की संभावना बढ़ रही है। युद्ध में पहले ही दोनों पक्षों के कम से कम 2,200 लोगों की जान जा चुकी है।



इजरायली सरकार हमास को उखाड़ फेंकने के लिए जनता के भारी दबाव में है, क्योंकि उसके आतंकवादियों ने शनिवार को सीमा बाड़ के माध्यम से हमला किया और सैकड़ों इजरायलियों को उनके घरों, सड़कों पर और एक बाहरी संगीत समारोह में मार डाला। पहले से ही, गाजा में इजरायली हवाई हमलों ने छोटे तटीय क्षेत्र में पूरे शहर के ब्लॉकों को मलबे में बदल दिया और मलबे के ढेर के नीचे अज्ञात संख्या में शव छोड़ गए। गाजा में आतंकवादियों ने इजराइल से छीने गए लगभग 150 लोगों को पकड़ रखा है - सैनिक, पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बूढ़े। उन्होंने बुधवार को भी इजराइल पर रॉकेट दागना जारी रखा, जिसमें दक्षिणी शहर अश्कलोन में भारी गोलीबारी भी शामिल थी।शनिवार को इजराइल पर हमास द्वारा किया गया अप्रत्याशित अप्रत्याशित हमला, जिसमें लगभग 700 लोग मारे गए, कब्जे वाले और अवरुद्ध फिलिस्तीनी क्षेत्रों में स्थिति की अस्थिरता और हमास जैसे गैर-राज्य अभिनेताओं द्वारा इजराइल के लिए उत्पन्न खतरों की याद दिलानी चाहिए, नहीं चाहे उनकी सेना और खुफि या एजेंसियाँ कितनी भी मजबूत क्यों न हों। वेस्ट बैंक में कई महीनों से तनाव व्याप्त है, लेकिन किसी ने भी गाजा से इतनी समन्वित, कम तकनीक वाली लेकिन घातक घुसपैठ की उम्मीद नहीं की थी। हाल के महीनों में वेस्ट बैंक में दैनिक आधार पर हिंसा देखी गई है। शनिवार के हमले से पहले, अकेले इस साल लगभग 200 फि लिस्तीनी और 30 इजराइली मारे गए थे। बेंजामिन नेतन्याहू सरकार ने बड़े पैमाने पर हिंसा को नजरअंदाज किया, और न्यायपालिका में बदलाव सहित अपनी अन्य नीतिगत प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाया। इजरायली सेना ने गाजा में स्थिति को ह्लस्थिर अस्थिरताह्न के रूप में वर्णित किया, यह देखते हुए कि स्थिति, हालांकि अस्थिर, नियंत्रण में थी। और फिर हमास का हमला हुआ, जिसने 1973 के योम किप्पुर युद्ध की याद दिला दी जब मिस्र और सीरिया ने इजराइल को हिलाकर रख दिया था। हमास, एक इस्लामी आतंकवादी संगठन जिसने 1990 और 2000 के दशक की शुरूआत में आत्मघाती हमले किए थे, ने नागरिकों और सैनिकों के बीच कोई अंतर नहीं दिखाया, जिससे हाल के इतिहास में इजराइल को सबसे बड़ा झटका लगा। यह हमला नैतिक और व्यावहारिक प्रश्न उठाता है। इजरायली नागरिकों के खिलाफ हमास की अंधाधुंध हिंसा निंदनीय है और इससे फिलिस्तीनी हित में किसी भी तरह से मदद नहीं मिलेगी। इसके विपरीत, यह अधिक फिलिस्तीनी जीवन को खतरे में डाल देगा क्योंकि इजराइल, नागरिक हताहतों की समान रूप से उपेक्षा करते हुए, घिरे हुए क्षेत्र पर हमला कर रहा है। लेकिन साथ ही, आधुनिक इतिहास के सबसे लंबे कब्जे के तहत फि लिस्तीनी क्षेत्र, एक सुलगता हुआ ज्वालामुखी रहा है। कोई शांति प्रक्रिया नहीं है. इजराइल ने वेस्ट बैंक में बस्तियों का निर्माण जारी रखा है, सुरक्षा बाधाओं और चौकियों को बढ़ाया है, फि लिस्तीनी आंदोलनों को सीमित किया है, और संगठित फि लिस्तीनियों को नियंत्रण में रखने के लिए बल या सामूहिक दंड का उपयोग करने में कभी संकोच नहीं किया है। इस यथास्थिति ने फिलिस्तीनियों को और अधिक कट्टरपंथी और हमास को और भी मजबूत बना दिया है। इजराइल ने अब युद्ध की घोषणा कर दी है. लेकिन पिछले हमलों - जमीनी आक्रमण और हवाई हमलों - ने हमास को कमजोर करने में कुछ खास नहीं किया है। पश्चिम एशिया में हाल के वर्षों में भू-राजनीतिक पुनर्गठन भी देखा गया है - इजराइल-अरब सुलह से लेकर ईरान-सऊदी संबंधों तक। लेकिन इन परिवर्तनों ने पश्चिम एशिया के मूल पाप, फिलिस्तीन पर कब्जे को आसानी से दरकिनार कर दिया है, जिससे यथास्थिति कायम हो गई है। लेकिन यथास्थिति परिणामों के बिना कायम नहीं रह सकती। यदि इजराइल और अन्य क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता चाहते हैं, तो उनका ध्यान फि लिस्तीन के प्रश्न का समाधान खोजने पर केंद्रित होना चाहिए। मूल मुद्दे को संबोधित किए बिना सैन्य अभियान केवल दिखावटी हस्तक्षेप होगा। इसलिए इजरायल की निंदा के साथ साथ इस खूनी संघर्ष की शुरूआत करने वाले हमास की निंदा जरूरी है।

# राजनैतिक ईर्ष्या व द्वेष की इन्तेहा

केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी लोकसभा क्षेत्र की सांसद स्मृति ईरानी ने इसी वर्ष जून में अमेठी क्षेत्र के एक पत्रकार से कहा कि 'मेरे लोकसभा क्षेत्र का अपमान मत करो, तुम भास्कर से हो तो क्या!' 'आप अगर मेरे क्षेत्र का अपमान करेंगे तो मैं आपके मालिकान को फोन करके कहूंगी... पत्रकार को अधिकार नहीं क्षेत्र की जनता के अपमान का।' उसके बाद कुछ ही घंटों में उस पत्रकार की नौकरी चली गयी थी। पत्रकार ने मंत्री महोदय से कोई ऐसा सवाल करने का 'साहस ' कर लिया था जिससे मंत्री महोदया असहज हो गयी थीं। और उसका जवाब देने के बजाय अमेठी के मान सम्मान का बहाना कर मंत्री महोदया ने पत्रकार के पेट पर लात मार दी थी । परन्तु क्या उन्हें वास्तव में अमेठी के मान सम्मान और वहां के लोगों की इतनी चिंता है ? यह जानने के लिए अमेठी हल्के की उस ताजातरीन घटना पर नजर डालनी जरूरी है जिसने पूरे अमेठी संसदीय क्षेत्र में सांसद स्मृति ईरानी के विरुद्ध रोष पैदा कर दिया है।

बताया जाता है कि अमेठी के मुंशीगंज इलाके में स्थित संजय गांधी अस्पताल में गत 14 सितंबर को दिव्या नामक एक 22 वर्षीय महिला को इलाज के लिये भर्ती कराया गया था। सर्जरी के दौरान वह कोमा में चली गई थी। उसके परिजनों का आरोप था कि मरीज को लखनऊ रेफर किए जाने से पहले 30 घंटे से अधिक समय तक अकारण अस्पताल में रखा गया था, जहां 16 सितंबर को उसकी मृत्यु हो गई।



**निर्मल रानी**
स्तंभकार

इसके बाद परिजनों ने अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित चार कर्मचारियों के विरुद्ध लापरवाही से दिव्या की मौत होने सम्बन्धी प्राथमिकी दर्ज करा दी। इस महिला मरीज की मौत के केवल दो ही दिन बाद यानी 18 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग ने संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं तक बंद कर दी गयीं। बताया जाता है कि यह अस्पताल पूरे एशिया का ग्रामीण क्षेत्र का सबसे बड़ा हॉस्पिटल है। यहाँ योग्य एवं पूर्ण शिक्षित डॉक्टर्स उपलब्ध हैं। यहां आँखों का भी इलाज होता है यहाँ तक कि डायलसिस की भी व्यवस्था है। गाइनी से लेकर 24 घंटे के आपातकाल तक का पूरा प्रबंध है। इसे अमेठी का इकलौता ट्रामा सेंटर भी कहा जाता है। यहाँ सर्जरी ,सांस रोग ,डेंटल ,कोरडिओलॉजी ,मेडिसिन ,आर्थो तक के सभी इलाज निपुण एवं कुशल डॉक्टर्स द्वारा किये जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि कैशलेस की सुविधा भी संजय गाँधी अस्पताल अमेठी के बाद केवल लखनऊ में ही उपलब्ध है। आरोप है कि इतनी सुविधाओं वाले अस्पताल को मौके की तलाश में बैठे क्षेत्रीय सांसद स्मृति ईरानी व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने इसका लाइसेंस रद्द कराने का आदेश देकर बंद करा दिया।

अस्पताल बंद होने के बाद अमेठी की जनता ने अस्पताल के समक्ष बड़ी संख्या में इकट्ठे होकर कई दिनों तक धरना प्रदर्शन किया। फिर भी सरकार की कान पर जूं तक नहीं रेंगी। आखिरकार अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा की ओर से इलाहबाद उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गयी।

इस याचिका में अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने के एक सरकारी आदेश को चुनौती दी गयी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता जे एन माथुर ने अदालत में यह दलील दी कि सरकार ने अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने का आदेश ह्यह्यराजनीतिक कारणों सेह्नह्न जारी किया है। हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। हालांकि मामले में चल रही जांच को जारी रखने को कहा गया है। इसतरह क्षेत्रीय लोगों को अदालत के आदेश के बाद ही राहत मिल सकी। आरोप है कि 16 दिनों तक सरकार की हठधर्मी से अस्पताल के बंद रहने के परिणाम स्वरूप लगभग 121 मरीजों की मौत हुई क्योंकि उन्हें सही समय पर इलाज नहीं मिल सका। अस्पताल कर्मियों के अनुसार इस अस्पताल में लगभग 700 से लेकर 800 मरीजों तक प्रतिदिन की डढऊहोती है जबकि प्रतिदिन 1500 मरीज औसतन यहाँ से स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि 16 दिनों तक अस्पताल बंदी के दौरान तमाम मरीज रोजाना आते और रोते पीटते निराश होकर वापस जाते।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद पूरे अमेठी जिले में यह धारणा बन चुकी है कि स्मृति ईरानी ने इसका लाईसेंस इसी लिये रद्द कराया क्योंकि यह अस्पताल कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा चलाया जाता है और दूसरे यह कि अस्पताल नाम के साथ ₹गाँधी ₹ शब्द जुड़ा हुआ है। इसीलिये भारतीय जनता पार्टी की अमेठी इकाई ने संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट का प्रबंधन मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी को सौंपे जाने की मांग भी कर डाली। लोग यह सवाल भी कर रहे हैं कि आये दिन देश के अनेक अस्पतालों में मरीजों की मौत भी होती है और मरीजों के परिजन डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप भी मढ़ते ही रहते हैं। ऐसे में कितने अस्पतालों के लाइसेंस स्थगित किये जाते हैं ?

कोरोना काल में अनगिनत सरकारी व निजी अस्पतालों में कहीं ऑक्सीजन की कमी आई तो कहीं बेड उपलब्ध नहीं। मरने वालों की संख्या इतनी कि जिसका कोई आंकड़ा ही उपलब्ध नहीं। ऐसे में कितने अस्पतालों के लाइसेंस स्थगित हुए और कितने जिम्मेदारों को जेल भेजा गया ? अभी इन्हीं दिनों में महारष्ट्र में नांदेड़ के विष्णुपुरी इलाके के शंकर राव चव्हाण मेडिकल कॉलेज से 48 घंटे में 31 मरीजों के मरने की खबर आई। क्या उस मेडिकल कॉलेज का लाइसेंस निरस्त कराया गया ?

स्थानीय लोग तो यह भी कह रहे हैं कि यदि स्मृति ईरानी को संजय गाँधी के नाम के इस अस्पताल से इतनी ही परेशानी थी तो वह अपने इसी संसदीय इलाके में सावरकर के नाम का इससे भी बड़ा और इससे अधिक सुविधाओं वाला अस्पताल खुलवा देतीं? परन्तु इसे बंद करने का तो कतई कोई औचित्य नहीं था। यदि कोई अनियमिता किसी डॉक्टर या स्टाफ द्वारा बरती भी गयी थी तो जाँच के बाद उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती थी। परन्तु महज एक महिला की मृत्यु के बाद अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर पूरे क्षेत्र की जनता को परेशानी में डालने और 16 दिनों की अस्पताल बंदी के दौरान कथित तौर पर 121 मरीजों की असामयिक मौत से क्षेत्र की जनता में यह सन्देश जा चुका है कि यह सब महज राजनैतिक ईर्ष्या व द्वेष की इन्तेहा का ही परिणाम था। लोगों में इस बात को लेकर भी आश्चर्य है कि अपने क्षेत्र की बदनामी के नाम पर जिस समृति ईरानी ने एक पत्रकार को बेरोजगार करा दिया था उन्हें यह एहसास भी नहीं हुआ कि इस अस्पताल के लाइसेंस निरस्त होने के बाद मरीजों को होने वाली परेशानी से उनके इलाके की कितनी बदनामी होगी ?

# कंजूस आदमी

**प्रेरक प्रसंग**

एक नगर में आनंद नाम का बहुत ही धनवान व्यक्ति रहता था, आनंद जितना धनवान था उतना ही कंजूस भी था, उसने अपने पुत्र मोहन को भी अपने जैसा कंजूश बना रखा था, जीवन भर कंजूस की जिंदगी जीने के बाद जब आनंद की मृत्यु हो गया तो वह मरकर कुत्ते की योनि में जन्म लिया।

एक दीन वह अपने मनुष्य जन्म के पुत्र मोहन के मकान के सामने से गुजरा, तब उसे पूर्व जन्म की स्मृति हुई, उसे लगा की अरे यह तो मेरा ही घर है मेरी ही संपत्ति है मेरा ही पुत्र है, यह सोचते हुए वह



कुत्ता बेधड़क उस घर में घुस गया, और रसोई में जाकर भोजन आदि को खाने लगा।

बर्तनो की आवाज सुनकर दूसरे कमरे में बैठे मोहन को संदेह हुआ, वह रसोई घर में पंहुचा और देखा की एक कुत्ता भोजन को खा रहा है, मोहन को उस कुत्ते के दुस्साहस पर हुस्सा आया, उसने लाठी उठाई और उस कुत्ते की खूब पिटाई कर दिया, पिटाई इतनी हुई की कुत्ते का कमर ही टूट गया, अब वह न तो भाग पा रहा था।


तब उसे अपने पूर्व जन्म के आचरण और अपने बेटे के परवरिश पर पछतावा हुवा।

कहानी का तातपर्य ही की मनुष्य मेरा पुत्र मेरा धन करके इतराता रहता है, जब मनुष्य अपने खुद का नहीं हो सकता तो धन और पुत्र वो कहा तक साथ देंगे।

डॉक्टर लोहिया की पुण्य तिथि 12 अक्टूबर पर विशेष

# आज होते डॉक्टर लोहिया तो गैर-भाजपा वाद का करते आवाहन

जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। गैर-कांग्रेसवाद के जनक और समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया का यह कथन आज की सरकारों के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है जितना 1960 के दशक में जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की सरकारों के लिए था। उस समय की कांग्रेस पार्टी का एकाधिकार समाप्त करने और उसके कारण समाज में फैल रही बुराइयों को खत्म करने के लिए गैर-कांग्रेसवाद का आह्वान किया था तो आज अगर वे होते तो निश्चित तौर पर गैर-भाजपावाद का आह्वान करते। दुर्भाग्य की बात यही है उनके तमाम शिष्य या अनुयायी उनके विचारों की ठस व्याख्या करते हैं या फिर उनकी राह पर चलने का साहस नहीं जुटा पाते.उनकी 56 वीं पुण्य तिथि पर उन्हें स्मरण करने का सबसे बड़ा प्रयोजन यही होना चाहिए कि उनके चिंतन, साहस, कल्पनाशीलता और रणकौशल को आज के संदर्भ में कैसे लागू किया जाए। गांधी जी के बाद डॉक्टर राममनोहर लोहिया ही सबसे प्रखर विचारक-चिंतक लगते हैं। जो अपनी धरती, मिट्टी, उसकी सुगंध से जुड़े हुए है। आज जब देश विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है तब डॉक्टर लोहिया ही ऐसे विचारक चिंतक हैं जिन की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है तथा भविष्य में भी उनकी प्रासंगिकता बनी रहेगी ।



**रामस्वरूप मंत्री**
स्तंभकार

> **डा.राम मनोहर लोहिया अक्सर कहा करते थे कि 'सत्ता सदैव जड़ता की ओर बढ़ती है और निरंतर निहित स्वार्थों और भ्रष्टाचारों को पनपाती है। विदेशी सत्ता भी यही करती है।**

डा.राम मनोहर लोहिया अक्सर कहा करते थे कि 'सत्ता सदैव जड़ता की ओर बढ़ती है और निरंतर निहित स्वार्थों और भ्रष्टाचारों को पनपाती है. विदेशी सत्ता भी यही करती है। अंतर केवल इतना है कि वह विदेशी होती है, इसलिए उसके शोषण के तरीके अलग होते हैं। किंतु जहां तक चरित्र का सवाल है, चाहे विदेशी शासन हो या देशी शासन, दोनों की प्रवृत्ति भ्रष्टाचार को विकसित करने में व्यक्त होती है। उन्होंने कहा था कि ह्यदेशी शासन को निरंतर जागरुक और चौकस बनाना है तो प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने राजनीतिक अधिकारों को समझे और जहां कहीं भी उस पर चोट होती हो, या हमले होते हों उसके विरुद्ध अपनी आवाज उठाए।

डा. लोहिया की कही बातें वर्तमान भारतीय शासन व्यवस्था पर सटीक बैठती हैं. आज देश में गैरबराबरी, भ्रष्टाचार, भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कुपोषण, जातिवाद, क्षेत्रवाद और आतंकवाद जैसी समस्याएं गहरायी हैं और शासन सत्ता अपने लक्ष्य से भटका हुआ है तो इसके लिए सरकार की नीतियां और भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था ही जिम्मेदार है।

नैतिक और राष्ट्रशील मूल्यों में व्यापक गिरावट के कारण अमीरी-गरीबी की खाई चौड़ी होती जा रही है। सरकारें बुनियादी कसौटी पर विफल हैं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। नागरिक समाज के प्रति रवैया संवेदहीन है। दल के संबंध में उनकी कल्पना अद्भुत थी। 'फ्रैगमेंट्स ऑफ वर्ल्ड माइंड' में उन्होंने कहा है कि 'सोशलिस्ट पार्टी की सबसे बड़ी कमजोरी तो उसका नकारात्मक दृष्टिकोण है। शिकायत करने की ताकत तो बची हुई हैं, पर सोचने और कर्म करने की ताकत गायब हो गयी है। यह नकारात्मकता सोशलिस्टों का स्वभाव बन गयी है. उन्होंने कहा भी कि 'सफल कर्म के लिए रचनात्मकता और संघर्षशीलता दोनों का मिश्रण जरूरी है। सांप्रदायिकता, हिंदू-मुसलमान एकता, भारत-पाक महासंघ जैसे विचारों के बाद भी सांप्रदायिकता की आंच से सारा देश समाज झुलस रहा है। उनके ऐसे मौलिक विचारों में ताकत तो है, पर उनके अनुयायी संगठन ने इसे नहीं बढ़ाया।

## जानकारी

# रामेश्वरम से पम्बन ब्रिज




भारत के तमिल नाडु राज्य में पाम्बन द्वीप को मुख्यभूमि में मण्डपम से जोड़ने वाला एक रेल सेतु है। यह अगस्त 1911 से बनना शुरू हुआ और इसका उदघाटन 24 फरवरी 1914 में हुआ था। तब यह भारत का एकमात्र समुद्री सेतु था। यह सन् 2010 में बान्द्रा-वर्ली समुद्रसेतु के खुलने तक भारत का सबसे लम्बा समुद्री सेतु रहा। सन 1988 में रेल पुल से समांतर एक सड़क पुल भी बनाया गया जो राष्ट्रीय राजमार्ग 87 का भाग हैयह पुल 2.05 किमी लंबा होगा। पुराने पुल की तुलना में नया पुल तीन मीटर ऊंचा और समुद्र तल से 22 मीटर ऊंचा होगा। नए पंबन ब्रिज का निर्माण रेलवे विकास निगम लिमिटेड द्वारा पुराने पुल के समानांतर किया जा रहा है। हर साल लाखों तीर्थयात्री रामेश्वरम में विश्वप्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं।

# Oppo Find N3 Flip के भारत में प्राइस का खुलासा

**साइबर दुनिया**

नई दिल्ली : चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Oppo का फोल्डेबल स्मार्टफोन Find N3 Flip 12 अक्टूबर को भारत में लॉन्च होगा। इससे पहले इसका प्राइस ऑनलाइन लीक हुआ है। इस क्लैमशेल फोल्डेबल स्मार्टफोन को अगस्त में चीन में लॉन्च किया गया था। इसमें प्रोसेसर के तौर पर MediaTek Dimensity 9200 SoC दिया गया है। इसकी 4,300 mAh की बैटरी 44 W वायर्ड चार्जिंग को सपोर्ट करती है। इसमें 6.80 इंच AMOLED मेन डिस्प्ले 120 Hz के रिफ्रेश रेट के साथ है। इसका कवर डिस्प्ले 3.26 इंच का है। टिप्सटर Abhishek Yadav (@yabhishekhd) ने (पहले Twitter) पर एक पोस्ट में इसके देश में प्राइस का खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि इसके 128 GB RAM + 256 GB स्टोरेज वाले वेरिएंट का प्राइस लगभग 94,999 रुपये होगा। यह 89,622 रुपये के डिस्काउंटेड प्राइस पर उपलब्ध कराया जा सकता है। Oppo Find N3 Flip को 12 अक्टूबर को लॉन्च किया जाएगा। इस लॉन्च इवेंट की 7:00 स्त्रे (IST) से YouTube पर लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।




इस वर्ष की शुरूआत में कंपनी ने Oppo Find N2 Flip के देश में 8 GB RAM + 256 GB स्टोरेज वेरिएंट को 89,999 रुपये में लॉन्च किया था। पिछले सप्ताह चीन में लॉन्च किए गए Oppo Find N3 Flip का 12 GB RAM + 256 GB वेरिएंट के लिए प्राइस CNY 6,799 (लगभग 77,000 रुपये) था। इसे Mirror Night, Mist Rose और Moonlight Muse कलर्स में उपलब्ध कराया गया है। Oppo Find N3 Flip में MediaTek Dimensity 9200 रङ्गउ प्रोसेसर दिया गया है, यह सेकेंड जेनरेशन TSMC 4 ल्ले प्रोसेस पर बेस्ड है। इसमें 12 GB का LPDDR5X RAM होगा।

## टॉप ट्वीट

"गुरुवार को जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक-2023 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स- 2023) के मुताबिक भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर है। भारत का स्कोर 28.7 प्रतिशत है, जो इसे ऐसी श्रेणी में लाता है, जहां भूख और भुखमरी की स्थिति अति गंभीर और चिंताजनक है।"

लालू प्रसाद यादव
आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष





"एक सोल्जर के लिए उसकी जान से ज्यादा कीमती होती है उसकी इज्जत, उसकी वर्दी, और एक सोल्जर अपनी वर्दी की इज्जत के लिए अपनी जान भी दे सकता है।"

विक्की कौशल
बॉलीवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### भारत विरोधी आतंकवादियों पर अज्ञात हमलावरों का खौफ

पाकिस्तान में भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल अनेक आतंकवादियों को मार गिराया गया है ।भारत के मास्टरमाइंड मोस्टवांटेड आतंकवादियों पर अज्ञात हमलावर हमला कर मौत के घाट उतारने में सफल हो रहे है ।कई आतंकवादी मारे जा चुके है ।लेकिन हमलावर पुलिस पकड से दूर है ।पाक में 22 मोस्टवांटेड आतंकवादियों में पिछले कई दिनों से हमला किया जा रहा है ।उसमें अब तक छह आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया है ।अब तक कोई सुराग नही छोड़ने वाले आखिरकार ये हमलावर है कौन?पठानकोट मास्टरमाइंड की पाकिस्तान में हत्या कर दी गई है ।पिछले 48 घन्टे में दो आतंकवादी को मार गिराए जाने के बाद हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर है ।आतंकवादियों में दहशतगर्दी और खौफजदा माहौल है ।आईएसआई को बड़ा झटका लगा है ।क्योंकि आतंकी सरगना आईएसआई से जुड़ा हुआ था ।कुलभूषण जाधव का ईरान से अपहरण करने वाला आईएसआई एजेंट होरमुज की हत्या हो गई है ।पाकिस्तान में बहुत नजदीक आकर गोली मारने का सिलसिला चालू ही है ।इस घटना में भी तीन हमलावर बाइक पर आकर नजदीक से गोलीबार कर फरार हो गए ।पाकिस्तान की जासूसी संस्था को हमलावरों की खुली चुनौती है ।भारत मे मोस्टवांटेड आतंकी शाहिद लतीफ पाकिस्तान के गुजरावाला का रहने वाला था ।2016 में हुए पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड था ।लतीफ जैस ए मोहम्मद का आतंकी था ।जिस तरह से पाकिस्तान में हमलावर हमला कर आतंकियों को मौत के घाट उतार रहे है ।इससे भय व्याप्त है ।जनवरी 2016 में पठानकोट स्थित एयरफोर्स बेज पर हमला किया था ।इस घटना में पांच आतंकियों की मौत हुई थी ।जबकि गोलीबार में सात जवान शहीद हो गए थे ।कनाडा में खालितस्तानी आतंकी निजर की हत्या की गई थी ।ये तिरंगा के अपमान का दोषी था ।इन दो आतंकी मारे जाने के बाद आतंकियों में भय का माहौल है ।इस वर्ष में बहुत से वान्टेड आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया है ।इस वर्ष भारत विरोधी आतंकियों का खात्मा किया गया है ।बीस फरवरी बसीर अहमद,रावलपिंडी में गोलीमार कर हत्या की गई ।हाफिज सईद,अबू ,परमवीरजित पंजवड की हत्या कर दी गई ।जहूर मिस्त्री की भी हत्या कर दी गई।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### मुखिया ने किया शिक्षा किट वितरण

**हजारीबाग:** राजकीय मध्य विद्यालय बोंगा में वर्ग 1 से 8 तक के बच्चो को मुखिया उमेश मेहता ने बैग, कॉपी का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि झारखंड सरकार की एक अच्छी पहल है। जो गरीब निर्धन बच्चों को पढ़ने में कठिनाई होती थी वह अब स्कूलों से मिल जा रहा है जिसमें बच्चों को पढ़ने में काफी सहूलियत होती है।

## सिटी अपडेट्स >>

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक दिए गए कई निर्देश

**हजारीबाग:** चरही थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें समाज के गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। शांति समिति की बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा आयोजकों को कई तरह के दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा आयोजकों द्वारा भी अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने का मौका दिया गया। जिसमें प्रशासन के द्वारा पूजा और विसर्जन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। वही शांति समिति की बैठक में प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। इसके अलावा पूजा के लिए पुरुष एवं महिला ब्रीकेटिंग को अलग-अलग रखें। साथ ही किसी भी प्रकार के कोई भी भड़काऊ गाने इत्यादि बजाने पर प्रतिबंध रखने की बात कही गई है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चुरचू शशि भूषण सिंह,पुलिस निरीक्षक चुरचू अंचल, चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार, चुरचू प्रमुख निरंजन प्रकाश नायक, पंचायत समिति आशा देवी, निरंजन महतो, मुखिया देवलाल कुमार, पूर्व मुखिया दसरथ महतो, महादेव सोरेन, मुरारी सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा, नीलकंठ महतो जिला सचिव झामुमो, सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**हजारीबाग:** चौपारण थाना ने अपराधियों के खिलाफ बड़ी कारवाई की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस दल ने प्रखण्ड के बिगहा जंगल से दो देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चौपारण थाना अन्तर्गत बिगहा जंगल में 5-7 व्यक्तियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिये योजना बना रहे हैं। जिसे त्वरित कार्रवाई करने पर घटना को अंजाम देने से रोका जा सकता है। इस सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक छापामारी दल का टीम गठन किया गया। गठित टीम में पुलिस निरीक्षक बरही अंचल, थाना प्रभारी चौपारण, चौपारण थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। गठित टीम द्वारा उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू घटनास्थल बिगहा जंगल पहुँचा तथा घेराबंदी कर छापामारी किया गया। पुलिस बल को देखकर कुछ लोग जंगल में इधर-उधर भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति गौतम कुमार दांगी पिता बैजनाथ दांगी ग्राम दादपुर थाना चौपारण, कुंदन रजक पिता राजु रजक ग्राम दादपुर थाना चौपारण, रामसेवक कुमार पिता अर्जुन दांगी ग्राम वृन्दावन थाना चौपारण को पकड़ लिया गया तथा अन्य 03-04 व्यक्ति जंगल एवं रात्री का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गये। पकड़ाये अभियुक्त के बदन का विधिवत तलाशी लेने पर गौतम कुमार दांगी के बायें तरफ कमर में छिपाकर रखा एक देशी कट्टा तथा पाकेट से दो कारतुस एवं रामसेवक कुमार के पास से एक देशी कट्टा, दो कारतुस तथा कुंदन कुमार के पैंट के पॉकेट से एक कारतूस बरामद किया गया।

**अपराध**

### कंस्ट्रक्शन कंपनी के हाईवा, पानी टैंकर एवं रोलर को फूंका

# अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम: मनोज

- 15 लोगों का मोबाइल छीन लिया
- गाड़ी से डीजल निकाल कर साइट पर खड़े वाहनों में आग लगा दी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** कटकमसांडी वर्षों बाद एकबार फिर माओवादियों ने ऐसा हेसा कुदर कठौतिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए यहां रॉयल इंफा कंस्ट्रक्शन साइट पर चार हाईवा, एक रोड रोलर, दो डीजल टैंकर एक ट्रैक्टर डोजर को फूंक डाला। इस घटना से कंपनी को करीब दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटनास्थल पर माओवादियों ने पर्चा भी छोड़ा है। घटना की जिम्मेदारी माओवादी संगठन ने ली है। कठौतिया टोरी चंदवा रेल लाइन निर्माण का कार्य इस क्षेत्र में चल रहा है। घटना बुधवार की रात ढाई बजे की है। बताया जा रहा है कि दो दर्जन से अधिक आवादियों ने दस्ताने सीमा पहाड़ी मंदिर के सामने वाले कैंप में धावा बोला और वहां कार्यरत 15 से 20 की संख्या में काम कर रहे कर्मियों को अपने कब्जे में ले लिया। सभी को रेलवे लाइन को पार करा कर दूसरी तरफ स्थित कैंप में रखा गया और चारों तरफ से उन्हें घेर लिया। पांच से सात लोग कैप के अंदर आए और सोए कर्मियों को उठाया,15 लोगों का मोबाइल छीन लिया और कैप के एक रूम में सभी को बंद कर दिया। वे ठेकेदार तथा मुशी को खोजने लगे। फिर वे नारे लगाते हुए गाड़ी से डीजल निकाल कर साइट पर खड़े वाहनों में आग लगा दी। जाते-जाते एक पर्चा भी नक्सली के नाम का छोड़ गए। पर्चा के माध्यम से इस घटना की जिम्मेवारी लेते हुए लिखा है कि कोई भी सरकारी काम नहीं करें नहीं तो फौजी कार्रवाई की जाएगी। मुखबिरी करना बंद करें। जन, जंगल जमीन हमारा है। पर्चा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मारवाड़ी लिखा हुआ है। जानकारी मिलते ही कटकमसांडी थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने वरीय अधिकारियों को भी अवगत कराया और फोन कर फायर ब्रिगेडको भी बुलाया। जब तक पुलिस एवं फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची तब तक वाहन पूरी तरह जल चुके थे। आसपास खड़े अन्य वाहनों को तुरंत दूसरी जगह ले जाया गया। जिला पुलिस कप्तान चौथे मनोज रतन ने पत्रकारों को बताया कि यह घटना माओवादियों द्वारा नहीं बल्कि अपराधियों द्वारा की गयी है। घटना में चार अपराधी शामिल थे। सभी अपराधियों को पुलिस द्वारा चिन्हित कर लिया गया है। माओवादियों के नाम पर अपराधियों द्वारा लेखी या रंगदारी के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों को जल्द गिरफ्तारी होगी। रॉयल इंफा के कर्मी कहते है कि कुछ आवादी पुलिस की तरह वर्दी पहने हुए थे जबकि कुछ लोग सादे कपड़े में और मास्क लगाए हुए थे। सभी 40 कर्मियों से मोबाइल लूट लिया। साथ ही भागुराम और मोह मिस्त्री के साथ मारपीट भी किया। साइट के मुशी सुरेंद्र यादव द्वारी गांव का रहने वाला है, जिसने छिपकर अपना बचाव किया।

## शिक्षक सम्मान समारोह आज



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** इचाक पासवा द्वारा चतरा में 14 अक्टूबर को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह में भाग लेने जा रहे झारखण्ड़ पासवा के चेयरमैन आलोक कुमार दूबे इचाक प्रखंड में स्थानीय पासवा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष विपीन कुमार, जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल के नेतृत्व में राजकुमार, सुनीता शर्मा, प्रियंका कुमारी, पूजा गुप्ता, अवध सिंह, शंभू प्रसाद दिलीप कुमार, नगीना आजमी, सुमन कुमारी निशा बाला, मुकेश प्रसाद, पिंकी सिंह, निशी बाला कुमारी एवं अन्य ने आईजीएम पब्लिक स्कूल में पासवा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। आज 14 अक्टूबर को चतरा कॉलेज चतरा मल्टीपरपस हॉल में पूर्वाह्न 10.30 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। 2 हजार शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू समारोह के उद्घघाटन कर्ता होंगे। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मुख्य अतिथि होंगे जबकि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद मुख्य वक्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार भी मौजूद रहेंगे।

## शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद के नेतृत्व में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक गुरु गोष्ठी कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव के सभागार में आयोजित हुई। श्री प्रसाद द्वारा शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिए गए जिनमें ई विद्या वाहिनी के माध्यम से छात्रों की दैनिक उपस्थिति, ऑनलाइन अवकाश, प्रयास कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस, विद्यालय में शिकायत पेटिका सह प्रश्न पेटिका, रेल कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच प्रत्येक शनिवार को परीक्षा आयोजित करने एवं मंगलवार को परीक्षा परिणाम प्रकाशित करने से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर चलाए जा रहे प्रयास कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए पोषक क्षेत्र के अभिभावकों का सहयोग प्राप्त करें। उक्त गोष्ठी में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बड़का गांव प्रखंड इकाई के द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें ऑनलाइन अवकाश, मध्याहन भोजन की राशि प्रखंड के अधिकतर विद्यालयों में नहीं होने, विद्यालय में खराब पड़े टैब को ठीक करवाने इत्यादि पर ध्यान आकृष्ट कराने का अनुरोध किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संघ के मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर एवं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को विद्यालय स्तर पर लागू कर अपने प्रखंड का नाम जिले की अग्रणी सूची में शामिल करना है। गोष्ठी में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, बीपीएम प्रह्लाद गुप्ता, बीआरपी अभय कुमार, धनंजय कुमार दास, सीआरपी दीपक कुमार, अजय कुमार, शंभू शरण दास, रंजीत नाग अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष चेतलाल राम, शिक्षक अशोक कुमार, कृष्ण कुमार सिन्हा, रामसेवक रविदास, राम विलास दास आदि दर्जनों शिक्षक शामिल हुए।

## उपायुक्त ने किया वृन्दावन डांडिया नाइट के प्रवेश पत्र का अनावरण



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग संस्कार भारती हजारीबाग इकाई कला एवम साहित्य की अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्था है। जो पिछले कई वर्षों से अपने सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से कला एवम साहित्य से जुड़ी प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने के साथ अपने कार्यों से समाज का भला करने वाले व्यक्तियों महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित करने का कार्य करते आई हैं। कार्यक्रम के इसी क्रम में इस बार हजारीबाग में प्रथम बार आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर डांडिया के मूल स्वरूप में अपने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृन्दावन डांडिया नाइट 2023 का आयोजन दिनांक 19 अक्टूबर को स्थानीय मुनका बगीचा संध्या 6 बजे से कर रही है। कार्यक्रम के इसी क्रम में आज संस्कार भारती हजारीबाग के पदाधिकारियों द्वारा हजारीबाग की बहुमुखी प्रतिभा की धनी उपायुक्त महोदया को कार्यक्रम के निमित्त निमंत्रण दिया गया साथ ही उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा उक्त कार्यक्रम के प्रवेश पत्र का अनावरण भी किया गया मौके पर मौजूद प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण को भी निमंत्रण पत्र दिया गया जिसे सभी ने स्वीकारते हुए कार्यक्रम में आने की सहमति दी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि झारखंड में पहली बार हजारीबाग में डांडिया के मूल स्वरूप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे भारत वर्ष में पहली बार संस्कार भारती की ओर से वृन्दावन डांडिया नाइट का आयोजन किया जा रहा है जहां केवल अकेले पुरूषों का प्रवेश वर्जित है जबकि सिंगल लड़कियों, महिलाओं के लिए प्रवेश शुल्क मात्र 99 रुपए रखा गया है वही कपल प्रवेश शुल्क 199 का रखा गया है।

## सिकरी में वन अधिकार समिति का गठन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी में अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 (वन अधिकार अधिनियम 2023) उपायुक्त के पत्रांक 1690/ दिनांक 03/10/2023 के निर्देशानुसार सिकरी मुखिया प्रभु महतो के अध्यक्षता तथा संचालन पर्यवेक्षक अशोक साव के द्वारा संपन्न किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से धनेश्वर राम को अध्यक्ष एवं स्वरूप नारायण सिंह को सचिव चुना गया। सदस्य के रूप में सहदेव राम, अनिल कुमार धोबी, कामेश्वर महतो, भोला महतो, बबीता देवी, कालो देवी, सुशीला देवी, सुमित्रा देवी, अशोक महतो, जितेंद्र कुमार गुप्ता, कृष्णा पासवान, ममता देवी सहित 15 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात सभी नव निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ हीं नव निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए मुखिया प्रभु महतो ने कहा कि आप सभी विभाग के निर्देशानुसार जो भी काम मिले उस काम को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे, और ग्रामीण जनता को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर कामेश्वर सिंह, रमेश कुमार, प्रदीप प्रभाकर, पृथ्वीराज, संतोष कुमार, ईश्वर कुमार, तालेश्वर महतो, अरुण कुमार, उप मुखिया पूनम देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**वितरण**

### स्कूली छात्राओं के बीच 400 साइकिलों का वितरण

# प्रदेश शिक्षा का केंद्रबिंदु बनेगा: जयंत सिन्हा

- साइकिल बैंक का भी गठन किया गया
- बेटियों को शिक्षा और स्वतंत्रता का अधिकार है



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा में शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयंती व अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर केयर टुडे के माध्यम से नव भारत जागृति केंद्र के तत्वावधान में स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र के 4 विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के बीच 400 साइकिलों का वितरण किया व सभी बच्चियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस साइकिल वितरण कार्यक्रम के लिए एक साइकिल बैंक का भी गठन किया गया है। जो क्षेत्र की बच्चियों को अगले 10 साल तक उनके स्कूल आवागमन में असुविधा को खत्म करने में लिए साइकिल प्रदान करेगा। जब बच्चियां अपनी 10 वीं की परीक्षा पास करेंगी। वे अपनी साइकिल को स्कूल में जमा कर देंगी ताकि आगामी भविष्य में बाकी बच्चियों को भी इसकी सुविधा मिल सकें। इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने उदार रूप से स्त्री शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने का समर्थन किया और बच्चियों को उनके शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह साइकिल वितरण कार्यक्रम से उन बच्चियों को सहायता प्रदान की गई है। जो सुदूर इलाकों से स्कूल आया करती हैं। हम समय समय पर उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसी प्रकार से साइकिल वितरण का कार्यक्रम करेंगे। बेटियों को शिक्षा और स्वतंत्रता का अधिकार है और इस कार्यक्रम के तहत मिली साइकिल उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद कर सकती है। यह कदम उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। जयंत सिन्हा ने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम हजारीबाग लोकसभा को झारखंड में नारी सशक्तिकरण व नारी शिक्षा का केंद्रबिंदु बनाना चाहते हैं। इसी दिशा में हम पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत हैं। यह साइकिल वितरण कार्यक्रम इसी लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास है। सभी स्कूली छात्र व छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलें, इसके लिए हम हर साधन उपलब्ध करवा रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### जय कन्हैया लाल की स्वरों से गूंज उठी अग्रसेन भवन



हजारीबाग: हजारीबाग अग्रसेन जयंती महोत्सव 2023 में चल रहे कार्यक्रम में नंद उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को रंगोली सजाओ प्रतियोगिता, खिलाड़ियों के खिलाड़ी आयोजित की गई। जिनकी संयोजिका अमित बूबना, अंशु बूबना, श्वेता अग्रवाल, ममता खेतान, ज्योति चौधरी पूनम भावका, रश्मि अग्रवाल और राखी मूनका थी। जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल और सुमन राम राइका ने बताया की गुरुवार को हुई 1 मिनट प्रतियोगिता के विजेता रौनक अग्रवाल रहे। कौन है इंटेलिजेंट के विजेता केशव अग्रवाल और कृष्णा बूबना रहे। और रनरअप आदित्य अग्रवाल और रौनक अग्रवाल रहे। वहीं अग्रवाल युवा मंच और महिला मंडल ने बताया कि शनिवार को सुडोको, मैथ्स इज इंटरेस्टिंग, स्केचिंग, रंग भरो और फैशन शो आयोजित की जाएगी। अग्रसेन जयंती महोत्सव को सफल बनाने में अग्रवाल युवा मंच, महिला मंडल और मारवाड़ी अग्रवाल समाज के सभी लोग जोर शोर से लगे हुए हैं।

### बुच्चई में लगा 100 केबी का ट्रांस्फेरमर



**हजारीबाग:** बरकट्ठा प्रखंड के बुच्चई गाँव में 3 महीना से ट्रांसफार्मर जला हुआ था। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार को सुचना मिलने पर बिजली विभाग के जीएम,जेई व एसडीओ के सहयोग से 100 केबी का ट्रांसफार्मर दिलवाने का काम किया गया गौतम कुमार ने कहा कि अभी भी विधानसभा क्षेत्र में बहुत सारे ट्रांसफार्मर पिछ्ले बार हुई बारिश के कारण जले पड़े है। विभाग के पदाधिकारी इस पर धीरे धीरे सभी जगह ट्रांस्फेरमेर दुर्गापूजा तक लगवा देंगे। गौतम ने कहा कि मेरी जिम्मेदारी बनती है बिजली की समस्या को क्षेत्र में दुर हो। इसके लिए हम निरंतर लगे हुए है। आने वाला दिन में पुरा विधानसभा में बिजली की लचार व्यवस्था में सुधार किया जाएगा इसके लिए मेहनत जारी है। ट्रांस्फेरमर लेने वालों में ग्रामीणों में गोविंद यादव, विकास कुमार यादव, तेजलाल राणा, अस्मत अंसारी थे जबकि मौके पर सामाजसेवी रंजीत यादव ,कैलाश मेहता नवीन कुमार, पप्पू मेहता, रंजीत कुमार, बबलू मेहता, पंकज मेहता ,मोदी मेहता, बली सिंह इत्यादि लोग मौजुद थे।

### ट्रेनों के ठहराव में वृद्धि को लेकर रेलवे को पत्र

**पीरटांड़:** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल सम्मेदशिखर (पारसनाथ) के निकटतम रेलवे स्टेशन पारसनाथ पर कई ट्रेनों के ठहराव की समय में वृद्धि करने के मांग को लेकर भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी मधुबन के महाप्रबंधक सुमन कुमार सिन्हा द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे धनबाद को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से कमिटी के प्रबंधक सिन्हा ने लिखा कि जैनियों का विश्वविख्यात तीर्थ श्री सम्मेदशिखर(मधुबन)है जहाँ देश भर से तीर्थ यात्री रेल मार्ग से पारसनाथ स्टेशन पर ट्रेनो से उतरते और चढ़ते है। पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर जिन भी ट्रेनों का ठहराव है। उससे यात्रियों कि संख्या के अनुरूप ठहराव का समय बहुत ही कम है। जिसके कारण यात्रियों कि अपेक्षाएं पूरी नहीं हो पाती और कभी-कभी समय अभाव के कारण यात्री ट्रेन से उतरने या बढ़ने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक धनबाद से निवेदन करते हुए कहा कि माह अक्टूबर से मार्च तक यात्रियों का आवागमन पारसनाथ स्टेशन पर अत्यधिक होता है। इस समय धार्मिक अनुष्ठान अलग-अलग माह और तिथियों के अनुसार यात्रियों का देश भर से मधुबन आते है। इस हेतू सभी ट्रेनों का ठहराव कम से कम 5 मिनट तक करने कि मांग की गई है। जिन ट्रेनों की ठहराव की मांग की गई है। उनमें हावडा नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, हावडा नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस, हावडा मुम्बई मेल, कोलकाता अमृसर दुर्गयाना एक्सप्रेस, कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सभी ट्रेनों के ठहराव का समय कुछ मिनट अधिक कर दिया जाता है तो इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**हजारीबाग:** बरकट्ठा थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ श्रीकांत लाल मांझी और संचालन थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। बैठक में शामिल विभिन्न पूजा कमेटी के अध्यक्ष और समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार और सुझाव को रखा। लोगो ने पूजा पंडालों में सुरक्षा, भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजन और मूर्ति विसर्जन के जानकारी को साझा किया गया। सीओ श्रीकांतलाल मांझी ने दुर्गा पूजा को लेकर सरकारी दिशा निर्देश को बताया। इनमें प्रत्येक पूजा पंडालों में निर्बाध बिजली, सीसीटीवी, फायर सेफ्टी की व्यवस्था के साथ महिलाओं के लिए अलग से बेरिकेटिंग करने की बात कही। वहीं डीजे पर पूर्णरूप से पाबंदी रखने का निर्देश दिया गया। दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया और अफवाहों से दूर रहने और त्योहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित पूजा कमेटी के लोगो ने त्योहार को हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्वक मनाने का भरोसा दिया। बैठक में सरयू चौधरी, समाजसेवी दर्शन सोनी, केदार साव, युवा नेता संतोष देव, इंद्रजीत प्रसाद, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मोईन अंसारी, प्रकाश पंडित, चेतलाल पंडित, उतिम महतो, प्रकाश पंडित, काली यादव समेत पूजा कमेटी के सदस्य शामिल थे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**हजारीबाग:** चौपारण प्रखण्ड के थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गपूजा, दीपावली, भैया दूज व छठ को लेकर शान्ति समिति की बैठक बरही एसडीओ पूनम कुजूर की अध्यक्षता में समपन्न हुआ। संचालन पूर्व मुखिया शम्भू सिंह ने किया। शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने विभाग द्वारा जारी निर्देशो को पूजा समिति के लोगों को जानकारी दी और सभी पूजा समिति द्वारा बताए गए बातों को नोट किया। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल फायर प्रुफ मेटेरियल से बनाये, पंडाल में महिला / पुरुष दोनो के लिए अलग अलग प्रवेश एवं निकास अलग-अलग और फायर एचक्युनिशन, पंडाल के अन्दर एंव बाहर सीसीटीवी कैमरा, पंडाल एंव मुर्ती की बनावट आपत्तिजनक नही होना चाहिए। पंडाल में रॉउण्ड द क्लॉक (24 घंटे) भोलेन्टीयर्स कार्यरत होना चाहिए। (प्रत्येक आयोजक 20-20 भोलेन्टीयर्स की सूची देंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि जुलूस के दौरान कोई भी आपत्तिजनक गीत एंव संगीत नही बजाएंगे, जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में नहीं होना चाहिए अनुज्ञप्तिधारी एंव उनके भोलेन्टीयर्स अपने नाम पता एंव फोटग्राफ एंव मो. नं के साथ परिचय पत्र धारण करेंगे। जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति अग्नेयास्त्र / दुसरे साम्प्रदाय के धार्मिक स्थलो का अपमान नहीं करेंगे। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर ने हेल्प डेस्क, महिलाओ को ओरिजिनल गहने पहनकर मेला में नहीं जाने और पूजा समिति को पार्किंग का जगह अवश्य एकवायर करने का निर्देश दी।

## प्रदेश >> अपडेट

### जंगलों में दो अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**पलामू** : जिले के पिपरा और बिहार के सीमावर्ती टंडवा थाना क्षेत्र के बीच घने जंगलों में पुलिस ने अभियान चलाकर दो अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि स्थल से 8 ड्रम में करीब 400 किलोग्राम जावा महुवा और शराब बनाने के कई उपकरण को मौके पर ही नष्ट किया गया। अभियान में पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### समस्याओं का चरणबद्ध हो रहा है समाधान : कमलेश

**पलामू** : जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत तेंदुई के हसनपुर में शुक्रवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण कार्य व सुलतानी मोड़ से बलरा पथ का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद थे। शिलान्यास के मौके पर ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र की एक एक समस्या से वह पूरी तरह वाकिफ हैं। सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सिंचाई के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से सभी बदहाल सड़कों की स्थिति बेहतर बनाने के काम में जुटे हैं यह जनता जानती है। उन्होंने कहा कि विधायक कोटा की राशि से भी गांव गांव में गली, नाली के अलावा ग्रामीणों की जरूरत के काम हो रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह लगातार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं। पिछले दस वर्षों के दौरान क्या काम हुए थे सभी को मालूम है। आज क्या काम किए जा रहे हैं यह भी लोगों को पता है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 16 अक्टूबर से बालू उठा होगा शुरू उपायुक्त

**पाकुड़** : समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में पाकुड़ जिलान्तर्गत कैटेगरी-1 बालू घाट से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-पंचायत राज पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के द्वारा बताया गया कि पाकुड़ जिला अंतर्गत कैटेगरी-1 के कुल 12 बालू घाट है। महेशपुर प्रखंड में कुल पांच बालू घाट बांसलोई नदी के किनारे प्रखंड पाकुड़िया में कुल एक घाट ब्राह्मणी नदी के किनारे एवं प्रखंड लिट्टीपाड़ा में कुल छः घाट गुमानी नदी के किनारे स्थित है। समीक्षा के दौरान उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि जिले में कैटेगरी-1 के लिए 12 बालू घाटों से बालू का उठाव 16 अक्टूबर से शुरू होगा। पंचायत स्तर पर गठित आठ सदस्यीय समिति बालू घाटों से बालू उठाव का संचालन करेगी

### विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र

**पलामू** :हुसैनाबाद के भगवान बिगहा निवासी मजदूर युगल राम की मौत श्रीलंका में हो गई है। उनकी मौत पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रीलंका से शव मंगाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है। हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर मजदूर का शव श्रीलंका से भारत मंगाने का आग्रह किया है। उन्होंने पीएम को ई मेल संदेश भेज कर कहा है कि झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत उनके हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र हुसैनाबाद के भगवान बिगहा निवासी 33 वर्षीय मजदूर की मौत श्रीलंका में हो गई है।मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इसे देखते हुए मजदूर युगल राम का शव श्रीलंका से हुसैनाबाद लाना जरूरी है।

**ज्ञापन** तरहसी बीईईओ और बीआरसी के रात्रि प्रहरी के खिलाफ विधायक ने खोला मोर्चा

# बीआरसी में होती है हेराफेरी, कार्रवाई के नाम पर वसूली करते हैं बीईईओ:विधायक

- फंड को बचाकर पैसे को बंदर बांट कर लिया गया है
- आज तक बेंच डेस्क नहीं खरीदा गया



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी - मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) परमेश्वर साहू और तरहसी बीआरसी में अवैध रूप से कब्जा जमाए रात्रि प्रहरी आफताब आलम पर कई संगीन आरोप लगाए हैं।
विधायक डॉ मेहता ने बताया कि आफताब आलम मनातू का रात्रि प्रहरी है, लेकिन तरहसी बीआरसी में मालिक बनकर काम करता है। विधायक ने आरोप लगाया है कि तरहसी - मनातू प्रखंड क्षेत्र के 75 प्रतिशत विद्यालयों में एमडीएम के राशन , विद्यालय प्रबंधन की सामग्री, रंग रोगन की सामग्री, खेल कूद की सामग्री, पोशाक की खरीद, बेंच डेस्क की सामग्री, टीएलएम की सामग्री, कस्तूरबा मनातू एवं अन्य कस्तूरबा विद्यालय में सभी प्रकार की सामग्री की आपूर्ति तरहसी बीआरसी के रात्रि प्रहरी आफताब आलम के मध्यम से एमएस निशा ट्रेड्स के द्वारा किया जाता है। जिसमें रात्रि प्रहरी आफताब आलम और अत्ताउल्लाह अंसारी, एमएस निशा ट्रेड्स व अन्य नाम से विद्यालय को गलत बिल भाउचार तैयार कर निशा ट्रेड्स के खाते में भेजा जाता है। इन सभी का कमीशन 30 प्रतिशत वसूला जाता है। जिसमें 10 प्रतिशत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, 10 प्रतिशत रात्रि प्रहरी आफताब आलम व 10 प्रतिशत अत्ताउल्लाह अंसारी। इसी प्रकार आपस में कमीशन का पैसा बंटवारा करते हैं। सामान की खरीद बिक्री पर कमीशन के लेनदेन में रात्रि प्रहरी आफताब आलम की अग्रणी भूमिका रहती है। इसके अलावे विधायक ने आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए हर साल परिवहन की व्यवस्था की जाती है, लेकिन पैसा को बचाने के लिए बीईईओ समेत बीआरसी के भ्रष्ट अधिकारी दिव्यांगों को भी नहीं बक्स रहे हैं। उन्हें भी अपने साधन से आने को मजबूर किया जाता है।विधायक डॉ मेहता ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलो झारखंड में विद्यालय से बच्चों को प्रखंड एवं जिला तक जाने के लिए परिवहन और ड्रेस की व्यवस्था करना था।

मगर इस फंड को बचाकर पैसे को बंदर बांट कर लिया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू द्वारा कार्रवाई के नाम पर वसूली की जाती है। विधायक डॉ. मेहता ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू पर आरोप लगाया है कि रात्रि प्रहरी आफताब आलम को बीपीओ के तौर पर कार्य कराया जाता है, जबकि अन्य कर्मियों को नजर अंदाज कर दिया जाता है, ताकि कमीशन के इस खेल में कम ही लोग शामिल हो। जिससे मामला उजागर न हो सके।

## बच्चों को अग्निशामक विभाग ने बताएं आग बुझाने का उपाय



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** स्थानीय ओपन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ के प्रांगण में अग्निशमन विभाग के तत्वाधान में अग्निशमन से संबंधित मॉक ड्रील का आयोजन अग्निशमन प्रभारी रमेश कुमार सिंह एवं अग्नि चालक बैजनाथ राम द्वारा किया गया। रमेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में विभिन्न प्रकार के आग से बचाव के उपाय की जानकारी दी। साथ ही विद्युत, गैस सिलेंडर आदि विभिन्न प्रकार के आग को बुझाने के तरीकों के बारे में समझाया। उन्होंने विभिन्न अग्निशामक सिलेंडर के बारे में भी समझाया कि किस सिलेंडर का प्रयोग किस प्रकार की आग को बुझाने में किया जाता है। साथ ही मॉक ड्रिल के अंतर्गत उन्होंने सिलेंडर के आग को बुझाकर दिखाया। शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को इसका प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हुआ ।

## प्रतिनिधिममंडल ने एसडीओ को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** छतरपुर को जिला बनाने की मांग छतरपुर अनुमंडल के इलाके में तेज हो गयी है। इलाके के नौडिहा बाजार,हरिहरगंज, पिपरा, सरैडीह, नावा बाजार, पांडु, लठेया, सुल्तानी के लोगों में जिला बनाने को लेकर गजब का उत्साह है। इसे लेकर छतरपुर इलाके के युवा भी काफी सक्रिय हैं। अनुमंडल स्तर पर जिला बनाने के ऑपरेशन को गति देने के लिए छतरपुर को जिला बनाओ अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में इस अभियान के संस्थापक अरविन्द गुप्ता चुनमून ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम हेमन्त सोरेन के नाम छतरपुर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि अनुमंडल गठन के तीन दशक बाद छतरपुर को अहर्ता पूर्ण करने पर जिला बनाने की हमारी जायज मांग है। हमारी मांग है कि राज्य सरकार सभी अहताएं पूरी करने वाले छतरपुर अनुमंडल को अलग जिला बनाए। छतरपुर को जिला बनने से हरिहरगंज, सुल्तानी, नौडिहा बाजार,सरैडीह,डगरा,पिपरा,लठेया,पांडू, नावा बाजार, सरैडीह,हुसैनाबाद के लोगों की परेशानी कम हो जाएगी और काम भी आसान हो जाएगा। लोग अपने महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर अनुमंडल मुख्यालय से 50 किमी की दूरी होने के कारण लोग मेदिनीनगर जाने से अत्यंत परेशान हो जाते हैं। आपको बताते चलें कि इलाके के सभी प्रखंड के केंद्र बिंदु में छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय है।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये दुर्गा पूजा का त्योहार : इंस्पेक्टर



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन झामुमो नेता दीपू कुमार सिन्हा कर रहे थे।बैठक को बीडीओ विजय कुमार,सीओ जयशंकर पाठक, टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, भाकपा नेता प्रमोद साहु, सासंद प्रतिनिधि महेंद्र साहु आदि ने भी संबोधित किया। वंही बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दुर्गा पूजा का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को दे ताकि पूजा के दौरान होने वाले व्यवधान को समय रहते रोका जा सके।बीडीओ विजय कुमार व सीओ जयशंकर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पूजा समिति राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के तहत ही पूजा को सम्पन्न कराने की कोशिश करेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड में कुल 22 जगहों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।सभी पूजा समिति अपने अपने पंडाल में विधुत व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था अवश्य रखे। उपस्थित लोगों ने प्रशासन से पूजा के दौरान शराबियों पर विशेष नजर रखने की बात कही।मौके पर चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, कामता पंसस अयुब खान, चंदवा प. पंसस नीलम देवी, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, पूर्व प्रमुख नवाहिर उंराव, पूर्व उप प्रमुख फिरोज अहमद, वरिष्ठ कॉंग्रेसी रामयश पाठक, निर्मल भारती, झाविस के रवि डे, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, बाबर खान, मजदूर संघ के सतेंद्र प्रसाद यादव, झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, रवि राज, चकला मुखिया रंजीता एक्का व सभी पूजा समिति के सदस्य,पंचायत प्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## गलत लोगों मिला हथियार का लाइसेंस : सीपीआई

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू जिला अन्तर्गत नौडीहा बाजार क्षेत्र के झरहा में माइंस संचालकों के द्वारा ग्रामीणों को पीटने और फायरिंग करने की घटना पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य ने चिंता व्यक्त किया है उन्होंने कहां की पलामू जिला में अवैध खनन के बारे में हाई कोर्ट ने पहले भी इस ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था जिसको पदाधिकारी के द्वारा लीपा पोती कर दिया गया आज पलामू जिला में माइंस चालक और उसके गुंडे बिहार और छत्तीसगढ़ से आकर राइफल और पिस्तौल के बल पर काम करते हैं और उसके खिलाफ आम जनता अगर आवाज उठाता है तो उस पर प्रशासन को मिलाकर ग्रामीण जनता पर झूठा मुकदमा भी करते हैं और बंदूक का भय दिखाकर उनका दोहन भी करते हैं ठीक



ऐसा ही मामला नौडीहा बाजार का है जहां पर मांइस संचालक ग्रामीणों के इस्तेमाल करने वाला सड़क से मीनिंग का काम कर रहे थे जबकि किसी भी सूरत में ग्रामीण के इस्तेमाल करने वाला सड़क माइंस के काम हेतु उपयोग नहीं करना है जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया और माइंस संचालक अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं जो अपने लाइसेंसी हथियार का भय दिखाकर ग्रामीण पर फायरिंग किया और जानलेवा हमला किया।

**बैठक** डीएमएफटी मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की हुई समीक्षात्मक बैठक

# निर्माण कार्यो को अविलंब पूर्ण करने का दिया निर्देश :उपायुक्त

- उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से संबंधित भी समीक्षा की

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में डीएमएफटी एवं जिला योजना कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं अंतर्गत जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।उपायुक्त ने डीएमएफटी एवं योजना कार्यालय के सभी योजनाओं की राशि से किये जा रहे छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनवाड़ी केंद्रों निर्माण , विभिन्न सरकारी भवनों के जीणोर्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण



करने का निर्देश दिया। साथ ही नए योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उक्त मद से बिजली कनेक्शन संबंधित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित तिथि के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि बाद में किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

**अनटाइड मद**

अनटाइड फंड की समीक्षा के क्रम में जिला योजना पदाधिकारी रमन कुमार ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 33 परियोजनाओं के विरुद्ध 15 परियोजना का कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें से 18 कार्य प्रक्रियाधीन है। वहीं 2024-24 के 35 योजनाओं के विरुद्ध कुल 10 कार्य पूर्ण है एवं 25 प्रक्रियाधीन है।

**जेआईसीए मद**

जिला योजना पदाधिकारी ने खक-उअ मद अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जेआईसीए मद से अब तक कुल 159 योजनाओं के विरुद्ध 124 योजनाएं पूर्ण कर लिए गए है एवं 35 योजनाएं प्रक्रियाधीन है।

**एसएसए मद**

वहीं डीपीओ ने एसएसए मद से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि एसएसए मद से कुल 44 योजनाओं के विरुद्ध 11 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं जिसमें से 33 योजनाएं प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा जिला योजना अधिकारी ने ये भी जानकारी दी कि एससीए मद के लिए राशि की मांग हेतु केंद्र सरकार को पत्राचार किया गया। जिसपर उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में राशि आवंटित होने के पश्चात अविलंब सभी लंबित बिल्स की भुगतान की जाए। साथ ही डीपीओ ने नीति आयोग अवॉर्ड मनी से 22 नए आंगनवाड़ी निर्माण कार्य करने हेतु स्वीकृति प्राप्त है जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे।इस दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से संबंधित भी समीक्षा की।बैठक के दौरान नए प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त , जिला योजना पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता के अलावा सभी एडीएफ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड ग्रामीण क्षेत्र के बालक बालिका ने दिखाया अपना जलवा

**गुमला** : झारखंड के गुमला बिशनपुर में चल रहे जनजाति ग्रामीण ओलंपिक 2023 प्रतिभावान खिलाड़ी खोज चयन समिति तथा परंपरागत संयुक्त ग्राम सभा के द्वारा नेशनल फुटबॉल गेम हेतु चयन 29 अगस्त को बिशुनपुर स्टीडयम में किया गया था। जिसमें बालक टीम 1 प्रियांशु भगत पिता राजेंद्र भगत चपाटोली टोली, 2 सैमुअल लकड़ा पिता चूमनू लकड़ा घाघरा ,3 आयुष लोहार पिता धनराज लोहार गोबरसेला, 4 आर्यन कुजूर पिता अनूप कुजूर कोइनार टोली , 5 अनुज उरांव पिता चमरू उरांव हारूप,( स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बिशनपुर ) तथा 6 नितेश मुंडा पिता विक्रम मुंडा जेहन (अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय जेहन गुटवा, )7 श्याम मुंडा पिता सुखराम मुंडा डिंबा पीपर टोली( 7 डे एडमिटेंस इंग्लिश स्कूल लापुंग), 8 प्रशांत मुंडा पहन पिता सुधीर मुंडा पूटो (कार्तिक उरांव आदिवासी बाल विकास विद्यालय पूटो घाघरा),9 परमानंद उरांव पिता सुनित उरांव रेहलदार (राजकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय नरमा), 10 अंशु कुमार सिंह खेरवार पिता एंजोटपाल सिंह खेरवार है।

### संशय खत्म, परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में ही होगा रावण दहन

**गुमला** : अध्यक्ष, रावण दहन समिति, गुमला द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में करने हेतु किए गए अनुरोध के आलोक में स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा सशर्त उपयोग की अनुमति दी गई है। उल्लेखनीय है कि गुमला जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक रावण दहन के लिए अनुमति नहीं दिया गया था। इसके कारण विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और रावण दहन समिति के द्वारा जिला प्रशासन से रावण दहन के लिए अनुमति देने की मांग की गई थी। इस पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सशर्त रावण दहन की अनुमति दी है।

### संपूर्ण स्वास्थ्य का अहम चिकित्सा है योगा : देव



**मेदिनीनगर** : रोजमर्रे की जिंदगी में दुनिया की तीव्रता से आदमी को नहीं चल पाने के कारण कई तरह की स्वाभाविक रोग घर कर ले रहा है जिसमें अवसाद, उच्च रक्तचाप,मधुमेह,गैस इत्यादि।आदमी को पता भी नहीं चलता है और जिंदगी तबाह हो जाता है। लड़कियों के प्राकृतिक क्रियाएं जो समय पर व्यक्त नहीं कर पाती है और उस रोग के ब्याधा बन जाती है। इन सबसे निबटने के लिए प्रात:कालीन योगा शिविर आयोजित किए जिसमें संत मरियम आवासीय विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे हैं और बेहतर कर रहे हैं। पतंजलि योगपीठ के योगाचार्य राजीव शरण जी योगगुरु हैं, इनके देखरेख में बच्चे दीर्घकालीन संपूर्ण स्वास्थ्य के गुर सीख रहे हैं। योगाभ्यास का असर पठन पाठन में बच्चों पर जबरदस्त प्रभाव डालेगा। कुशाग्रता,तीक्ष्णता,एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने में योगा मिल का पत्थर साबित होगा। हर आदमी जीवनशैली को व्यवस्थित नियमित कर प्राकृतिक रूप से जीना रहना चाह रहा है जिसमें योग का खास योगदान है। इसलिए योगाभ्यास नियमित चलेगा।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सात लाभुको को मिला लाभ



**मेदिनीनगर** : जिला पशुपालन कार्यालय परिसर पलामू में सात लभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत मुर्गी पालन योजना का लाभ दिया गया।जिसमें सतबरवा के विकेश कुमार रवि 90%,पाँकी के निरंजन कुमार 75%,नवडीहा बाजार के दो लाभुक क्रमश: सन्जू देवी 75%,सुरेन्द्र दास 90%,नवाबजार के एक अमित कुमार राम 90%,छतरपुर के ब्रह्मदेव कुमार 90%,तरहसी की मनीषा विनायक बक्शी को 90%अनुदान पर परिसम्पति दिया गया।इस कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी ड़ा प्रभाकर सिन्हा,पशुशल्य चिकित्सक डा दीनबन्धु गुप्ता,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर डा अनुप विलियम लकड़ा,सतबरवा के प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी तौफीक अहमद और नीलाम्बर पितम्बर के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा दिलिप महतो,पशु पक्षी बिक्रेता गणेश राम मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### एक दिवसीय भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**महेशपुर** : महेशपुर प्रखंड के खांपुर पंचायत अंतर्गत सिद्धू कान्हू क्लब कदमपुर की ओर से एक दिवसीय भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कई भैंसा मालिकों ने हिस्सा लिया। खेल कमेटी के अध्यक्ष राजेन टुडू ने जानकारी देते हुए बताया कि भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता में फाइनल खेल धनियामारा एवं कदमपुर के भैसा के बीच हुआ। जिसमें धनियामारा के भैंसा ने कदमपुर के भैंसा को चित कर दिया। इस खेल मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे झामुमो के सांसद प्रतिनिधि कुणाल अलफ्रेड हेम्ब्रम, जिला बीस सूत्री सदस्य जेम्स सुशील हेम्ब्रम एवं पंचायत मुखिया लखीराम हांसदा शामिल हुए। वहीं मुख्य अतिथि ने सभी खेल देखने आए खेल प्रेमियों को शुभकामनाएं दी। एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकरी दी। साथ ही इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। इस अवसर पर विजेता भैंसा के मालिक को बतौर पुरस्कार 60 हजार रुपए तथा उप विजेता भैंसा के मालिक को 50 हजार रूपए देकर सम्मानित किया गया। मौके पर साइमन मुर्मू, लखीराम मरांडी, जोगेश्वर मरांडी, जोगीत टुडू, स्टेन मरांडी, कोरनेल मुर्मू सहित दर्जनों भैंसा मालिक एवं ग्रामीण व दर्शक मौजूद थे।

### बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**महेशपुर** :प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बूथ संख्या 1 से 100 के बीएलओ तथा 10 पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने की। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ संजय कुमार सिंहा, बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल भी मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने के कारण कनीय अभियंता सह बीएलओ पर्यवेक्षक रंजीत मंडल तथा जनसेवक सह बीएलओ पर्यवेक्षक गणेश चंद्र दास से स्पष्टीकरण पुछा गया।

## शहर >> अपडेट

### शांति समिति की बैठक आज

**मरकच्चो:** प्रसिद्ध व पवित्र त्योहार दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित थाना परिसर में शनिवार को 4 बजे शाम शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बातों की जानकारी थानाध्यक्ष लव कुमार ने दी। उन्होंने प्रखंड के जनप्रतिनिधियों व पूजा समिति के पदाधिकारियों को शांति समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

## सिटी अपडेट्स >>

### वाद विवाद प्रतियोगिता में डीएवी कोडरमा को मिला द्वितीय स्थान




**झुमरीतिलैया:** अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रसेन भवन झुमरीतिलैया में जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें जिले के कई स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय 'वर्तमान आधुनिक युग में मोबाइल फोन हमारे लिए अपरिहार्य' था। विषय के पक्ष में जाकर शायंतिका मोदी ने अपनी दमदार प्रस्तुति दी और जिले के सभी प्रतिभागियों के बीच द्वितीय स्थान पर रहीं। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने शायंतिका की प्रशंसा की और कहा कि विषय के पक्ष में तर्क देना अत्यंत ही कठिन था। उन्होंने बच्चों को भी यह समझाया कि किसी भी वस्तु का आवश्यकता से अधिक प्रयोग हमारे लिए अभिशाप बन जाता है। अत: हमें सोच समझकर ही किसी भी चीज का प्रयोग करना चाहिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चोरी की सामग्री बरामद, कई शातिर हिरासत में

**सतगावां:** थाना क्षेत्र के प्रखंड परिसर में बने कर्मचारी आवास भवन में अगस्त महीने में पंखा, मोटर, बल्ब आदि चोरी होने का मामला हुआ था। प्रखंड के नाजिर विकास कुमार के बयान पर बीडीओ बैधनाथ उरांव के द्वारा सतगावां थाना में मामला दर्ज कराया गया था। शुक्रवार को सतगावां पुलिस ने चोरी की गई सामग्री को चोर के घर से ही बरामद कर सतगावां थाना लाया। साथ ही साथ चोरी की घटना में संलिप्त कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अन्य सामग्री व अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि अभी भी इस घटना में शामिल अन्य लोग फरार हैं। मामले में पूछताछ जारी है।

### बकरी वितरण समारोह का आयोजन

**मरकच्चो:** प्रखंड स्थित पंचायत कदोडीह के ग्राम राजारायडीह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर स्थित चबूतरा के समीप शुक्रवार को झारखंड जल छाजन योजना (जेजेवाई) के अंतर्गत बकरी वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अवर प्रमंडल पशु पालन पदाधिकारी कोडरमा अरविंद कुमार सिंह, गब्य तकनीकी पदाधिकारी कोडरमा समीर कुमार सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया केदार महतो के द्वारा 22 महिला स्वयं सहयता समूह के लाभुकों को चार बकरी एक बकरा का वितरण जीविकोपार्जन व आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। मौके पर जल छाजन के डब्लू सी डी सी कोडरमा प्रदीप कुमार, डब्लूसीडीसी सेक्रेटरी नवीन कुमार, बकरी सप्लायर महेंद्र यादव, मुखलाल कुशवाहा के अलावे महिला समूह व दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

**बैठक** झुमरी तिलैया में ऐक्टू जिला सम्मेलन किया जाएगा जिसमें पावर प्लांट से दर्जनों लोग शामिल होंगे

# केटीपीएस बांझेडीह में यूनियन की समीक्षा बैठक संपन्न

- दुर्गा पूजा के बाद यूनियन एक बड़ी मीटिंग करेगी
- एक बडे आंदोलन की हो रही तैयारी



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन शाखा बांझेडीह और डीवीसी कामगार यूनियन की संयुक्त बैठक एडीएम बिल्डिंग के प्रांगण में किया गया बैठक में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम की समीक्षा की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ऐक्टू जिला संयोजक विजय पासवान ने कहा कि 26 सितंबर 2023 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पावर प्लांट के सभी मजदूर साथियों को बहुत बहुत बधाई जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा लेकिन कार्यक्रम के बाद डीवीसी मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान के नही रहने के कारण वार्ता नही हो पाई थी लेकिन उनके आने के बाद भी वार्ता के लिए पहल नहीं करना कहीं ना कहीं डीवीसी का मनसा सही नहीं है इसलिए आज की बैठक में मजदूरों ने तय किया की दुर्गा पूजा के बाद यूनियन को एक बड़ी मीटिंग करके एक बड़े आंदोलन की तैयारी करनी चाहिए,पॉल्यूशन का कार्य कर रही थर्मैक्स कंपनी के सब कॉन्टैक्टर शिव शक्ति कंपनी के मजदूरों को कंपनी के द्वारा मनमाने तरीके से फाइनल दिया जा रहा है।

हम थर्मैक्स कंपनी और डीवीसी मुख्य अभियंता से मांग करते हैं। की सही तरीके से नियम संगत फाइनल बनाकर मजदूरों को दिया जाए नहीं तो यूनियन इस सवाल पर आंदोलन करने को बाध्य होगी,आगामी 29 अक्टूबर 2023 को झुमरी तिलैया में ऐक्टू जिला सम्मेलन किया जाएगा जिसमें पावर प्लांट से दर्जनों लोग शामिल होंगे यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि प्लांट में कार्य कर रहे मजदूरों को एक जूटता बनाकर सभी के सहयोग से ही बड़े आंदोलन को सफल किया जा सकता है।

एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने कहा कि अगर दुर्गा पूजा के पहले डीवीसी वार्ता नहीं करती है तो दुर्गा पूजा के बाद निश्चित रूप से एक बड़े आंदोलन की तैयारी होगी बैठक में बैठक में उपस्थित लोग लोग राजकिशोर यादव यादव उदय भारती दिलीप पासवान इस्लाम अंसारी रामचंद्र पासवान भुवनेश्वर दास सुरेंद्र प्रसाद पोद्दार संजय चौधरी जितेंद्र यादव टिलकन यादव मंटू यादव कृष्ण कुमार राम किशुन यादव गंगाधर यादव रंजीत यादव निशांत यादव आदित्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### दंत चिकित्सा शिविर आयोजित



**पेटरवार :** पेटरवार स्थित पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को ओरल हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम के तहत दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहां आयोजित दंत शिविर में डॉ कोमल गोयल, डॉ पूजा साहू, डॉ श्रेयशी सिन्हा एवं डॉ अभिजीत प्रकाश की ओर से ओरल हेल्थ अवेर्नेस के तहत दन्त स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के कक्षा 6 से 10 के 350 छात्र- छात्राओं का दंत स्वास्थ्य की जांच की गई। दंत चिकित्सा के दौरान विद्यालय के छात्र- छात्राओं के दांतो की जांच की गई ओर बच्चों के दांतो की साफ - सफाई की गई। दंत चिकित्सकों ने बच्चों को दांतों की रख-रखाव कैसे करें इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी आचार्य सुरेश साव सहित विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### यक्ष्मा रोग से ग्रसित महिला को मुखिया निहारिका ने अपने खर्च से अस्पताल में भर्ती कराया



**पेटरवार:** पेटरवार यक्ष्मा रोग से ग्रसित एक बेसहारा महिला को बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने अपने खर्च पर इलाज के लिए शुक्रवार को यक्ष्मा अस्पताल बालीडीह में भर्ती कराया। बताया जाता है कि बुंडू पंचायत के भेलवा टांड निवासी अत्यंत गरीब महिला रेखा देवी यक्ष्मा रोग से लंबे समय से पीड़ित थी। पौष्टिक आहार नही मिलने के कारण यक्ष्मा का दवा भी काम नही करने लगा जिसके कारण पीड़िता दिनों दिन कमजोर होने लगी। यक्ष्मा का दवा लेने के बावजूद पिछले तीन महिने के बाद चलना-फिरना मुश्किल हो गया। की रात मुझे मदद की गुहार लगाई। बुंडू मुखिया निहारिका सुकृति से संपर्क कर सारी कहानी बतायी, वह तुरंत मदद के लिए तैयार हो शुक्रवार को एक वाहन भेजकर टीवी अस्पताल बालीडीह पहुंचाया गया।इस मौके पर नेटवर्क कॉर्डिनेटर मुमताज अंसारी, महेश्वर प्रसाद सिन्हा, संतोष नायक, विधायक प्रतिनिधि चंदन कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### 70 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**लोहरदगा:** सेवा भारती द्वारा अप्पर बाजार स्थित चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में 1 जून 2022 से प्रत्येक सप्ताह चल रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के 70 वां सप्ताह दिनांक 15 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को प्रात: 7:30 से 8:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दीपक सराफ ने कहा की स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से हिंडालको से सेवानिवृत्त सह सेवा भारती के इ.अट.र(इ.व) डॉक्टर कुमुद अग्रवाल शिविर में उपस्थित रहकर मरीजों का स्वास्थ्य संबंधित जांच करेंगे। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की लगातार चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शुगर,बी.पी, वजन,ऑक्सीजन लेबल, हार्टबीट की जांच के अलावा डॉक्टरों के द्वारा निशुल्क चेकअप की जाती है,और कहा कि आपका अपना शरीर स्वस्थ्य है तभी सभी कुछ अपना और अच्छा लगता है नहीं तो दुनिया का सब सुख बेकार, इसलिए स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से अपना स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहिए,और सभी से अपील की है कि इस निशुल्क शिविर में समय पर आकर अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करें,जिससे कि आप समय पर अपना या अपने परिवार का इलाज करा सके।

### मूक बधिर विद्यालय में प्रेरणा शाखा ने किया सामग्री का वितरण



**झुमरीतिलैया:** लोकाई के समीप संचालित आवासीय विशेष विद्यालय बद्धिक अक्षम मुख बधिर एवं द्दस्टि बाधित विद्यालय में प्रेरणा शाखा ने एक व्हील चेयर और दो बच्चों को अंध छड़ी के आलावा अन्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस अवसर पर सखी वन स्टॉप सेंटर की नोडल पदाधिकारी अर्चना ज्वाला मुख्य रूप से मौजूद थी। मौके पर उन्होंने कहा कि मूक बधिर समाज के अभिन अंग है और इन्हें सम्मान की जरूरत है। प्रेरणा शाखा के द्वारा सामाजिक कार्यक्रम प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। वहीं प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है और मूक बधिर भी समाज के अभिन अंग है। प्रेरणा शाखा का मुख्य उदेश्य समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच कर सेवा करना है। इस अवसर पर विद्यालय संचालक शंकर मेहता, उषा शर्मा, कृतिका मोदी, दीपा गुप्ता, प्रीति केडिया, मिनी हिसारिया, अंजू लड्ढा, रश्मि शर्मा आदि उपस्थित थे।

### डॉ दीपक कुमार बंगलुरु में होंगे सम्मानित



**झुमरीतिलैया:** गोपाल किरण समाजसेवी संस्था, ग्वालियर के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार ब्रिलियंस अवार्ड सेरेमनी का भव्य समारोह बंगलुरु के कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक कैलाश चन्द मीणा, मुख्य अतिथि व वक्ता डॉ बीपी अशोक व सूर्यकांत शर्मा होंगे। इनकी गरिमामयी उपस्थिति में कोडरमा निवासी डॉ दीपक कुमार को सम्मानित किया जाएगा जो स्वास्थ्य ठीक ना होने पर भी सामाजिक कार्यों में अग्रसर होकर भूमिका निभाते हैं। इनको शिक्षा एंव साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु बंगलुरु के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। डॉ दीपक कुमार सदैव अपने कर्तव्य का पालन करते है । समाज के विकास में सबसे बड़ा योगदान व्यक्ति का ही होता है। आजकल की भागमभाग के जीवन में समय निकालना असंभव होता है लेकिन इन्होंने पीएचडी तक शिक्षा प्राप्त कर जब भी समय मिलता है समाज और साहित्य के लिए कार्य करने को तत्पर रहते है। इसके द्वारा प्रकाशित कृतियाँ, उपलब्धियां, सामाजिक कार्य सहरानीय है। ये वर्तमान में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई जगन्नाथ जैन महाविद्यालय, झुमरी तिलैया में वाणिज्य विषय के सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व ये शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग में भी सेवा दे चुके हैं।

भव्य तरीके से पंडाल बनाने की तैयारी

## जयनगर में दिखेगा भव्य मंदिर का प्रारूप




राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड में दुर्गा पूजा एवं नवरात्र के प्रारंभ होने में सिर्फ दो दिन शेष बचे हैं। 15 अक्टूबर को शारदीय नवरात्र का कलश स्थापित किया जाएगा। इस बीच पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर है। कारीगर पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। जयनगर प्रखंड में कई जगहों पर दुर्गा पूजा का भव्य तरीके से पंडाल बनाने की तैयारी है। यहां के दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा करने की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस बर्ष मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही लाइटिंग आकर्षण का केंद्र होगा। यहां पूजा को सफल बनाने में पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, मोहन यादव, महासचिव सतीश पांडेय, सचिव रामकुमार, पप्पु सोनी, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, अंकेक्षक सुरेन्द्र भाई मोदी, सुभाष कुमार, सरंक्षक सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, बालगोविन्द रविदास, गौतम सिंह, संतोष साव, पप्पु सिंह सहित सनातन धर्म प्रेमी लगे हुए हैं।

शराब के नशे में सिख रेजिमेंट का रिटायर्ड जवान का कारनामा

## टीटीई से विवाद के बाद रिटायर्ड जवान ने चलायी गोली



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** बीती रात सियालदह राजधानी ट्रेन में उस समय दहशत फैल गई, जब अचानक ट्रेन में गोली चलने की आवाज आई। ट्रेन में सवार आरपीएफ के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। टिकट को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद आरोपी ने टीटीई पर ही ओपन फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी को गोली नहीं लगी। आरोपी की पहचान पंजाब के गुरदासपुर के रहने वाले रिटायर्ड जवान के रूप में हुई है। दरअसल आरोपी हरपिंदर सिंह सिख रेजिमेंट का रिटायर्ड जवान है, जो शराब के नशे में था। रिटायर्ड जवान हावड़ा राजधानी की बजाय सियालदह राजधानी में सवार हो गया था। टीटीई से टिकट दिखाने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी जवान ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से 1 राउंड फायरिंग कर दी। यह मामला वीवीआइपी ट्रेनों में सुमार 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का है। ट्रेन के बी-8 कोच में हुई घटना की सूचना धनबाद रेल मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों को मिलने के बाद आरोपी जवान को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। उक्त जवान धनबाद के किसी कोलियरी में प्राइवेट सिक्योरिटी की जॉब करता है। वहीं जवान के पास से हावड़ा राजधानी का टिकट बरामद हुआ है, लेकिन वह धनबाद से सियालदह राजधानी ट्रेन में सवार होकर सफर कर रहा था। ट्रेन के मतारी स्टेशन के आस पास पहुंचने पर टिकट जांच कर रहे टीटीई से उसका विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर जवान ने अपने पास रखी रिवाल्वर निकाल कर गोली चला दी। ट्रेन को एस्कॉर्ट कर रहे आरपीएफ के जवानों ने तुरंत जवान को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके पास रखी रिवाल्वर को जब्त कर लिया। रिटायर्ड जवान को मेडिकल जांच के बाद धनबाद न्यायालय भेज दिया गया है।

## चंदवारा में पूर्व बीडीओ को दी विदाई, नए सीओ का स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा:** चंदवारा में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव को भावभीनी विदाई दी गयी व अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपविकास आयुक्त ऋतुराज मौजूद रहे। उपविकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि प्रखंड के विकास कार्यों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जो काम किया वह सराहनीय है। आने वाले नए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी से आशा करते हैं कि जनता के साथ भाईचारगी निभाते हुए प्रखंड के विकास कार्यों में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि चंदवारा में बिता समय मुझे हमेशा याद रहेगा। यहां के लोगों व जनप्रतिनिधियों व प्रखंड कर्मियों से मुझे बहुत सहयोग,प्यार व स्नेह मिला। प्रखंड क्षेत्र के विकास के लिए मैंने सभी को साथ लेकर काम किया। वही जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कहा कि पदाधिकारियों का आना- जाना लगा रहता है। परंतु कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपना कार्य की बदौलत छाप छोड़ते हैं जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं। प्रखण्डकर्मियो व जनप्रतिनिधियों ने बुके व शॉल से सम्मानित करते हुए बीडीओ के उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पदस्थापित अंचलाधिकारी अशोक कुमार भारती का भी स्वागत किया गया। मौके पर प्रमुख मंजू देवी, मुखिया पुष्पा देवी,अनिता देवी,मीणा देवी,असगर अंसारी,रामदेव यादवअज्जू सिंह, राजदेव पासवान समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश, कार्यक्रम के निमित्त मिट्टी एकत्रित



राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** आज दिनांक 13/10/23 दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल के मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के निमित्त प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से संग्रह किए गए मिट्टी लाए गए जिसे कुडू बरहनिया शिशू मन्दिर प्रांगण में एकत्रित कर जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू जी को सौंपा गया। ज्ञात हो कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू किया गया है, इस कार्यक्रम के तहत देशभर में गांवों से लेकर शहरों तक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इन कार्यक्रमों में लाखों गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और वीरांगनाओं के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाएंगी और उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर धीरज प्रसाद, संजय चौधरी, राजेश प्रसाद,श्याम किशोर गुप्ता व अन्य लोग उपस्थित थे।

**जागरूकता** विद्यार्थियों और आम लोगों के बीच कानून के प्रति सजग करना

# कानूनी जागरूकता कार्यक्रम संपन्न




राष्ट्रीय खबर

**कुडू:** आज दिन शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी के परिसर में झालसा रांची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव माननीय राजेश कुमार जी, पैनल अधिवक्ता सुदामा साहू और उमेश साहू उपस्थित थें। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा अतिथियों को मुख्य द्वार से स्वागत करते हुए वंदना कक्ष तक ले जाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगण एवं विद्यालय के कोषाध्यक्ष अनूप देव पौराणिक द्वारा भारतमाता, ओम और मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा कराया गया तत्पात अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पेंटिंग प्रतियोगिता के विषय बाल विवाह में कक्षा दसम की बहन रोशन खातून प्रथम स्थान, कक्षा नवम की बहन रुखसाना खातून द्वितीय स्थान और नीतिका कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग में कक्षा अष्टम के भैया सुमित तुरी प्रथम स्थान प्राप्त किया। विषय भ्रूण हत्या पर आयोजित पेंटिंग में कक्षा दसवीं की बहन चंद्रकला कुमारी प्रथम स्थान, कक्षा नवम की बहन अंजली कुमारी द्वितीय स्थान और कक्षा दशम के भैया मेल प्रकाश उरांव तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में शामिल भैया बहनों में विषय साइबर क्राइम में क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान बहन अंजली कुमारी, पुष्पा कुमारी और कोमल कुमारी को प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि राजेश कुमार जी ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों और आम लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया है, लोग कानून के प्रति जागरूक हों, ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त कुरीतियां डायन प्रथा, बाल विवाह, बाल मजदूरी, दहेज प्रथा इत्यादि समाप्त हो इसके लिए संबंधित थाना में एफ आई आर करना और न्यायालय से न्याय की अपील करना आवश्यक है। पैनल अधिवक्ता सुदामा साहू और उमेश साहू द्वारा भी कानूनी जागरूकता को लेकर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा आचार्य नरेश साहू द्वारा शांति मंत्र के साथ किया गया। मौके पर लोहरदगा जिला के रिपोर्टर गौतम लेनिन जी और कुडू प्रखंड के रिपोर्टर नंदलाल तिवारी, अभिभावक भूपाल पाठक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, आचार्य - आचार्या और भैया बहन उपस्थित थें।

## न्यूज फटाफट

### नीरज 'वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' की सूची में



नयी दिल्ली : भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा का नाम वर्ल्ड एथलेटिक्स ने 'मेंस वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड' के लिए नामांकित किया है। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (वर्ल्ड एथलेटिक्स) ने गरुवार को इस पुरस्कार के लिए 11 एथलीटों के नामों की सूची जारी की है। इसमें भारत के स्टार भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा तथा एथलीट की विभिन्न स्पार्धाओ में शानदार प्रदर्शन करने वाले रयान क्राउसर (अमेरिका),मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), सूफ़ियान एल बक्काली (मोरक्को), जैकब इंगेब्रिग्त्सेन (नॉर्वे), केल्विन किप्टम (केन्या), पियर्स लेपेज (कनाडा), नोह लाइल्स (अमेरिका), अल्वारो मार्टिन (स्पेन), मिल्टियाडिस टेंटोगलोउ (यूनान) और कार्स्टन वारहोल्म (नॉर्वे), के नाम शामिल है। नीरज चोपड़ा ने इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय होने का इतिहास रचा था। उसके बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एशियन खेलों में अपने खिताफ को कायम रखा। हालांकि इससे पहले वह डायमंड लीग 2023 में दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा वर्ष 2023 के पुरुष विश्व एथलीट पुरस्कार के लिए चुने गए 11 एथलीटों में से एक हैं। हालांकि इस दौरान उन्हें बा×की दस एथलीटों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के स्प्रिंटर नोह लायल्स 100 मीटर और 200 मीटर के विश्व चैंपियन हैं। उन्होंने बुडापेस्ट 2023 में पुरुषों की 4×100 मीटर रिले में अमेरिका के लिए स्वर्ण पदक भी जीता था। मोरक्को के सूफियान एल बक्काली, जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक दिग्गज खिलाड़ी हैं। वह छह फाइनल में अपराजित रहे हैं। ओलंपिक चैंपियन ने इस साल की शुरुआत में उन्होंने विश्व खिताब को डिफेंड भी किया था। पुरुषों के पोल वॉल्ट में मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस भी 11 खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। इसके साथ ही साथ 20 किमी और 35 किमी स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन स्पेनिश रेस वॉकर अल्वारो मार्टिन भी इस सूची में है। उल्लेखनीय है कि मेंस वर्ल्ड एथलीट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड के लिए चुने गए एथलीटों का चयन एथलेटिक्स विशेषज्ञों के एक अंतरराष्ट्रीय पैनल द्वारा किया जाता है इसमें विश्व एथलेटिक्स के सभी छह महाद्वीपीय क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होते है। तीन-तरफा वोटिंग प्रक्रिया के द्वारा 13 या 14 नवंबर को विश्व एथलेटिक्स अंतिम पांच फाइनलिस्ट एथलीटों का ऐलान करेगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद और वर्ल्ड एथलेटिक्स फैमिली ईमेल द्वारा अपना वोट डालेंगे। वहीं, प्रशंसक वर्ल्ड एथलेटिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए ऑनलाइन मतदान कर सकेंगे। वर्ल्ड एथलेटिक्स ऑफ द ईयर के लिए मतदान 28 अक्टूबर को समाप्त होगा। विश्व एथलेटिक्स परिषद के वोट नतीजे के 50 प्रतिशत के लिए गिने जाएंगे जबकि वर्ल्ड एथलेटिक्स फैमिली के वोट और जनता के वोट अंतिम परिणाम के 25 प्रतिशत के लिए गिने जाएंगे। 11 दिसंबर को वर्ल्ड एथलेटिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विजेता के नाम की घोषणा की जायेगी।

### टीम के पास सर्वश्रेष्ठ कर अभी भी नॉकआउट में क्वालीफाई करने का समय है: लाबुशेन

**लखनऊ :** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा है कि पिछले मैचों में मिली हार की निशारा से निकले हुए टीम के पास अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल कर और नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने का अभी भी समय है। लाबुशेन ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम मैदान में लचर थी और बल्ले से भी ज्यादा लय हासिल करने में नाकाम रही और गुरुवार को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका से हारकर लगातार दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार हार के कारण ऑस्ट्रेलिया ऐसी स्थिति में है जहां वे अपने शेष सात ग्रुप मैचों में चूक नहीं करनी है। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया को अब भारत में अपने अंतिम सात ग्रुप मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करने की आवशच्कता होगी। तभी वह अभूतपूर्व छठे खिताब का दावा कर सकेगी। ऐसा करने की उनकी खोज तब शुरू होगी जब वे सोमवार को लखनऊ में श्रीलंका से भिड़ेंगे और लाबुशेन को भरोसा है कि उनकी टीम जल्दी ही उनकी किस्मत बदल सकती है। ऑस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका से 134 रनों से हार के बाद लाबुशेन ने कहा, ''हम इस प्रदर्शन को लेकर निराश हो सकते हैं, हम कई चीजों को लेकर निराश हो सकते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि आप चेंजिग रूम में बैठकर नाराज नहीं हो सकते।''

**उपलब्धि** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के सलामी बल्लेबाज

# शुभमन गिल बने सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

- गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो पारियों में 178 रन बनाऐ
- गिल ने पिछले महीने भी तीन अर्धशतक बनाए थे




एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के खिताब से नवाजा है। गिल को सितंबर महीने में एकदिवसीय मुकाबलों में 80 की औसत से 480 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच से एक दिन पहले शुभमन गिल को 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है।

गिल को सितंबर में उनकी शानदार फॉर्म के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्होंने एशिया कप में 75.5 की औसत से 302 रन बनाए थे इसमें फाइनल में बनाए गए नाबाद 27 रन भी शामिल है। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया था। गिल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो पारियों में 178 रन बनाकर महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के अपने दावे को और मजबूत किया। उन्होंने सितंबर में एशिया कप के दौरान बंगलादेश के खिलाफ 121 रन बनाने के बाद, दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 104 रन बनाए थे। गिल ने पिछले महीने भी तीन अर्धशतक बनाए थे और उस दौरान आठ पारियों में केवल दो बार पचास से कम पर आउट हुए थे। उन्होंने 35 एकदिवसीय मैचों में 66.1 के औसत और 102.84 के स्ट्राइक रेट से 1917 रन रिकॉर्ड बनाया है और वह आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिग में नंबर दो पर हैं। उल्लेखनीय है गिल इन दिनों डेंगू के पीड़ति होने के कारण विश्वकप के पहले दो मुकाबले नहीं खले सके है।

### दूसरा फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट शनिवार से




एजेंसियां

**जालंधर:** पंजाब के जालंधर मे दूसरा फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट 14 अक्टूबर से सुरजीत हॉकी स्टेडियम बाल्टर्न पार्क में खेला जाएगा। स्टार क्लब की प्रबंध सचिव अरविन्दर कौर रोजी ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुरजीत हॉकी सोसायटी, जालंधर के सहयोग से आयोजित इस एक दिवसीय दिवसीय फाइव-ए-साइड महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट में स्टार क्लब (पटियाला), एवर ग्रीन क्लब (मुहाली), ज्योति क्लब (जालंधर), शहीद भगत सिह क्लब (होशियारपुर), शेरे पंजाब क्लब (मुक्तसर), माता साहिब कौर क्लब (लुधियाना) और महाराजा रणजीत सिह क्लब (अमृतसर) सहित कुल आठ टीमें भाग लेंगी। रोजी ने बताया कि इस फाइव-ए-साइड मास्टर्स महिला हॉकी टूर्नामेंट में क्रमशः 35 से अधिक आयु वर्ग, 40 से अधिक आयु वर्ग और 45 से आयु वर्ग की खिलाड़ी भाग लेंगी। स्टार क्लब की महासचिव कुलविंदर कौर रोज़ी के अनुसार, यह 'फाइव-ए-साइड' हॉकी टूर्नामेंट 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ' के नारे तहत हॉकी इंडिया द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर तहत खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि ओलंपियन राजिंदर सिंह, द्रोणाचार्य अवार्डी और मुख्य हॉकी कोच सुबह नौ बजे टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे।

### अटापट्टू सितंबर माह की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर



**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टा को सितंबर महीने के 'खिलाड़ी ऑफ द मंथ' के खिताब से नवाजा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को यहां क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू को सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा है। श्रीलंका की महिला कप्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी पहली सीरीज जीती थी। वह तीन महिला टी-20 मुकाबलों में दो में शीर्ष पर रहीं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अटापट्टू ने सीरीज में 114 रन बनाने और पांच विकेट कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। उन्होंने सितंबर में पांच महिला टी-20 और तीन एकदिवसीय पारियो में 26 के औसत से 208 रन बनाए। उन्होंने सफेद गेंद प्रारूप में 26.6 की औसत से पांच विकेट भी लिए।

### महिला फुटबॉल टीम ओलंपिक क्वालीफायर से पहले सऊदी अरब में लेगी प्रशिक्षण




एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम इस महीने के अंत में उज्बेकिस्तान में खेले जाने वाले एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला ओलंपिक क्वालीफायर से पूर्व प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन दौरे के लिए 14 अक्टूबर को सऊदी अरब के लिए रवाना होगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय टीम सऊदी अरब में कुछ मैत्री मैच खेलेगी और 23 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान के लिए रवाना होगी। सऊदी अरब दौरे के लिए भारतीय सीनियर महिला टीम इस प्रकार है:- गोलकीपरः सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, अनीशा। डिफेंडरः आशालता देवी लोइटोंगबम, स्वीटी देवी नगांगबम, रितु रानी, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, मनीसा पन्ना, शिल्की देवी हेमम, जूली किशन, अस्तम ओरांव। मिडफील्डरः प्रियंगका देवी नाओरेम, अंजू तमांग, इंदुमथी कथिरेसन, संगीता बासफोर, अवेका सिंह। फॉरवर्डः ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, रेनू, संध्या रंगनाथन, बाला देवी नगंगोम, संजू, प्यारी ज़ाक्सा। मुख्य कोचः थॉमस लेनार्ट डेननरबी।

## खेल जगत अपडेट्स »

### मेसी ने फार्म में आकर फिटनेस चिताओं को किया दूर



**ब्यूनस आयर्स :** लियोनेल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो हाल के सप्ताहों में मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह एस्टाडियो मोनुमेंटल में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ की जगह मैदान पर आये। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने तुरंत एल्बीसेलेस्टे को आक्रमण में अधिक प्रवाह प्रदान किया और टीम ने पराग्वे को 1-0 से हरा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे। उन्होंने कहा, ''यह बहुत कठिन क्वालीफायर था।'' पराग्वे हमेशा कठिन होता है क्योंकि वे जगह ढूंढते हैं और गेंद को तेजी से मूव करते हैं। उन्होंने कहा, ''फिर भी, हमारे पास बहुत सारे मौके थे और सौभाग्य से, अंत में लक्ष्य आ गया। हम यहां तीन अंकों के साथ जाएंगे और यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।''

### न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज का किया फैसला

**चेन्नई :** न्यूजीलैंड बनाम बंगलादेश आईसीसी विश्वकप के 11वें एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में न्यूजीलैंड की ओर से कप्तानी करने आए केन विलियमसन ने शुक्रवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। दोनों ही टीमों ने आज के मुकाबले के लिए एक-एक बदलाव किये है। विलियमसन को विल यंग की जगह टीम में शामिल किया हैं। इसलिए न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र ओपनिंग कर सकते हैं। बंगलादेश ने भी महेदी हसन की जगह महमूदुल्लाह को मौका दिया हैं।

# विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर का टीजर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म सैम बहादुर का टीजर रिलीज हो गया है देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी जा रही है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल निभा रहे है। फिल्म सैम बहादुर का जबरदस्त टीज़र रिलीज कर दिया गया है। टीजर में विक्की कौशल के अलावा सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी नज़र आ रही हैं। फातिमा सना शेख फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में हैं। टीज़र की शुरुआत में विक्की कहते हैं, एक सोल्जर के लिए उसकी जान से ज्यादा कीमती होती है उसकी इज्जत, उसकी वर्दी, और एक सोल्जर अपनी वर्दी की इज्जत के लिए अपनी जान भी दे सकता है। एक सीन में इंदिरा गांधी ,सैम से कहती हैं, सोल्जर्स की ड्यूटी है अपने देश के लिए जान देना। इस पर सैम बहादुर कहते हैं, सोल्जर्स की ड्यूटी है देश के लिए दुश्मन की जान लेना। सैम बहादुर फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म एक दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

## करियर की बुलंदी पर पहुंचे विजय वर्मा

### फिल्म 'दहाड़' के लिए एशियन अकादमी क्रिएटिव अवार्ड्स में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीत



एजेंसियां

**मुंबई:** रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय द्वारा निर्देशित 'दहाड़' में सोनाक्षी सिन्हा, विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह हैं। इस शो का प्रीमियर 73वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ और इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। फिल्म को प्रशंसकों और आलोचकों से अच्छी समीक्षाएं मिलीं। इस बीच, विजय वर्मा ने प्राइम वीडियो शो में सीरियल किलर के रूप में अपने प्रदर्शन के लिए एशियन अकादमी क्रिएटिव अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - भारत का पुरस्कार जीता है।क्राइम थ्रिलर ड्रामा, दहाड़ से सोनाक्षी सिन्हा का डिजिटल डेब्यू हुआ, जिसमें वह एक उग्र महिला पुलिसकर्मी की भूमिका निभाती हैं, जो एक भीषण हत्या के मामले को सुलझाने का प्रयास करती है। विजय वर्मा ने सीरियल किलर की भूमिका निभाई थी। उन्होंने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - भारत का पुरस्कार जीता। एक्सेल मूवीज के इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, 'एशियाई अकादमी पुरस्कारों में उत्साह। विजय वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रोडक्शन बैनर की आधिकारिक पोस्ट को एक कैप्शन के साथ पुनः साझा किया, जिसमें लिखा था, 'इतना बड़ा सम्मान! एशियाई अकादमी को धन्यवाद।'दहाड़ एक आठ भाग का अपराध नाटक है जो एक छोटे शहर के पुलिस स्टेशन में उप-निरीक्षक अंजलि भाटी और उनके सहयोगियों पर आधारित है। यह सब तब शुरू होता है जब महिलाओं की एक श्रृंखला रहस्यमय तरीके से सार्वजनिक बाथरूम में मृत पाई जाती है। सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी को जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

प्रथम द्दष्टया, ये मौतें स्पष्ट रूप से आत्महत्याएं प्रतीत होती हैं, लेकिन जैसे-जैसे मामले सामने आते हैं, अंजलि को संदेह होने लगता है कि कोई सीरियल किलर खुला है। इसके बाद एक अनुभवी अपराधी और एक कमजोर पुलिस वाले के बीच बिल्ली और चूहे का दिलचस्प खेल होता है, जिसमें वह एक और निर्दोष महिला की जान गंवाने से पहले सबूतों को एक साथ जोड़ देती है।

## क्या प्रभास से बॉक्स ऑफिस पर भिड़ने से घबरा गये शाहरूख खान

# टाल दी अपनी मोस्ट अवेटिड फिल्म 'डनकी'



एजेंसियां

**मुंबई:** हर कोई शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डनकी' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। फिल्म ने अपनी घोषणा के बाद से ही उम्मीदें बढ़ा दी हैं और चारों ओर चर्चा के साथ, दर्शकों का इसकी रिलीज का इंतजार भी खत्म हो गया है। राजकुमार हिरानी को लेकर जहां अफवाहों का बाजार गर्म है, वहीं अब यह पुष्टि हो गई है कि फिल्म की रिलीज नहीं टाली जाएगी।

सालार बनाम डंकी वह क्लैश है जिसकी चर्चा पूरी इंडस्ट्री में थी। व्यापार विशेषज्ञों की राय है कि यह आर्थिक रूप से एक बुरा कदम था क्योंकि दोनों फिल्मों को लगभग 30 प्रतिशत का नुकसान होगा। शाहरुख खान और प्रभास के फैन क्लब भी बदसूरत प्रशंसक युद्ध में शामिल हो गए। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, एक पोर्टल ने बताया कि डंकी को 2024 तक स्थगित किया जा सकता है। ऐसा लगता है कि पोस्ट प्रोडक्शन के मोर्चे पर कुछ काम बाकी है। डेडलाइन पूरी होने पर ही टीम फिल्म रिलीज कर पाएगी। यह देखते हुए कि शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी किसी फिल्म को अंतिम रूप देने को लेकर कितने खास हैं, देरी होने पर निर्णय में बदलाव हो सकता है।

## मशहूर फिल्म निर्माता पीवी गंगाधरन का निधन

एजेंसियां

**मुंबई:** मशहूर फिल्म निमार्ता पी.वी. गंगाधरन का शुक्रवार सुबह कोझिकोड में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। गंगाधरन के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। गंगाधरन का सुबह छह बजकर 30 मिनट पर निधन हो गया। गंगाधरन 'गृहलक्ष्मी प्रोडक्शंस'के संस्थापक थे, जिसने कई फिल्मों का निर्माण किया। गृहलक्ष्मी प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित फिल्मों में 'ओरु वडक्कन वीरगाथा', 'अंगाड़ी', 'एकलव्यन','अच्विंते अम्मा'और 'कनाक्किनवु'शामिल हैं।

### दिग्गज अदाकारा भैरवी वैद्य का निधन

**मुंबई :** चोरी-चोरी चुपके-चुपके में सलमान खान और ताल में ऐश्वर्या राय के साथ काम कर चुकीं दिग्गज अदाकारा भैरवी वैद्य का निधन हो गया है। उन्होंने 8 अक्टूबर को अंतिम सांस ली। वह 67 वर्ष की थीं। उनकी बेटी जानकी वैद्य ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यह दुखद समाचार साझा किया और एक लंबा नोट लिखा। नोट में लिखा-'मेरे लिए तुम मेरी हो, माँ हो, माँ हो, मम्मी हो, छोटी हो, भैरवी हो।

## प्रदेश >> अपडेट

### महिला की गला रेतकर की हत्या

भीलवाड़ा : राजस्थान के भीलवाड़ा सदर थानान्तर्गत हलेड़ के निकट खण्डहर मकान में एक महिला की गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लक्ष्मणराम ने बताया कि हलेड़ के निकट प्रियदर्शिनी कॉलोनी के एक खण्डहर मकान में एक महिला का शव बरामद हुआ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कांग्रेस सरकार बनने पर मध्य प्रदेश में मिलेगा सबको न्याय : खडगे

नयी दिल्ली : कांग्रेस अध्यक्ष मिल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा के शासन से त्रस्त हो चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी तथा प्रदेश के सभी वर्गों के साथ न्याय होगा। खडगे ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्गों को कुछ ही दिनों में न्याय मिलने वाला है। पिछले 18 वर्ष के भाजपाई अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचारी कुशासन पर पूर्ण विराम लगेगा। इस बार जनता मध्य प्रदेश में पिछले दरवाज़े से अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार नहीं बनने देगी। इस बार दग़ाबाज़ों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में उनकी पार्टी बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत की ओर अग्रसर है। आज मध्य प्रदेश के विषय में केंद्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजपा सदैव से राजनीति में महिला भागीदारी की पक्षधर रही : आर पी एन सिंह

कुशीनगर : उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री कुंवर आर पी एन सिंह ने आज कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम 2023 महिलाओं की राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित होगा। यहां भाजपा जिला मुख्यालय पर आज स्वर्गीय राजमाता विजया राजे सिंधिया की जयंती पर आयोजित मार्गदर्शी महिला सम्मान समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार और योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार अनवरत महिला विकास हेतु कार्य कर रही है ।आधी आबादी की चिंता सदैव से मोदी जी के विचारों की प्रेरणा स्रोत रही है। लोकसभा और विधानसभा में महिला शक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए यह विधेयक पारित और अधिनियमित किया गया है।

### शिंदे से मिला राज ठाकरे का प्रतिनिधिमंडल

मुंबई : महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की और टोल वृद्धि और टोल बूथों और अन्य सुविधाओं पर भी मुद्दे उठाए हैं। प्रतिनिधिमंडल के साथ आए ठाणे के मुलुंड की हाउसिंग सोसायटी निवासियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की। टोल को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने मांग की कि ठेकेदार को अनुबंध के अनुसार टोल बूथों पर आवशयक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए, साथ ही आवशयक स्वच्छता सुविधाएं, एम्बुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं, क्रेन और शौचालयों की सफाई बनाए रखनी चाहिए। शिंदे ने एमएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक राधेशयाम मोपलवार को शुक्रवार से प्रतिनिधिमंडल के प्रतिनिधियों के साथ टोल बूथों पर सुविधाओं का निरीक्षण करें। जब मुख्यमंत्री के ध्यान में यह लाया गया।

**घोषणा**

## अमेरिकी मदद में गतिरोध के बाद यूरोप के देश सक्रिय हुए हैं

# चेक और डेनमार्क यूक्रेन को देंगे हथियार

- यूक्रेन को लगभग 50 पैदल सेना से लड़ने वाले वाहन और टैंक मिलेंगे
- पिस्तौल, राइफल, हल्की मशीन गन, स्नाइपर राइफल, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और निगरानी उपकरण मिलेंगे



राष्ट्रीय खबर

**कियेब:** चेकोस्लोवाकिया और डेनमार्क आने वाले महीनों में यूक्रेन को चेक उत्पादन लाइनों और स्टॉक से बख्तरबंद वाहन और अन्य हथियार उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे, डेनिश रक्षा मंत्रालय ने 12 अक्टूबर को घोषणा की। नई घोषित सहायता के पहले पैकेज के रूप में, यूक्रेन को लगभग 50 पैदल सेना से लड़ने वाले वाहन और टैंक, 2,500 पिस्तौल, 7,000 राइफल, 500 हल्की मशीन गन, 500 स्नाइपर राइफल, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और निगरानी उपकरण और एक अनिर्दिष्ट मात्रा में तोपखाने के गोले मिलेंगे। चेक रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों को उम्मीद है कि भविष्य की आपूर्ति में 500 भारी मशीन गन, 280 तोपें, 7,000 एंटी-टैंक हथियार, 10,000 हैंड ग्रेनेड, 60 मोर्टार और एंटी-ड्रोन सिस्टम भी शामिल होंगे। डेनमार्क के रक्षा मंत्री लुंड पॉल्सन ने कहा, यह उपकरणों का एक बड़ा दान है जिसकी यूक्रेन में बड़ी मांग है और जो डेनमार्क और चेक गणराज्य के बीच अनुकरणीय सहयोग के आधार पर संभव हुआ है। दरअसल अमेरिकी सैन्य मदद हासिल करने में गतिरोध उत्पन्न होने की वजह से नई रणनीति पर काम हो रहा है। सहमत योजना के आधार पर, यूक्रेन को चेक रक्षा कंपनियों से हथियार प्राप्त होंगे, जबकि डेनिश सरकार लागत वहन करेगी। चेक रक्षा मंत्रालय कोपेनहेगन और चेक रक्षा उद्योग के बीच मध्यस्थ के रूप में काम करेगा। प्राग ने कहा कि दान में आधुनिक चेक उपकरण और परिष्कृत हार्डवेयर दोनों शामिल होंगे जो पहले से ही यूक्रेन के सशस्त्र बलों के साथ उपयोग में हैं। चेक उप रक्षा मंत्री डैनियल ब्लेजकोवेक ने टिप्पणी की कि डेनमार्क के साथ सहयोग न केवल आने वाले महीनों में बल्कि 2024 में भी यूक्रेन के लिए समर्थन जारी रखने की अनुमति देगा।

इस बीच यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हालुशचेंको ने कहा है कि यूक्रेन ने सर्दियों में संभावित बिजली कटौती के लिए तैयारी की है, जो ऊर्जा क्षेत्र पर रूसी हमलों के कारण हो सकता है, और इसलिए, बिजली कटौती लंबे समय तक नहीं रहेगी। अगर बड़े पैमाने पर हमले होते हैं जो वास्तव में बिजली प्रणाली को महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाएंगे, तो बिजली कटौती संभव है। हालांकि, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ तैयार कर रहे हैं कि वे कम होंगे, और बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी जितना जल्दी हो सके। उन्होंने कहा, हम मोर्चे पर आगे बढ़ते हुए प्रतिक्रिया देंगे और निर्णय लेंगे।

## अमेठी में योगी ने साधा गांधी परिवार पर निशाना



एजेंसियां

**अमेठी:** उत्तर प्रदेश के अमेठी में चल रहे सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत करने हुए केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी के साथ मिलकर खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लगभग 613 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर आज जिले के कौहार स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के युवा खेल और अन्य प्रतिभाओं में दुनिया में नाम कर रहे हैं। इसी कड़ी का एक हिस्सा अमेठी में आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिता भी है। बड़े गर्व की बात है कि इस प्रतियोगिता में 01 लाख 11 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले के सासद यहां चुनाव के समय वोट मांगने आते थे। स्मृति ईरानी की तरफ संकेत करते हुए कहा कि आपकी वर्तमान सांसद महीने में 15 दिन में हफ्ते में अमेठी आया करती हैं। अमेठी वासियों को किसी ने किसी योजना के माध्यम से जोड़कर उन्हें लाभ पहुंचाने का काम वर्तमान सांसद द्वारा लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री ने अमेठी में आयोजित खेल प्रतियोगिता की सराहना की।

### गांधी परिवार ने सबको ठगा

## कमलनाथ गांधी परिवार को ही ठग रहे: शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की ओर से मध्यप्रदेश में स्कूली बच्चों के लिए पढ़ो-पढ़ाओ योजना की घोषणा को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि गांधी परिवार ने पहले सबको ठगा, पर कमलनाथ अब गांधी परिवार को ही ठग रहे हैं और लगातार पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से झूठ बुलवा रहे हैं। चौहान ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि गांधी परिवार ने पहले सबको ठगा था, लेकिन अब तो कमलनाथ गांधी परिवार को ही ठग रहे हैं। कल उन्होंने मंडला में मती वाड्रा से जैसे घोषणाएं करवाईं, वे अपने भाषण में घोषणाएं करके बैठ गईं, फिर कहा कि एक और करो, एक और करो। अब ये भी नहीं पता कि मती वाड्रा ने ये घोषणाएं करने के पहले पढीं भी या नहीं। चौहान ने कटाक्ष करते हुए कहा कि मती वाड्रा ने मंच से ये कहा कि उन्हें शिक्षा संबंधित घोषणा अभी:अभी बताई गई है। उसमें भी कमलनाथ बार-बार करेक्शन करवा रहे थे। मती वाड्रा ने इस योजना में पहले हर साल शब्द बोला, लेकिन तभी पार्टी नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हर साल नहीं हर महीना। इस पर मती वाड्रा ने तुरंत टोकते हुए कहा कि इसमें तो हर साल लिखा हुआ है। इसी क्रम में चौहान ने कहा कि इससे कांग्रेस की गंभीरता पता चलती है। पार्टी के नेताओं ने पहले योजना में हर साल लिखा, लेकिन जब उन्हें लगा कि हर साल से काम नहीं चलेगा तो उसे फौरन हर महीना करवा दिया। कांग्रेस को प्रदेश से लेना:देना कुछ है नहीं, अपने नेताओं से वोट के लिए झूठ बुलवाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी राहुल गांधी से कहलवाया गया कि कर्जमाफी होगी, नहीं तो मुख्यमंत्री बदल देंगे। बेचारे गांधी तो कह के चले गए। कांग्रेस के नेता अपने नेताओं से जबर्दस्ती चीजें पढ़वाते हैं, लेना देना उन्हें कुछ नहीं होता। चौहान ने कहा कि कांग्रेस की कंफ्यूज करो और वोट लो की नीति है। इन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं बंद करवा दीं। ह्यमामाह्ल का दिया जा रहा लैपटॉप और साइकिल भी बंद कर दीं। अब निशुल्क घर देने की बात कर रहे हैं। कमलनाथ सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में दिए जा रहे आवास लौटा दिए और अब फिर ठगने आ गए हैं।

## धन शोधन मामले में परवेज, मूनिस को अदालत ने किया तलब

एजेंसियां

**लाहौर :** पाकिस्तान में लाहौर की विशेष अदालत ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष परवेज इलाही और उनके पुत्र एवं पूर्व संघीय मंत्री मूनिस इलाही को तलब किया है। न्यायाधीश अब्दुल सत्तार लंगाह ने संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) और अदियाला जेल, रावलिपिंडी के अधीक्षक को इलाही को 23 अक्टूबर को पेश करने के निर्देश दिये हैं। पीटीआई अध्यक्ष के पुत्र मूनिस इलाही की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी जमा करते समय उनके अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उनका मुवक्किल देश से बाहर है। उन्होंने अदालत से पूर्व मंत्री को एक प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। न्यायाधीश ने हालाँकि पूर्व मंत्री के अधिवक्ता का अनुरोध अस्वीकार कर दिया और कहा कि एक आपराधिक मामले में एक संदिग्ध को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होना चाहिए था। न्यायाधीश ने अधिवक्ता को 23 अक्टूबर को अपने मुवक्किल की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और सह:संदिग्ध आमिर सोहेल के लिए गैर:जमानती वारंट जारी किया। अदालत पहले ही मूनिस के खिलाफ जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुकी है। एफआईए ने पहले अदालत को बताया था कि संदिग्ध को ब्रिटेन और स्पेन में उसके पते पर समन भेजने की रिपोर्ट विदेश मंत्रालय के माध्यम से प्राप्त हुई थी। इन रिपोर्टों के मुताबिक दोनों देशों में उनके पतों पर कोई भी उपलब्ध नहीं था। रिपोर्ट देखने के बाद न्यायाधीश ने मूनिस इलाही के लिए जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। एफआईए ने मूनिस और उसके परिवार के खिलाफ देश छोड़ने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग के तीन मामले दर्ज किए।

## इजरायली मिसाइलों ने लेबनान पर किया हमला

एजेंसियां

**बेरूत:** इजरायल ने चार पैट्रियट मिसाइलों के जरिए दक्षिणी लेबनान के चार शहरों में धमाका किया गया हालांकि हमले में किसी के हताहत होने की रिपोर्टें नहीं है। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन मिसाइलें मार्जेयुन और खियाम में तथा चौथी मिसाइल दक्षिण लेबनान के अल:मारी शहर में गिरी। इस दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कब्जे वाले सीरियाई गोलान के दक्षिण:पश्चिमी हिस्से पर एक आयरन डोम प्लेटफॉर्म से इन मिसाइलों के प्रक्षेपण की निगरानी की। यह देखते हुए कि लेबनान से इज़राइल की ओर कोई रॉकेट लॉन्च तो नहीं किया गया। लेबनानी सीमा से सटे सभी इज़रायली बस्तियों में कई मिनट तक सायरन बजता रहा, इसके बाद सीमा रेखा पर और अरकूब, मार्जेयुन के लेबनानी क्षेत्रों में लगभग दो घंटे तक इज़रायली लड़ाकू विमान उड़ान भरते रहे हैं। गौरतलब है कि शनिवार को हमास के हमले के समर्थन में इजरायली सैन्य स्थलों की ओर रविवार की सुबह लेबनान स्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा दसियों मिसाइलें दागे जाने के बाद लेबनान-इजरायल सीमा पर स्थिति बिगड़ गई।

**खुलासा**

## पश्चिमी मीडिया वह नहीं दिखा रहा जो यहां की सच्चाई है

# निर्दोष ही इस भीषण युद्ध में पिस रहे हैं

- हमलों का आदान-प्रदान हो रहा है
- खून और अंधेरा हम पर हावी हो रहा है
- बिजली गुल है, पानी दुर्लभ है




ओमर गालिब का लेख

**गाजा:** एक विस्फोटक की आवाज से मेरा घर हिल जाता है और मेरा लैपटॉप उड़कर टूटे शीशे और मलबे के बीच गिर जाता है। इसकी टिमटिमाती स्क्रीन को देखते हुए, मैं आह भरता हूं और खुद को एक और कंप्यूटर की मौत की घोषणा करने के लिए तैयार करता हूं। मैं इसे फर्श से धीरे से इकट्ठा करता हूं और इसे वापस जीवंत कर देता हूं। गाजा में, हम सभी पिछले पांच दिनों से समाचारों से चिपके हुए हैं, अविश्वास से देख रहे हैं क्योंकि हमलों और जवाबी हमलों का आदान-प्रदान हो रहा है और सीमा के दोनों ओर मौतें बढ़ रही हैं। हालाँकि हिंसा का हर दौर अलग-अलग तरह से शुरू होता है, यहाँ उन सभी का अंत एक ही तरह से होता है। फिलिस्तीनियों को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। हम एक दुखद अंत की निरंतर प्रत्याशा में रहते हैं।

हमारी बिजली गुल है, पानी दुर्लभ है, और मेरे घर के बाहर की हवा घने धुएं और तीखे बारूद से भर गई है। मेरा गला और आंखें जल रही हैं। रोटी के लिए बाहर निकलना बहुत खतरनाक है। 15 वर्षों से अधिक समय से दमघोंटू नाकाबंदी के तहत गरीब तटीय इलाके में रहने वाले गाजा पट्टी से कोई और क्या उम्मीद कर सकता है, जिसे कुछ लोग दुनिया की सबसे बड़ी खुली जेल कहते हैं। दुनिया देखती है कि हिंसा, खून और अंधेरा हम पर हावी हो रहा है। हम अभूतपूर्व और भयावह समय में हैं। लेकिन मेरे लिए और गाजा में कई अन्य लोगों के लिए, यह शांति, सुरक्षा और सम्मान के लिए दशकों से चले आ रहे, रुके हुए संघर्ष में एक और भड़कने जैसा महसूस होता है। मैं पश्चिमी मीडिया में जो देखता हूं - इजराइल के कब्जे, उसकी नाकाबंदी और हमारी पीड़ा को मिटाना - वह जो मैं अपनी खिड़की से बाहर देखता हूं उससे कोई समानता नहीं है। गाजा में लोग हमारे अनिश्चित भविष्य पर विचार कर रहे हैं। हम यह अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं कि यह सब आगे कितना सुलझेगा। हम अपने आपातकालीन किटों की सामग्री की तुलना करते हैं, जो भोजन और पानी में कटौती करने के अपने निर्देश के अलावा, इजराइल द्वारा हम पर की जा रही भारी हिंसा से लोगों को निकालने के लिए हमारी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए परिश्रमपूर्वक तैयार की गई है।

हम इतने तनाव से गुजरे हैं कि हम हमेशा आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त डिब्बाबंद भोजन और मेवे खरीदते हैं और फिर, पानी की कमी और यहां तक कि कटौती के कारण, हम हर बर्तन, पैन, जार और हर उस चीज को भर देते हैं जिसमें तरल पदार्थ होता है। हम बाहर नहीं भागेंगे। पड़ोसी अपनी जरूरत की आवश्यक वस्तुओं पर चर्चा करते हैं और जो कुछ भी वे बचा सकते हैं उसका व्यापार करते हैं। एक परिवार को अतिरिक्त डायपर मिले, दूसरे को प्रचुर मात्रा में ब्रेड मिली। एक मूक आदान-प्रदान में, जो बहुत कुछ कहता था, उन्होंने सहानुभूति की अनकही भाषा के माध्यम से एक दूसरे की सहायता की, एक ऐसे व्यापार का आयोजन किया जो किसी भी व्यापारिक सौदे जितना महत्वपूर्ण लग रहा था। वास्तव में हमारे पास भागने या भागने के लिए कहीं जगह नहीं है। इजराइल के बमों से बचने के लिए गाजा पट्टी में हमारे लिए कोई आश्रय या बंकर नहीं है। पश्चिमी सरकारों का पूर्वाग्रह और चयनात्मक आक्रोश कोई नई बात नहीं है। उन्होंने हमें कभी नहीं देखा या हमारी परवाह नहीं की क्योंकि हम साल दर साल, दशक दर दशक इजरायल के कब्जे, हिंसा और भेदभाव से पीड़ित रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को गाजा शहर खाली करने की दी चेतावनी

यरूशलम : इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा पट्टी शहर के निवासियों को तटीय परिक्षेत्र को खाली कर दक्षिणी क्षेत्र जाने का आदेश दिया। आईडीएफ की ओर से शुक्रवार सुबह जारी एक बयान में कहा गया, सुरक्षा और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी नागरिकों को दक्षिण क्षेत्र जाने का आान किया है। आईडीएफ ने गाजा के आम लोगों से कहा है कि वो अपनी सुरक्षा के लिए गाजा के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं। इजरायल ने उत्तरी गाजा के 11 लाख लोगों को इलाका खाली करने का निर्देश दिया है जिसे लेकर वहां अफरा:तफरी का माहौल है। इसके बाद आईडीएफ ने गाजा के लोगों के नाम एक बयान जारी कर कहा, आप शहर में दोबारा तभी वापस आएंगे जब अगला बयान जारी कर आपको शहर में आने की अनुमति दी जाएगी। हमास के आतंकवादी गाजा शहर के घरों में बनी सुरंगों और गाजा के निर्दोष लोगों के घरों के अंदर छिपे हुए हैं। लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए गाजा शहर के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं और अपने परिवार को हमास के उन आतंकियों से दूर रखें जो आपको ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। गौरतलब है कि गत शनिवार को हमास और इजरायल के बीच हमलों का दौर शुरू हुआ।

### हमास ने इजरायल को जमीनी हमले शुरू करने पर कीमत चुकाने की दी धमकी

गाजा : फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सशस्त्र शाखा अल:कसम ब्रिगेड ने गुरुवार को शपथ लेते हुए कहा कि यदि इजरायल गाजा पर जमीनी हमला करता है तो उसे उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अल:कसम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने कहा, उनका समूह ऐसे विकल्पों को तलाशेगा जिससे यदि इज़रायल गाजा में जमीनी हमले को अंजाम देने की हिम्मत करता है तो उसे उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और जान:माल का भारी नुकसान होगा। अल:कसिम को हमास के खूंखार ब्रिगेड के नाम से भी जाना जाता है, जिसकी स्थापना साल 1991 में की गई थी। यह ब्रिगेड गाजा में सक्रिय है। ओबैदा ने चेतावनी दी, हमारे पास भारी हथियार हैं जो हमें सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं जिसे दुश्मन ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा और हमारी ब्रिगेड दुश्मन की सेना को कुचल सकते हैं। ओबैदा ने कहा कि उनकी ब्रिगेड ने इजरायली जेलों में सभी फिलिस्तीनी कैदियों की अदला:बदली करने के लिए पर्याप्त इजरायली नागरिकों को बंदी बना रखा है।

### अफगानिस्तान में भूकंप के झटके

काबुल : अफगानिस्तान में एक बार फिर शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने यह जानकारी दी। एनसीएस के मुताबिक, अफगानिस्तान में आज सुबह भारतीय समयानुसार 6:39 बजे भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए। हालांकि भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते जान:माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गयी। भूकंप को केन्द्र 35.86 अक्षांश: और 68.64 डिग्री देशांतर तथा सतह से 50 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। इस सप्ताह देश में भूकंप को दूसरा झटका महसूस किया गया है। इससे पहले 11 अक्टूबर को पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात में 6.3 तीव्रता का तेज भूकंप आया था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप हेरात प्रांत की राजधानी से करीब 28 किलोमीटर दूर और सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। विनाशकारी भूकंप से 4000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और हजारों इमारतें जमींदोज हो गयी थी।

### 1600 आस्ट्रेलियाई नागरिकों ने स्वदेश वापसी के लिए पंजीकरण कराया: अल्बानीज

कैनबरा : ऑस्ट्रेलिया की सरकार इज़राइल, गाजा और वेस्ट बैंक में फंसे अपने नागरिकों को स्वदेश वापस लाने के लिए निरंतर काम कर रही है। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अल्बानीज ने कहा कि इस इजरायल, गाजा और वेस्ट बैंक में फंसे 1600 ऑस्ट्रेलियाई लोगों को लाने के लिए एक असाधारण लॉजिस्टिक अभ्यास किया जा रहा है। इन सभी नागरिकों ने स्वदेश वापसी के लिए अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तेल अवीव के बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से देश के ध्वजवाहक क्वांटास द्वारा संचालित दो मुफ्त उड़ानों को शुरू किया है, जिनमें से पहली शुक्रवार को 200 से अधिक यात्रियों के साथ रवाना होगी। उन्होंने बताया कि दो मुफ्त उड़ानों के बाद तीसरी उड़ान को किराए पर ली है। अल्बानीज़ ने मीडिया ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) को बताया कि युद्धग्रस्त क्षेत्र से सहायता प्राप्त प्रस्थान के लिए विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) में पंजीकरण कराने वाले 1,600 ऑस्ट्रेलियाई लोगों में से 19 गाजा में स्थित हैं।

### आज का इतिहास

- 1066 : हेस्टिंग्स के निकट विलियम के नेतृत्व में नॉर्मन सेना ने इंग्लैंड को हराया और वहाँ के राजा हेरॉल्ड द्वितीय की हत्या कर दी।
- 1240 : भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान की मौत हुई।
- 1322 : स्कॉटलैंड की सेना ने अंग्रेजी राजा एडवर्ड द्वितीय को हराया।
- 1643 : मुग़ल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का जन्म।
- 1758 : हचकिर्क की लड़ाई में ऑस्ट्रियाई सेना ने प्रशिया को हराया।
- 1882 : शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
- 1884 : प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
- 1933 : जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
- 1943 : जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1946 : हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1948 : इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
- 1953 : भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभावी हुआ।
- 1956 : डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
- 1964 : डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 35 वर्ष की उम्र में अमेरिकी समाज में रंगभेद के विरुद्ध अहिंसात्मक आंदोलन के लिए नोबेल शांति पुरस्कृत किया गया।
- 1981 : होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
- 1979 : जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ करीब एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।
- 1981 : क्रिकेट और भारतीय जनता पार्टी के नेता गौतम गंभीर का जन्म।
- 1999 : परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर।
- 2000 : अमेरिका ने पाकिस्तान सहित 22 देशों में अपने दूतावास बंद किये।
- 2002 : बुसान में 14वें एशियाई खेलों का समापन।
- 2007 : अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने चिकित्सा और कृषि क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए नेपाल को मंजूरी प्रदान की।
- 2008 : भारतीय रिजर्व बैंक ने म्युचुअल फंड्स की जरुरतों को पूरी करने के लिए अतिरिक्त 200 अरब रुपये जारी करने की घोषणा की।
- 2010 : दिल्ली में 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन।

## धू-धूकर जलने लगी बीच सड़क पर खड़ी बुलेट

रांची: कांग्रेस विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के सरकारी आवास के बाहर खड़ी एक बुलेट में अचानक आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही आग की लपटों ने बुलेट को पूरी तरह से अपनी आगोश में ले लिया। इसी बीच बुलेट से निकली आग के लपटे बिजली के तारों को जलाने लगी। आग की वजह से बिजली के तार टूट कर नीचे गिरने लगे, मौके पर अफरा तफरी मच गई, लोग इधर से उधर भागने लगे ट्रैफिक को भी बीच में रोक दिया गया।

**हाईकोर्ट** हाईकोर्ट ने कहा कि समन का समय बीत चुका है इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं

# सीएम हेमंत सोरेन की याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने की खारिज

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के समन को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट पिटीशन की सुनवाई हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले की सुनवाई हाईब्रिड मोड में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि समन का समय बीत चुका है इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

इससे पहले ईडी की ओर से एडीशनल सॉलीसीटर जनरल ऑफ इंडिया एसवी राजू ने भी कहा कि इस केस को निरस्त कर देना चाहिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट समन के मामले को डिसाइड कर चुकी है। वहीं हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट का हवाला देते हुए कहा कि अगर आप किसी मामले में आरोपी नही है, आपके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं है तबतक समन जारी नहीं किया जा सकता है। बता दें कि बीते 11 अक्टूबर बुधवार को हुई पिछली सुनवाई में सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता पी. चिदंबरम ने पक्ष रखा था।

उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से जो समन जारी किया गया है, वह एक गवाह के रूप में किया गया है या आरोपी के रूप में किया गया, इसकी जानकारी नहीं दी गई है साथ ही हेमंत सोरेन की ओर से अपनी संपत्ति की जानकारी उन्होंने दाखिल किए गए आईटी रिटर्न में दी है। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के पंकज बंसल वर्सेस केंद्र सरकार के मामले में कहा गया है कि ईडी के साथ सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है। हेमंत सोरेन के खिलाफ कोई क्रिमिनल ऑफेंस भी नहीं है और कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं है।

तो ऐसे में पीएमएलए के तहत उन्हें समन जारी करना गलत है।बता दें कि ईडी की ओर से पूछताछ को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को जारी किए गए समन को सीएम हेमंत सोरेन ने पहले सुप्रीम कोर्ट और बाद में सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर 23 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीएम की ओर से दाखिल की गई क्रिमिनल रिट पिटीशन में कहा गया है कि ईडी को समन के आधार पर उन पर कार्रवाई से रोका जाए। साथ ही ईडी को आगे कोई समन जारी नहीं करने करने का भी आग्रह कोर्ट से किया गया है। सीएम ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है।बता दें कि आईपीसी के तहत दर्ज किसी मामले की जांच के दौरान जांच एजेंसी के समक्ष दिए गए बयान की मान्यता कोर्ट में नहीं है, लेकिन पीएमएलए एक्ट की धारा 50 के तहत जांच के दौरान एजेंसी के समक्ष दिए गए बयान की कोर्ट में मान्यता है साथ ही ईडी को धारा 63 के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का भी अधिकार ईडी के पास है।

## आगामी पर्व-त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए झारखंड पुलिस के कर्मियों की छुट्टियां रद्द


**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:**इस महीने दुर्गा पूजा, दशहरा, दिवाली और छठ पूजा पर्व पड़ रहा है। अभी कुछ ही दिन बाद दुर्गा पूजा भी शुरू हो जाएगा। राजधानी रांची समेत राज्यभर में इसकी तैयारियां तेज हो गई है। शहर के अलग-अलग जगहों पर बड़े-बड़े पूजा पंडाल बनाए जा रहे है। एक तरफ दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है वहीं दूसरी ओर झारखंड पुलिस प्रशासन भी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा- व्यवस्था को लेकर तैयार है। दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में होगी जिसमें डीजीपी अजय कुमार सिंह, डीआईजी समेत कई अधिकारी और पदाधिकारी शामिल होंगे। आगामी पर्व त्यौहारों को देखते हुए राज्य के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। इसकी जानकारी गृह सचिव की ओर से एक आदेश जारी करके दी गई है आपको बता दें, बीते दिन यानी कि 12 अक्टूबर (गुरूवार) को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह सहित पुलिस मुख्यालय के कई अधिकारियों ने आगामी पर्व-त्यौहारों के मद्देनजर बैठक की थी। बैठक के दौरान डीजीपी के साथ राज्य के सभी जिला के एसपी के साथ कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली गई थी। वहीं सीएम हेमंत सोरेन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आज सभी जिला के डीसी, एसएसपी और एसपी के साथ बैठक करेंगे। आपको बता दें, दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां काफी तेजी से चल रही है। तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। वहीं दुर्गा पूजा के मद्देनजर पूजा पंडालों में भक्तों की बड़ी संख्या उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है इसे लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में सुरक्षा को लेकर कड़ी व्यवस्था की जा रही है। जिलेभर में अग्निशमन विभाग के दमकल को नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाएगा। इसके अलावे दुर्गा पूजा के दौरान होमगार्ड और प्रशिक्षु जवानों के साथ बम निरोधक दस्ता को भी विधि-व्यवस्था में लगाए जा रहे है। इसे लेकर झारखंड पुलिस विभाग में पदाधिकारियों और जवानों की छुट्टियां रद्द की गई है। ताकि दुर्गा पूजा के दौरान किसी तरह की कोई हताहत घटनाएं ना हो सकें।

## डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए निगम की खास तैयारी, 10 टीम का गठन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** दुर्गा पूजा के दौरान गंदगी और मलेरिया ना बढ़े इसके लिए रांची नगर निगम ने खास तैयारी की है। निगम और जिला मलेरिया विभाग ने इसके लिए कमर कस ली है। पूजा के दौरान मलेरिया और डेंगू के मामलों की खास निगरानी की जाएगी। जिससे किसी भी संभावित प्रकोप को तेजी से पहचाना जा सके और उसका समाधान समय पर किया जा सके। नगर निगम ने इसके लिए दस टीम का गठन किया है। हर टीम में पांच सदस्य होंगे, जिन्हें विशेष रूप से डेंगू निगरानी और लार्वा उन्मूलन का काम सौंपा गया है। इस काम के लिए नगर निगम के द्वारा कुल 400 से अधिक सफाई कर्मचारियों को 20 से 25 अक्टूबर तक पांच दिनों के लिए मुफ्त आवास और भोजन प्रदान किया जाएगा। निगम कर्मियों को मुफ्त आवास और भोजन इसलिए दिया जा रहा है क्योंकि दुर्गा पूजा के दौरान उनकी कार्य शिफ्ट बढ़ जाएगी। आम तौर पर, सफाई कर्मचारी दो शिफ्ट में काम करते हैं, लेकिन पूजा के दिनों में, वे तीन शिफ्ट में काम करेंगे। इसे लेकर उप प्रशासक रजनीश कुमार ने जानकारी दी। नगर निगम के पास नौ फॉगिंग मशीनें और 200 से अधिक छिड़काव मशीनें उपलब्ध हैं। जिससे पूरे शहर में प्रतिदिन छिड़काव व फॉगिंग कराई जाती है। रांची में इस साल लगभग 157 पूजा पंडालों के आसपास छिड़काव किया जाएगा।

## व्यवसायी विष्णु अग्रवाल ने जमानत अर्जी ली वापस

रांचीः बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनकी ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गयी थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में विष्णु अग्रवाल के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उनकी ओर से फ्रेश जमानत याचिका दाखिल की जायेगी। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट में हुई।

## झारखंड हाइकोर्ट ने जल संसाधन विभाग को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश




रांचीः स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना को राज्य सरकार द्वारा बंद किए जाने के खिलाफ संतोष कुमार सोनी की जनहित याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि स्वर्ण रेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक साढ़े छह हजार करोड रुपए खर्च हो चुके हैं। जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है। विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर भी व्यवस्था कर दी गई है। लेकिन इसी दौरान राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण ही बंद कर दिया। राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना का काम बंद करने का आदेश दिया था। जबकि इस योजना से हजारों लोगों का रोजगार सृजित होता। सिंचित भूमि के साथ-साथ पर्यटन दृष्टि से भी राज्य का विकास होना था। लेकिन सरकार के उदासीन रवैया के कारण यह योजना अधर में है। ऐसे में अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं निर्माण करने वाली कंपनी दिलीप बिल्डकॉन की तरफ से अवगत कराया गया कि उनके तरफ से जवाब दाखिल हो चुका है। मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी 2024 को होगी।

## संतोष राय समेत सात अपराधियों पर आर्म्स एक्ट के तहत चलेगा मुकदमा

रांचीः डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सुखदेवनगर थाना (काण्ड सं- 366/23) से सबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरान्त आमर्स एक्ट की धारा- 26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। सुखदेवनगर थाना के एसआई अरविन्द कुमार सिंह द्वारा समर्पित प्रतिवेदनों, परिचारी प्रवर (द्वितीय) का जाँच प्रतिवेदन तथा सिटी एसपी की अनुशंसा से संतुष्ट होकर डीसी ने काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त संतोष राय, रवि कुमार, दीपक कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अल्तमस अंसारी, सूरज कुमार और सुजीत कुमार के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है।

## मंदिर पर पथराव और गोलीबारी के केस में नवाब चिश्ती और शकील उर्फ कारू से जेल में पूछताछ करेगी:सीआईडी

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हिंसा के आरोपी नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील उर्फ कारू से सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) की टीम जेल में पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। सीआईडी दोनों से डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) कर रही है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सोची- समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गई। मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़फोड़ की गई। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गई। उनपर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गई। नवाब चिश्ती फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

**आरोप** जिला वन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों वसूली का आरोप

# चास अंचल कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी पर फर्जी जमाबंदी का आरोप, ईडी से शिकायत

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** बोकारो जिले के चास अंचल कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी पर रुपये लेकर फर्जी जमाबंदी के आरोप में रांची स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में लिखित शिकायत की गई है। लिखित शिकायत में बताया गया है कि बोकारो जिले के चास प्रखंड स्थित नारायणपुर मौजा (खाता संख्या 327) में वन भूमि एवं गैरमजरूआ खाते के भूमि को अंचल कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने मोटा रकम लेकर भू माफियाओं के नाम पर गलत तरीके से जमाबंदी कर दिया। जिला वन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों वसूली का आरोप लगाया है।

जिला वन पदाधिकारी कार्यालय से लगभग एक किलोमीटर की दूर स्थित नारायणपुर मौजा (खाता संख्या 317) में फोरलेन सड़क किनारे वन भूमि पर भू माफिया उमेश जैन एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य कराये जाने की बात कही गई है। इस अवैध निर्माण कार्य को बंद करके को लेकर जेएमएम चास नगर सचिव सुफल बाउरी ने 26 जुलाई को वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल बोकारो को पत्र लिखकर अवैध निर्माण को रोकने का आग्रह किया गया लेकिन अभी तक अवैध निर्माण कार्य नही रोका जा सका। इस मामले में 8 अगस्त को बोकारो अपर समाहर्ता को पत्र लिखकर अवैध जमाबंदी को रद्द करने का आग्रह किया गया। शिकायतकर्ता ने अंचल कार्यालय को भू माफियाओं को पैसा लेकर बचाने में मदद का आरोप लगाया है। जिला स्तर पर कार्रवाई नही होने पर 31 अगस्त को झारखंड के मुख्य सचिव को मेल के माध्यम से जमाबंदी रद्द कर अवैध निर्माण कार्य रोकने का आग्रह किया गया। लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई।

वर्तमान मे राजस्व कर्मचारी अशोक कुमार द्वारा खाता संख्या 317 में लगभग 30 से 35 व्यक्तियों का जमाबंदी रद करने का अनुशंसा किया है। लेकिन उन सभी जमाबंदी को बचाने के लिए अंचल कार्यालय के बडा बाबु मिथलेश पाठक अहम भूमिका निभा रहे हैं। मिथिलेश पाठक का संबंध राज्य के साथ राज्य के बाहर भी भूमाफियाओं एवं बिल्डरों से है। चास अंचल कार्यालय में प्रति महीना करोड़ों रुपए के अवैध उगाही का पैसा अंचल अधिकारी से लेकर राजस्व विभाग के उच्च पदाधिकारी तक को मिथिलेश पाठक के ही माध्यम से पहुंचता है। मिथिलेश पाठक एक ही पद पर कई वर्षों से बैठे हुए हैं।